जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

उदयपुर

Rashtradoot

फोनः- 2418945 फैक्सः- 0294-2410146 | वर्षः 33 | संख्याः 153 | प्रभात | उदयपुर, मंगलवार 7 अप्रैल, 2026 | आर.जे. 7202 | पृष्ठ 6 | मूल्य 2.50 रु.

## पायलट्स का "रैस्क्यु ऑपरेशन" अमेरिकी सेना की सबसे बड़ी और एकमात्र उपलब्धि है युद्ध में

### इस ऑपरेशन की सफलता केवल शौर्य व साहस की वीर गाथा नहीं, बल्कि मैचिंग टैक्नॉलजी, अति कठिन व सख्त प्रशिक्षण का नतीजा है और ट्रेनिंग निरन्तर बेहतर से बेहतर और उन्नत की जाती है

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- इस रैस्क्यु ऑपरेशन का मूल सिद्धांत है, अगर आप अमेरिकी सेना के किसी मिशन पर हैं, तो अमेरिकी सेना आपको भूलेगी नहीं, अकेला छोड़कर नहीं आएगी, बल्कि अपनी पूरी ताकत झोंक देगी, आपका रैस्क्यु करके, वापस लाने में।
- वर्तमान मिशन में अमेरिकी पायलटस् को एक सिग्नल भेजने का उपकरण दिया हुआ था, जो लगातार उनके लोकेशन की सूचना अमेरिकी की सेना को भेजता रहा।
- सिग्नल प्राप्त होते ही, "रैस्क्यु टीम" रवाना हुई, इन लोकेशन पहुँचने के लिए।
- पायलट तो आसानी से सुरक्षित निकाल लिया गया, पर, दूसरा अफसर जो अमेरिका की सेना में कर्नल था, सिग्नलिंग विशेषज्ञ था, 7000 फीट ऊंची पहाड़ी पर चढ़ गया तथा अड़तालीस घंटे इस पहाड़ी पर घने पेड़ों के बीच में छुपता-छुपाता रहा। उसके पास केवल एक पिस्तौल थी तथा ट्रैकिंग उपकरण थे उसकी लोकेशन की स्थिति क्षण प्रति क्षण अमेरिकी सेना को भेजने के लिए।
- मिशन के अंतर्गत ईरान के फील्ड पर दो हैलिकॉप्टर व कुछ हवाई जहाज तैनात थे, दोनों वायु सेना के अफसरों को तुरंत ईरान से बाहर ले जाने के लिए ।

नई दिल्ली, 6 अप्रैल। वर्तमान ईरान युद्ध में अमेरिका अगर किसी एकमात्र जीत का दावा कर गर्व कर सकता है, तो एफ 15 ई विमान, जिसे ईरान ने गिराया था, के दो पायलटों को ईरान क्षेत्र से बचाना।

यह कहानी है साहस की, सुनियोजित बचाव एवं प्रशिक्षण मिशन, और वास्तविक समय की जमीनी ऑपरेशन में तकनीक के सटीक मेल की। अमेरिका ने इस बचाव मिशन में लगभग 200 सैनिकों और उन्नत विमान और हेलीकॉप्टरों के बेड़े को तैनात किया था। अमेरिकी सेना ने अपने सभी बचाव कर्मियों और उपकरणों को उस प्रयास में लगा दिया, ताकि अपने दो सदस्यों को सुरक्षित वापस लाया जा सके।

ये परिणाम केवल साहसी जमीनी ऑपरेशन या भाग्य से नहीं मिले हैं, बल्कि ये वर्षों के कठिन और सघन प्रशिक्षण का परिणाम हैं। पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता कि भारतीय बलों के पास भी समान बचाव मिशन और प्रशिक्षण उपलब्ध है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## रक्षा निर्यात 38 हज़ार करोड़ रूपए के पार पहुँचा

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 अप्रैल। रक्षा मंत्रालय के आंकड़े दिखाते हैं कि भारत के रक्षा निर्यात 2025-26 में 38,424 करोड़ तक पहुँच गए, जो अब तक का सबसे उच्च स्तर है।

यह 2016-17 के 1,522 करोड़ से लगभग 25 गुना वृद्धि है, जो पिछले दशक में रक्षा निर्यात में तेज विस्तार को दर्शाता है।

निर्यात की प्रवृत्ति में मामूली उतार-चढ़ाव के बावजूद लगातार वृद्धि देखी गई है। रक्षा निर्यात 2018-19 में पहली बार 10,000 करोड़ के पार गया। महामारी के वर्षों में थोड़ी गिरावट आई, और 2021-22 से निर्यात तेजी से बढ़ने लगा। केवल 2023-24 से 2025-26 के बीच निर्यात 21,083 करोड़ से बढ़कर 38,424 करोड़ हो गया, जो भारतीय निर्मित रक्षा उपकरणों और प्रणालियों की बढ़ती मांग को दर्शाता है।

- यह अब तक का सबसे उच्चतम स्तर है, भारतीय हथियारों का सबसे बड़ा खरीददार म्यांमार है।

2016-2025 के बीच भारत के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'क्या चुनाव से पहले एक और पहलगाम ब्लूप्रिंट तैयार है भाजपा के पास'

### प.बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ के कोलकाता पर हमले के बयान और उस पर भाजपा की चुप्पी को लेकर सवाल उठाया

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक सभा में कहा कि पाक रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ कोलकाता पर हमला करने की धमकी देते हैं और कूच बिहार में रैली कर रहे मोदी क्यों इस पर कुछ नहीं बोले, क्या चुनाव से पहले एक और पहलगाम की तैयारी है।
- बनर्जी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, अगर कोई कोलकाता को निशाना बनाने की बात करेगा तो हम भारतीय चुप नहीं बैठेंगे, आप चुप बैठिए।
- ममता बनर्जी के इस चौंकाने वाले आरोप भाजपा प्रवक्ता ने पलटवार किया और कहा कि अल्पसंख्यकों को खुश करने के लिए ममता बनर्जी पहलगाम नरसंहार को स्क्रिप्ट कह रहीं हैं जिसमें पाक आतंकियों ने हिंदुओं की हत्या की थी।

नई दिल्ली, 6 अप्रेल। चुनावों से पहले एक चौंकाने वाले राजनीतिक हमले में, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी ने सवाल उठाया कि क्या भाजपा के पास चुनाव से पहले "एक और पहलगाम हमले" का कोई "ब्लूप्रिंट तैयार" है। भाजपा ने कहा कि तृणमूल प्रमुख की टिप्पणी अल्पसंख्यक वोट बैंक के तुष्टिकरण के लिए थी। भाजपा ने बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी को "हिंदू-विरोधी" बताया।

एक जनसभा को संबोधित करते हुए, बनर्जी ने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ की कोलकाता पर हमला करने की धमकी का उल्लेख किया और सवाल किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, जिन्होंने कल उत्तर बंगाल के कूचबिहार में रैली को संबोधित किया, ने इस धमकी पर प्रतिक्रिया क्यों नहीं दी।

उन्होंने कहा, "पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने कहा था कि वे कोलकाता को निशाना बनाएंगे। नरेन्द्र मोदी ने क्यों नहीं कहा कि हम कड़ा कदम उठाएंगे? इसका कारण क्या है? क्या ब्लूप्रिंट तैयार है? चुनाव से पहले एक और पहलगाम?"

बनर्जी ने यह भी चेतावनी दी कि अगर दिल्ली बंगाल के लोगों को निशाना बनाती है, तो बंगाल जवाब देगा। उन्होंने प्रधानमंत्री को सम्बोधित करते हुये कहा, "अगर कोई कोलकाता को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'राहुल गांधी के कहने पर खेड़ा ने फ़र्ज़ी पासपोर्ट पेश किया है'

### असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने पवन खेड़ा को इस दुस्साहस पर जेल भेजने की धमकी दी

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- असम का चुनाव प्रचार कटुता के निम्नतम स्तर पर पहुँच गया है।
- हिमंता ने गौरव गोगोई की पत्नी की पाकिस्तान लिंक की बात दोहराई, पर, अपनी पत्नी रिंकी भूईयां के पास तीन पासपोर्ट होने के आरोप पर जोरदार बचाव किया।
- इधर कांग्रेस लगातार आरोप लगा रही है कि हिमंता और उनकी पत्नी के विदेशों में व्यवसायिक हित हैं। कांग्रेस ने चेतावनी दी, अगर ऐसा नहीं है तो हिमंता जाँच का सामना करने से क्यों डरते हैं?

नई दिल्ली, 6 अप्रैल। असम में मतदान से कुछ दिन पहले, चुनावी मुकाबला दिन-ब-दिन व्यक्तिगत होता जा रहा है, जिसके केन्द्र में असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा हैं। वर्तमान मुख्यमंत्री ने इन आरोपों का खण्डन किया है कि उनकी पत्नी रिंकी भुइयाँ के पास तीन पासपोर्ट (यूएई, मिस्र और एंटिगुआ-बारबडोस), दुबई में दो संपत्तियां और अमेरिका में शेल कंपनियां हैं।

जहाँ तक सरमा का प्रश्न है, उन्होंने कांग्रेस के दोनों नेताओं, पवन खेड़ा और गौरव गोगोई, पर हमला किया, जिन्होंने रविवार को यह आरोप लगाया था कि गोगोई के पास लंदन में एक संपत्ति है। इससे पहले, उन्होंने गोगोई की पत्नी एलिज़ाबेथ कोलबर्न के पाकिस्तानी आईएसआई के साथ कथित संबंधों को निशाना बनाया था। खेड़ा के बारे में, असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी ने खेड़ा को उनकी पत्नी (रिंकी भुइयाँ) से संबंधित नकली पासपोर्ट दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए तैनात किया है। सरमा ने कहा, "इसके लिए वे (खेड़ा) जेल जाएंगे।"

सोमवार को विवाद और बढ़ गया, जब गोगोई ने रिंकी भुइयाँ के खिलाफ "भगवद् गीता की शपथ" के तहत आरोप दोहराए और सरमा को भी ऐसा करने (गीता की शपथ लेने) की चुनौती दी। राहा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गोगोई ने मुख्यमंत्री से पूछाः "क्या आपकी पत्नी के पास दुबई के लिए गोल्डन वीज़ा है? क्या आप या आपके परिवार के सदस्य वहां संपत्ति के मालिक हैं? क्या आपके

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'पुडुचेरी का पूर्ण राज्य बनाएंगे'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 अप्रैल। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को पुडुचेरी केंद्र शासित प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का वादा किया।

लॉस्पेट में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा ने राज्य का दर्जा देने का वादा किया था, लेकिन उसने इसे पूरा नहीं किया।

- राहुल गांधी ने पुडुचेरी में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा, भाजपा ने वादा नहीं निभाया, पर हम निभाएंगे।

उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य को रिमोट कंट्रोल से चलाती है और राज्यपाल केवल लोगों की इच्छा को दरकिनार करने का माध्यम है। क्षेत्रीय नेताओं को किनारे किया गया है और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## नए वोटर्स के लिए पार्टी निष्ठा से ज्यादा महत्वपूर्ण हैं वादे और नतीजे

### पहली बार वोट डाल रहे युवा मतदाताओं से की गई बातचीत में शिक्षा व रोजगार के प्रति युवा वर्ग की चिंता उभरकर सामने आई

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- राज्य के प्रतिष्ठित कॉटन कॉलेज के द्वितीय वर्ष के छात्र मयूर प्रतिम बर्मन ने कहा कई छात्र खेलों व टैक्नॉलजी में अच्छा काम करते हैं पर उन्हें पर्याप्त अवसर नहीं मिलते हैं।
- शिक्षा विभाग अनुष्मिता चक्रवर्ती ने कहा, हालांकि वे आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन जो विद्यार्थी शिक्षा में अच्छा प्रदर्शन करते है उन्हें बेहतर अवसर मिलने चाहिए।
- पहली बार वोट डाल रहे हाजी ज़मान ने कहा, जो भी जीते उसे शिक्षा व विकास के लिए काम करना चाहिए। पूर्व सरकारों ने जो गलतियां कीं वे दोहराई नहीं जानी चाहिए।

नई दिल्ली, 6 अप्रैल। असम 9 अप्रैल को होने वाले उच्च दाँव वाले चुनाव की ओर बढ़ रहा है। युवा और पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं के लिए यह चुनाव केवल पार्टी निष्ठा का मामला नहीं, बल्कि परिणाम और युवाओं से जुड़े वादों को पूरा करने का विषय है।

प्रतिष्ठित कॉटन यूनिवर्सिटी में, जिसने अकादमिक, उद्यमिता और राजनीति के क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण व्यक्तित्व दिए हैं, छात्रों ने रोज़मर्रा की उन समस्याओं के बारे में बताया, जो उनके भविष्य को आकार देती हैं।

दूसरे वर्ष के राजनीति विज्ञान के छात्र मयूर प्रतिम बर्मन के लिए समस्या घर से शुरू होती है। उन्होंने सभी कैम्पसों की चिंता को साझा करते हुए कहा, "कॉटन कॉलेज विश्वविद्यालय बन गया, लेकिन बुनियादी ढांचे में अभी सुधार की जरूरत है। शिक्षा का विकास होना चाहिए। सीमित अवसरों के कारण छात्र पिछड़ जाते हैं।"

उन्होंने आगे कहा, "खेल और तकनीकी जैसे क्षेत्रों में कई छात्र उत्कृष्ट हैं, लेकिन उचित अवसरों की कमी के कारण वे पीछे रह जाते हैं। जो भी सरकार सत्ता में आये, हम उससे यह समस्या हल करने के लिए कहेंगे, ताकि ये छात्र अपनी प्रतिभा वाले क्षेत्र में बढ़ सकें और सफल हो सकें।"

शिक्षा विभाग की अनुष्मिता चक्रवर्ती ने कहा कि सामान्य वर्ग की छात्रा होने के कारण, उन्हें प्रवेश प्रक्रिया में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

हालांकि वे आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन उनका मानना है कि सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अच्छे प्रदर्शन वाले छात्रों को भी "निष्पक्ष अवसर" मिले। उन्होंने नीतियों के कार्यान्वयन में संतुलन और न्याय की जरूरत पर जोर दिया।

अन्य छात्रों, जैसे निश्चांत घोष, के लिए चिंताएं व्यापक, लेकिन आपस में जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा, "धर्म यहां कोई मुद्दा नहीं होना चाहिए। हम बेहतर रोजगार चाहते हैं, ताकि युवाओं को राज्य छोड़ना न पड़े। शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। सभी नए

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## लगातार दूसरे दिन पाकिस्तान सीमा पर सात करोड़ रूपए की हेरोइन मिली

श्रीगंगानगर, 6 अप्रेल (निसं)। भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर सोमवार को दूसरे दिन एक बार फिर हेरोइन मिली है। यहां भारत-पाकिस्तान बॉर्डर से सटे एक खेत में तीन पैकेट हेरोइन मिली, जिसका वजह करीब डेढ़ किलो है।

- सुरक्षा एजेन्सियों ने सीमा पर ड्रोन रोधी सतर्कता बढ़ाई।

हेरोइन की कीमत सात करोड़ रुपये आंकी गई है। बीएसएफ और पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर कार्रवाही शुरू कर दी। पूरे इलाके में सर्च अभियान चलाया गया।

प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि यह खेप भी पाकिस्तान की तरफ से ड्रोन के जरिए गिराई गई है। इससे पहले रविवार को करणपुर बॉर्डर क्षेत्र में बीएसएफ और पुलिस ने संयुक्त

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## असम की राजनीति में सदा से प्रभावशाली, नम्बर दो पोजिशन पर रहे हैं हेमंत बिस्वा सरमा

### पर, उनकी हृदय की नम्बर एक बनने की छुपी हुई महत्वाकांक्षा पूरी हुई 2021 में जब भाजपा ने उन्हें मु.मंत्री पद सौंपा तथा भाजपा के पुराने विश्वासी मु.मंत्री सरबानंद सोनोवाल को मु.मंत्री पद से हटने का आदेश दिया गया

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- 2021 के बाद मु.मंत्री हेमंत बिस्वा सरमा ने पाँच साल अपने आपको "प्रोजैक्ट" करने में लगाया कि अब वे पार्टी के रणनीतिज्ञ व "बैकरूम" राजनीतिज्ञ ही नहीं, बल्कि मु.मंत्री का चेहरा है तथा प्रशासन की धुरी हैं अतः 2026 का वर्तमान चुनाव उनके लिए अग्नि परीक्षा है।
- अभी तक तो यह ही लग रहा है कि वे अग्नि परीक्षा में पूरी तरफ सफल होकर निकल आएंगे। पर, नॉर्थ-ईस्ट व नेपाल की भांति, युवा पीढ़ी, सबसे अधिक निर्णायक भूमिका निभाएंगी राजनीति की दिशा का चयन करने में और क्या सरमा युवा पीढ़ी की सोच व आकांक्षाओं से भी उतनी अच्छी तरह परिचित हैं जैसा कि पुराने राजनीतिज्ञ और पीढ़ी के व्यक्तित्व से परिचित थे? इस प्रश्न का भी निर्णय हो जाएगा, चुनाव में।

नई दिल्ली, 6 अप्रेल। असम चुनाव 2026 हिमंता बिस्वा सरमा की परीक्षा है। हालांकि वह 1990 के दशक से असम की राजनीति में सक्रिय और बहुत दिखाई देने वाले नेता रहे हैं, यह चुनाव उनके लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि इस बार वह सत्ता में हैं और पार्टी का चेहरा भी हैं। भाजपा की पिछली दो जीतों का श्रेय भी बड़ी हद तक उन्हें दिया गया था। लेकिन 2016 में वे भाजपा में नए शामिल हुए थे, जिससे भाजपी की पहली जीत के बाद सर्वानंद सोनोवाल को मुख्यमंत्री बनाया गया था और 2021 में उनकी अगुवाई में पार्टी ने चुनाव लड़ा। उस समय हिमंता ने चुनाव भी नहीं लड़ा था, बल्कि पार्टी की जीत के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री पद संभाला।

लेकिन इस बार वे मैदान में हैं। पूरे पांच साल के कार्यकाल के बाद, वे भाजपा के लिए हैट्रिक की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उससे भी बढ़कर, वे यह राजनीतिक और व्यक्तिगत संदेश देना चाहते हैं कि वे केवल बैक-रूम नेता नहीं, बल्कि विजेता हैं। वर्ष 2026 में उनके लिए दांव हमेशा से अधिक ऊँचे हैं।

जब पूर्व असम मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हितेश्वर सैकिया 1980 के असम आंदोलन के बाद युवा नेताओं को पार्टी में लाने की कोशिश कर रहे थे, उन्होंने अपना आदमी हिमंता बिस्वा सरमा में पाया। उस समय एक युवा छात्र नेता के रूप में, सरमा ने कैंपस राजनीति में नाम कमा लिया था और वे प्रभावशाली "ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन" से जुड़े थे।

1991 में कांग्रेस में शामिल होने और 2015 में छोड़ने तक, वे सैकिया, और बाद में तरुण गोगोई, दोनों के लिए एक भरोसेमंद, सक्रिय नेता बने रहे। सरमा ने वित्त, स्वास्थ्य, लोक निर्माण जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों के मंत्री रहे और प्रमुख सरकारी योजनाओं को संचालित किया।

लेकिन वे हमेशा नंबर 2 ही रहे। वे एक ऐसे व्यक्ति थे, जिस पर शीर्ष नेताओं का भरोसा था। वे एक ऐसे व्यक्ति थे, जो काम पूरा करता था। भरोसेमंद सहायक, लेकिन जनरल या प्रमुख नहीं। वे उभरे, बढ़े, लेकिन शीर्ष तक नहीं पहुंचे।

जब 2011 विधानसभा चुनावों के बाद तरुण गोगोई का स्वास्थ्य बिगड़ने लगा, तो सरमा ने स्पष्ट रूप से मुख्यमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा जताई। जब उन्हें यह स्पष्ट हुआ कि गोगोई अपने बेटे को प्राथमिकता देंगे, न कि उन्हें, तो उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## राजस्थान में तेज बारिश, आंधी व ओलावृष्टि की चेतावनी

जयपुर, 06 अप्रैल। प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में बदलाव दर्ज किया गया है। सोमवार को चूरू और श्रीगंगानगर सहित, कुछ शहरों में हल्की से मध्यम बारिश हुई, जबकि अधिकांश क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहने से तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई।

मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, जयपुर संभाग तथा शेखावाटी क्षेत्र में नया मजबूत पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है। इसके प्रभाव से मंगलवार को इन क्षेत्रों के साथ, भरतपुर, कोटा और उदयपुर संभाग के कुछ भागों में मेघगर्जन, 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज

- किसानों को फसल व अनाज सुरक्षा स्थल पर या ढककर रखने की सलाह।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

CMYK

## विचार बिन्दु

उत्साह से बढ़कर कोई दूसरा बल नहीं है, उत्साही मनुष्य के लिए संसार में कोई भी वस्तु दुर्लभ नहीं है। –वाल्मीकि

# क्या ईरान दूसरा वियतनाम बनेगा?

28 फरवरी 2026 को इज़राइल और अमेरिका ने अचानक ईरान पर आक्रमण कर दिया। प्रारंभ में ऐसा लगता था कि यह युद्ध दो-चार दिन में समाप्त हो जाएगा और ईरान समर्पण कर देगा, किंतु 37 दिन के बाद भी युद्ध की तीव्रता में कोई कमी नहीं आई है। ईरान लगातार अमेरिकी सैन्य ठिकानों और इज़रायल पर मिसाइलें दाग रहा है। अमेरिका के लगभग 15 सैनिक मारे गए हैं और 500 के लगभग घायल हुए हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा प्रतिदिन विरोधाभासी बयान दिए जा रहे हैं। कभी वह स्वयं को विजेता घोषित करते हुए युद्ध विराम की बात करते हैं तो कभी ईरान को पाषाण युग में पहुंचाने की धमकी देते हैं।

हाल ही में अमेरिका के तीन फाइटर जेट विमान, ईरान ने मार गिराए। एक विमान का मलबा गिरने पर अमेरिका ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर जैसे-तैसे उसके दोनों पायलटो को बचा लिया। अमेरिका द्वारा हॉर्मूज स्ट्रेट को खोलने के लिए दिया गया 10 दिन का अल्टीमेटम मंगलवार को समाप्त हो रहा है। उसके बाद, किस प्रकार का हमला पुनः किया जाता है, यह देखना होगा। यह तो स्पष्ट हो ही चुका है कि ईरान हार मानने वाला नहीं है और बराबरी का मुकाबला लगातार अमेरिका से कर रहा है। यही नहीं, अब तो उसने इजरायल के सुरक्षा कवच को भेदते हुए उसके कई ठिकानों पर ताबड़तोड़ बमबारी भी की है, जिससे उसे बहुत क्षति पहुंची है। इजरायल-अमेरिका और ईरान के युद्ध को देखते हुए तो ऐसा लगने लगा है कि कहीं इस युद्ध का भी हश्र अमेरिका-वियतनाम युद्ध जैसा तो नहीं होगा? यह उल्लेखनीय है कि अमेरिका-वियतनाम का संघर्ष 1955 से 1975 तक यानि लगभग 20 वर्ष तक चला और अंततः अमेरिका को खाली हाथ अपने सैनिकों को वापस बुलाना पड़ा। इस अवधि में जहां लाखों वियतनामियों की जान गई वहीं 60000 अमेरिकी सैनिकों की भी मृत्यु हुई।

ईरान पर हमला करने का अमरीकी बहाना, ईरान को परमाणु बम बनाने से रोकना और वहां पर सत्ता परिवर्तन करके अपनी पसंद के लोगों को सत्ता में बिठाना था। यही गलती अमेरिका ने वियतनाम युद्ध के समय भी की थी। हाल ही में जब हम वियतनाम गए, तो वहां हमें बताया गया कि अमेरिका की सबसे बड़ी गलती यह थी कि उसने यह मान लिया कि उसकी लड़ाई वियतनाम की सेना से है। वह भूल गया कि वास्तव में अमेरिका की लड़ाई वियतनाम के लोगों के खिलाफ थी ।

लगभग वैसी ही स्थिति इस युद्ध में ईरान की है। ईरान की अधिकांश आबादी पूरी मजबूती के साथ वहां के शासको के साथ खड़ी हुई है और किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार है। इसके विपरीत, अमेरिका के बहुसंख्यक लोग ट्रंप के युद्ध के इस निर्णय के साथ खड़े हुए दिखाई नहीं दे रहे हैं। ट्रम्प का विरोध लगातार अमेरिका के प्रत्येक राज्य में बढ़ता जा रहा है। एक सर्वेक्षण के अनुसार ट्रंप के युद्ध के निर्णय के साथ 35 प्रतिशत लोग हैं और 65 प्रतिशत लोग उससे असहमत हैं। यह सर्वमान्य तथ्य है कि जब तक देश की सारी जनता सरकार के पीछे नहीं खड़ी हो, तब तक किसी भी युद्ध में अधिक समय तक टिके रहना सरल नहीं है, चाहे आपके पास कितनी भी अधिक सैन्य शक्ति क्यों न हो । इस समय, ईरान को परोक्ष रूप से रूस और चीन का समर्थन मिल रहा है, किंतु ईरान की स्वयं की भी जबरदस्त सैन्य शक्ति का प्रदर्शन इस युद्ध में हुआ है। ऐसा विरला ही देखने में आता है कि किसी देश के सर्वोच्च नेता एवं उसके साथ 40 प्रतिशत बड़े नेताओं और सैन्य अधिकारियों को युद्ध के प्रारंभ में ही मार दिए जाने के बाद भी देश के मनोबल में कोई अंतर नहीं आए। ऐसा ही ईरान के साथ हुआ है । यही नहीं, वह उतनी ही तीव्रता के साथ में अमेरिका के खाड़ी देशों में स्थित सैन्य ठिकानों पर मिसाइलें दाग कर उन्हें नष्ट करने का में लगा हुआ है । ईरान द्वारा इजरायल में भी कई महत्वपूर्ण इमारतों पर बमबारी की गई है जिसमें अनेक नागरिक हताहत हुए हैं।

इस समय, अमेरिका की ऐसी स्थिति सांप-छछूंदर वाली हो गई है । वह न आगे बढ़ सकता है न पीछे जा सकता है। अब वह इस स्थिति से उबरने का बहाना ढूंढ रहा है। पहले अमेरिका ने हॉर्मूज जल डमरूमध्य पर कब्जा करने की बात कही थी, किंतु इस बारे में वह कुछ कर नहीं पाया और निरंतर इस पर ईरान का अधिकार बना हुआ है । वह जिसे देश को चाहे, उसके तेल वाहक जहाजों को जाने दे रहा है और जिसे नहीं चाहता उसे रोक रहा है। हॉर्मूज स्ट्रेट बंद होने से अमेरिका में गैस की कीमतें लगभग 30 प्रतिशत बढ़ गई हैं । गैस के दाम 3 डॉलर प्रति गैलन से बढ़कर 4 डॉलर से अधिक हो गए हैं। इसके कारण अमीरीकी लोगों में काफी गुस्सा है । अमेरिका को NATO देशों का जो साथ मिलना अपेक्षित था, वह नहीं मिल रहा है । अमेरिकी लोग यहां तक कहने लगे हैं कि इस युद्ध में इजराइल का साथ देकर अमेरिका ने बहुत बड़ी गलती की है। ईरान के बंकरों में जो मिसाइलें रखी हुई हैं, उनको जो नुकसान हुआ उसे ठीक कर लिया गया है । यह इससे भी स्पष्ट होता है कि ईरान के हमले में कोई कमी नहीं आई है।

> **ईरान की अधिकांश आबादी पूरी मजबूती के साथ वहां के शासको के साथ खड़ी हुई है और किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार है। इसके विपरीत, अमेरिका के बहुसंख्यक लोग ट्रंप के युद्ध के इस निर्णय के साथ खड़े हुए दिखाई नहीं दे रहे हैं। ट्रम्प का विरोध लगातार अमेरिका के प्रत्येक राज्य में बढ़ता जा रहा है। ईरान द्वारा सभी खाड़ी देशों को कहा जा रहा है कि उन्होंने अमेरिका को अपने यहां सैन्य ठिकाने बनाने की अनुमति देकर गलत काम किया है।**

इस बीच इज़राइल ने लेबनान में भी बहुत नुकसान पहुंचाया है। वहां कई नागरिक मारे गए हैं। ऐसा लगता है कि अमेरिका और इसराइल ने ईरान के निवासियों को तबाह करने का निर्णय ले रखा है। इजरायल-अमेरिका की लड़ाई अब केवल ईरान के विरुद्ध लड़ाई नहीं रह गई है, बल्कि कई लोग इसे मानवता के विरुद्ध लड़ाई मान रहे हैं। सोशल मीडिया पर निर्दोष नागरिकों विशेषकर महिलाओं और बच्चों के मारे जाने के वीडियो प्रसारित हो रहे हैं। ईरान अब यह कह रहा है कि वह युद्ध को तभी रोकेगा जब अमेरिका में सत्ता परिवर्तन हो जाएगा। यह उल्लेखनीय कि अमेरिका ने ईरान में सत्ता परिवर्तन के उद्देश्य से उस पर आक्रमण किया था लेकिन अब स्थिति ठीक उलट होती दिखाई दे रही है। ट्रंप ने बौखलाहट में सेना के मुखिया और अटॉर्नी जनरल को हटा दिया है। एफबीआई के मुखिया काश पटेल को हटाने की भी खबरें आ रही हैं।

विश्व का जनमत भी धीरे-धीरे अमेरिका के विरुद्ध होता जा रहा है। निर्दोष, निरपराध ईरान और लेबनान के लोगों पर जिस प्रकार का कहर बरपाया जा रहा है, उसे किसी भी दृष्टि से न्यायोचित नहीं ठहराया जा सकता है। अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र संघ तो पहले ही अपनी प्रासंगिकता वर्तमान समय में खो चुके हैं। ट्रंप के राष्ट्रपति रहते हुए वैसे भी, किसी कानून, नियम आदि की मर्यादा का पालन करने की अपेक्षा करना ही बेकार है।

ईरान द्वारा सभी खाड़ी देशों को कहा जा रहा है कि उन्होंने अमेरिका को अपने यहां सैन्य ठिकाने बनाने की अनुमति देकर गलत काम किया है। जिस प्रकार से संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, बहरीन, ओमान आदि देशों ने अमेरिका का साथ दिया और उसे सैन्य ठिकाने अपने यहां बनाने दिए, उसकी कीमत वे अब चुका रहे हैं। ईरान इन देशों को इस्लाम विरोधी भी सिद्ध करने में लगा हुआ है।

आने वाले समय में अमेरिकी, इजरायली और यहां तक कि उनके समर्थन में आए देशों के नागरिक ईरान का निशाना बन सकते हैं। अमेरिकी दूतावासों एवं वहां की बड़ी-बड़ी कंपनियों की इमारतों पर भी हमले होने की आशंका बनी रहेगी। कुल मिलाकर, विश्व आतंक के साए में रहेगा। जितना लंबा यह युद्ध चलेगा उतनी ही अमेरिका के लिए स्थिति विकट होती चली जाएगी । हो सकता है, यह वियतनाम युद्ध की तरह भले ही 20 वर्षों तक न चले किंतु तब भी इतना नुकसान तो दोनों पक्षों को हो ही चुका होगा जिसकी भरपाई आने वाले कई सालों तक नहीं हो पाएगी।

अमेरिका के मध्यावधि चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के हारने की आशंका है। इसके बाद यह भी संभव है कि रिपब्लिकन पार्टी के अंदर से ही ट्रंप को राष्ट्रपति पद से हटाने की आवाज़ उठे। ट्रंप की बड़ी गलती यह हुई कि उसने देश को चलाने में और कंपनी को चलाने में अंतर करना नहीं समझा। वह एक सफल उद्योगपति और व्यवसायी अवश्य रहा होगा किंतु अमेरिका जैसे महत्वपूर्ण बड़े राष्ट्र के राष्ट्रपति के रूप में उसका चुना जाना विश्व की पूरी राजनीति के लिए संकट की स्थिति उत्पन्न करने वाला सिद्ध हो रहा है। यह देखना दिलचस्प होगा कि कैसे अमेरिका वर्तमान स्थिति से बाहर निकलता है और कैसे इस युद्ध पर विराम लगता है? युद्ध बंद होने के बाद भी ईरान की ओर से अमेरिका इज़राइल पर आक्रमण कम होंगे, इसकी संभावना कम है ।

इज़रायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू भी पिछले चुनाव में सत्ता से बाहर होते-होते बचे थे। उनके विरुद्ध, देश में बहुत बड़े स्तर पर प्रदर्शन हुए थे, किंतु संघर्ष के समय इजरायल के नागरिक, नेताओं से नाराजगी के बावजूद प्रधानमंत्री के निर्णय का विरोध नहीं कर रहे हैं। इसका अर्थ यह नहीं है कि वे नेतन्याहू के समर्थक बन चुके हैं ।

इस युद्ध के कारण भारत में भी गैस सिलेंडर और तेल की कमी दिखाई देने लगी है। गैस सिलेंडर की कीमत 3000 तक पहुंच गई है। ऊर्जा की कमी के कारण कई कल कारखाने भी बंद हो गए हैं। मजदूर बेरोजगार हो गए हैं जिसके कारण वे उत्तर प्रदेश और बिहार की ओर पलायन कर रहे हैं। यदि यह स्थिति लंबे समय तक बनी रही तो हजारों-लाखों लोगों के समक्ष जीवन यापन का भी संकट उत्पन्न हो जाएगा ।

भारत को प्रारंभ से नैतिकता के आधार पर अमेरिकी हमले का विरोध करना चाहिए था जो उसने नहीं किया। अमेरिका द्वारा ईरान पर हमला उसके आंतरिक मामलों में दखल ही था । भारत जैसे बड़े प्रजातांत्रिक देश से यह अपेक्षा की जाती है कि वह सच का साथ दे, किंतु भारत ने अमेरिका को नाराज़ न करने के लिए चुप्पी साध ली। यहां तक कि ईरान के सुप्रीम नेता और 40 अन्य की हत्या की भी निंदा नहीं की।

जब वियतनाम जैसा छोटा देश 20 वर्षों तक अमेरिका से संघर्ष करके, उसे अंततः वहां से वापस लौटने के लिए मजबूर कर सकता है तो फिर ईरान जैसे देश को हराना सरल नहीं है।

वियतनाम युद्ध समाप्त होने के 50 सालों बाद भी वहां की पीढ़ियां अभी तक युद्ध के दुष्परिणाम भुगत रही हैं। यही हाल जापान के हिरोशिमा और नागासाकी के लोगों का हुआ जिन पर अमेरिका ने 1945 में परमाणु बम गिराया था। दोनों पक्षों को सद्बुद्धि आए और वे यह संघर्ष बंद करें, इसकी हम कामना ही कर सकते हैं।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# सार्वभौमिक स्वास्थ्य की दिशा में राजस्थान का समग्र संकल्प

## विश्व स्वास्थ्य दिवस 2026....



गजेंद्र सिंह खींवसर

विश्वभर में हर वर्ष 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि स्वास्थ्य मात्र व्यक्तिगत विषय नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और नीतिगत प्राथमिकताओं का केंद्र है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित इस वर्ष की थीम सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के लिए वैश्विक कार्रवाई आज के समय की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है। यह थीम हमें एक ऐसी व्यवस्था विकसित करने के लिए प्रेरित करती है, जहां प्रत्येक नागरिक को बिना आर्थिक बोझ के गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हों।

राजस्थान जैसे विशाल, भौगोलिक रूप से विविध और सामाजिक रूप से बहुस्तरीय राज्य में सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज सुनिश्चित करना एक चुनौतीपूर्ण, लेकिन संभव लक्ष्य है। मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में हमारी सरकार ने इस दिशा में स्वास्थ्य को केवल चिकित्सा सेवाओं तक सीमित न रखकर उसे जीवनशैली, पर्यावरण, ऊर्जा, पोषण और सामाजिक सुरक्षा से जोड़ते हुए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाया है। सार्वभौमिक स्वास्थ्य की अवधारणा के अनुसार स्वास्थ्य सेवाएं केवल अस्पतालों और दवाइयों तक सीमित नहीं होनी चाहिए। स्वच्छ जल, पोषणयुक्त आहार, सुरक्षित कार्य वातावरण और प्रदूषण मुक्त जीवन से ही पूर्णतः स्वस्थ रहा जा सकती है।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य ने स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के साथ-साथ उन आधारभूत कारकों पर भी विशेष ध्यान दिया है, जो सीधे तौर पर जनस्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं। ठाामीण क्षेत्रों में किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराने की पहल इसी सोच का उत्कृष्ट उदाहरण है। पूर्व में किसानों को रात्रि के समय सिंचाई करने के लिए बाध्य होना पड़ता था। अंधेरे में खेतों में काम करना, जहरीले जीवों का खतरा, अत्यधिक ठंड या वर्षा के बीच कार्य उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक थीं। अब 24 जिलों में दिन के समय बिजली उपलब्ध कराए जाने से न केवल कृषि उत्पादन में सुधार हुआ है, बल्कि किसानों की जीवन गुणवत्ता और स्वास्थ्य में भी सकारात्मक परिवर्तन आया है। वर्ष 2027 तक सभी जिलों में इस सुविधा का विस्तार किया जाना प्रस्तावित है।

स्वास्थ्य की बात करते समय स्थानीय परिस्थितियों और जीवन की गुणवत्ता को भी उतना ही महत्व देना होगा। सुरक्षित कार्य वातावरण स्वयं में एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवा है। स्वच्छ और सतत ऊर्जा की दिशा में राजस्थान का बढ़ता कदम भी स्वास्थ्य सुरक्षा से गहराई से जुड़ा हुआ है। प्रधानमंत्री कुसुम योजना के माध्यम से राज्य में सौर ऊर्जा उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। लगभग 1961 मेगावाट क्षमता के सौर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं, जिससे राजस्थान देश में हरित ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी बनकर उभरा है। इसका सीधा प्रभाव पर्यावरणीय स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। थर्मल ऊर्जा पर निर्भरता कम होने से वायु प्रदूषण में कमी आई है, जिससे श्वसन संबंधी रोगों के जोखिम में गिरावट आई है। कार्बन उत्सर्जन में कमी जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को नियंत्रित करने में सहायक है, जो भविष्य में स्वास्थ्य संकटों को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस प्रकार, ऊर्जा क्षेत्र में सुधार भी स्वास्थ्य सुरक्षा का एक सशक्त माध्यम बन गया है।

सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज की दिशा में हमारी सरकार ने चिकित्सा सेवाओं को सुलभ, सस्ती और प्रभावी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। निःशुल्क दवा और जांच योजनाओं के माध्यम से आमजन को आर्थिक राहत प्रदान की गई है। स्वास्थ्य बीमा योजनाओं के विस्तार से गंभीर बीमारियों के उपचार का बोझ कम हुआ है। डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्रों में भी चिकित्सा सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय सुधार हुए हैं। संस्थागत प्रसव को बढ़ावा, पोषण कार्यक्रमों का विस्तार और टीकाकरण अभियान की सुदृढ़ व्यवस्था ने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्वास्थ्य केवल सरकारी योजनाओं से ही सुनिश्चित नहीं किया जा सकता। इसके लिए जनभागीदारी और जागरूकता भी उतनी ही आवश्यक है। स्वस्थ जीवनशैली अपनाना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, योग, स्वच्छता और मानसिक संतुलन अच्छे स्वास्थ्य के आधार हैं। राजस्थान में आयुष पद्धतियों योग, आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे आमजन की दवाइयों पर निर्भरता कम होगी और प्राकृतिक व संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित होंगे। यह दृष्टिकोण रोगों की रोकथाम में भी अत्यंत प्रभावी है।

सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज का एक महत्वपूर्ण पहलू आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा भी है। आर्थिक रूप से सक्षम व्यक्ति अपने स्वास्थ्य पर बेहतर ध्यान दे पाता है। किसानों को ऊर्जा के माध्यम से सशक्त बनाना, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाना और जीवन स्तर में सुधार करना अप्रत्यक्ष रूप से स्वास्थ्य को सुदृढ़ करते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की परिभाषा के अनुसार स्वास्थ्य मात्र बीमारी का अभाव नहीं, बल्कि एक समग्र शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कल्याण की अवस्था है। इसी सिद्धांत को आधार बनाकर राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का लक्ष्य एक ऐसे राजस्थान का निर्माण करना है, जहां प्रत्येक नागरिक स्वस्थ, सुरक्षित और सशक्त हो। जहां किसान उजाले में आत्मविश्वास के साथ कार्य करे, जहां स्वच्छ ऊर्जा से पर्यावरण सुरक्षित हो और जहां स्वास्थ्य सेवाएं हर व्यक्ति तक समान रूप से पहुंचें। इसी समग्र दृष्टिकोण के साथ राजस्थान सबके लिए स्वास्थ्य के लक्ष्य की ओर दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है।

**–गजेंद्र सिंह खींवसर,**
**स्वास्थ्य मंत्री, राजस्थान**

# कभी फ़रियाद न करने वाले गधे पालिये, उनके गुणों को सराहिये और राजनीत में सक्रिय रहिये



प्रो. वीर बहादुर सिंह

गधा नाम सुनते ही बहुधा लोग नाक मुंह सिकोड़ने लगते हैं ऐसा भाव शायद घृणावस और गधों के अमूल्य मानव हितकारी गुणों की अनभिग्यता होने के कारण। लेखक स्वयं पशुपालन और डेरी का छात्र रहा है इसलिए मेरा नजरिया सभी पशुओं को वैज्ञानिक तरीके से देखने और प्रत्येक के महत्व व् कार्य को मानव हित में परखने की दृष्टि ही सर्वोपर रहती है और अभी भी है। पाठकगण यह न समझें कि मैं किसी को गधा समझनें की कोई भूल कर रहा हूँ। ऐसा विचार कृपया अपने दिमाग में मत लाइए, ऐसी गुश्ताख़ी भला मैं कैसे कर सकता हूँ ? सबको सम्मान देने व् लेने का ही पक्षधर हूँ। वो अलग बात है कि हमारे अग्रज और शुभचिंतक बहुधा कभी कभी हमें ;गधा; कह देते हैं।

मैनें अपने प्रोफेशनल काल में श्री कृशन चन्दर लिखित इस सन्दर्भ में प्रकाशित दो पुस्तकें पढ़ी थी। एक का शीर्षक था :- 'एक गधे की आत्मकथा' और दूसरी का; 'गधे की वापिसी'। ये संधर्व देने का लेखक का मकसद क्या है यह पाठकगण विचार करते रहें। मेरा उद्देश्य तो केवल यह बताना है कि कुछ विचारशील और प्रकृति प्रेमीजनों ने गधों पर काफी पहले उपन्यास तक लिखे हैं। लेकिन यह विचार भी कभी न आये कि मैं उन्हें गधा समझता हूँ। और यदि वे हैं तो मुझे क्या आपत्ति, वे बने रहें। क्योंकि आगे लोग पढ़ेंगे कि गधे में अपने मालिक के हित में अगाध परिश्रम और सहनशीलता तो है ही, के अलावा अनेक गुण भी होते हैं। मनुष्यों में प्रेजिडेंट ट्रंफ अकेले ऐसे शक्तिमान व्यक्ति हैं जो अनेक गुणों से परिपूर्ण हैं वे बिना किसी भयंकर कारण के किसी भी राष्ट्र को हड़का सकते हैं, उसके व्यापार करने पर बंदिश लगा सकते हैं और अपना उद्देश्य पूर्ण न होने की हालत में राष्ट्रों को आपस में लड़ा सकते हैं, भीषण युद्ध करवा सकते हैं, सैंक्शन लगाकर समूचे राष्ट्र की बधिया बिठा सकते हैं वे सर्वशक्तिशाली प्रतीत होते हैं। अनेक गुण संपन्न प्रेजिडेंट ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल में बिना किसी बात के पश्चिमी एशिया में बृहत पैमाने पर खतरनाक युद्ध छिड़वा दिया है। तो मैनें देखा कतिपय बुद्धिजीविओं ने मीडिया पर उन्हें पागल राष्ट्रपति और गधा करार तक दे दिया,जो आंकलन में उचित नहीं बैठता, फिर भी यह उनकी अमेरिकन प्रजा का मामला है उस पर दूसरा कोई अन्यथा टिप्पड़ी कैसे कर सकता है ? प्रेजिडेंट ट्रम्प से मुझे कोई लेना-देना नहीं। मैं तो इसी से प्रसन्न हूँ कि हमारे देश के मोदी जी ने उन्हें एहसास करा दिया कि डिअर हम कायर नहीं हैं पहले भी नहीं थे, मुकाल्ते में मत रहिये प्रसिडेंट ट्रंप साहब, सब समय का खेल है। समय बड़ा बलवान होता है किसी भी शहंशाह का ताज सदैव शिखर पर नहीं रहने देता। भारतीय पौराणिक दृष्टांत इसके साक्षी हैं।

ऊँची वैचारिक परम्पराओं ने जब गधों पर उन्यास लिखवा दिए तो प्रसिडेंट्स साहब काल चक्र काफी घूम गया है। भारत के केस में यह अलग बात है कि भारतीय राजनीति में अब कुछ गधे और गधैयाँ उत्पन्न हो गए हैं। इसलिए आगे देखिये भविष्य में इनकी जनसँख्या कितनी और कैसे बढ़ती है, और फिर चुनाव से लेकर सम्पूर्ण देश की राजनीत कैसे बनते बिगड़ते स्थायुत्व को प्राप्त होती है अथवा नहीं?

प्रकृति में एक नियम और भी है कि जो जितनी जल्दी बढ़ता है वह उतनी ही जल्दी मिट जाता है। समझदार को इशारा काफी है। अरे, मैं फिर भटक गया प्रतीत होता हूँ। ख़ैर क्षमा करें। बात तो गधों की हो रही है। अब आगे बात करते हैं कि भारत में बढ़िया उत्कृष्ट नस्ल के गधे गुजरात के कच्छ प्रान्त में मिलते हैं। अन्य प्रांतों के अलावा तमिलनाडु, राजस्थान, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और अन्यंत्र भी गधे पाले जाते हैं। गधों की उपयोगिता भी कम नहीं है आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग और ईंट भट्टों तथा भवनों के निर्माण में सामग्री ढोनें में गधे खूब काम में लिए जाते हैं। घनी आबादी और पुराने शहर की सकरी गलिओं में जहाँ अन्य कोई वाहन निर्माण सामग्री ढोनें में सक्षम नहीं, गधे ही सामग्री और मलवे को धीरे-धीरे यथा स्थान पहुंचाने में सफल होते हैं।

लेखक ने अपने एक सम्पादकीय में चेन्नई में गधी के दूध की महत्वता के बारे में लिखा था। वहां एक शिशु अस्पताल के निकट कुछ दिन पूर्व ही ब्याई गधाइआं प्रतिदिन लाई जाती हैं जिनका दूध दो सौ-तीन सौ रुपये प्रति सौ ग्राम कीमत पर उन नवजात शिशुओं को डॉक्टर की सलाह पर पिलाया जाता है जिन्हे अपने माँ का और गाय आदि का दूध अनुकूल नहीं पड़ता। इस प्रतिकूलता के लिए एक से अधिक कारण गिनाये जा सकते हैं। इस बात से यह स्पष्ट होता है कि गधी का दूध पोषण, पोषक तत्वों की मात्रा और शिशु पाचन तंत्र में उसकी अनुकूलता की दृष्टि से किसी भी बात में नीचे नहीं होता। संभवतः गधे को उसके स्वभाव के कारण निम्न और निकृष्ट करार दे दिया गया जो उसके साथ मानव की घोर वेइन्साफ़ी है। लेखक की अनुसंशा है कि अन्य पशुओं, पक्षिओं, को प्रेम करने वाले और संरक्षण देने वाले संस्थान गधे के प्रति सहनशील बने ताकि गधों की घटती संख्या को रोका जा सके। लेखक ने कुछ वर्ष पूर्व गीताप्रेस के कल्याण मासिक पत्रिका में ;देसी गायों की घटती संख्या के लिए उत्तरदायी कौन; पर लेख लिखा था।

उसी प्रकार गधों को उनकी उपयोगिता और महत्व को देखते हुए उन्हें उचित सम्मान मिले जो सर्वदा वांछनीय है, यह लेख समर्पित है। आखिर में लेखक की प्रार्थना है कि सामजिक दृष्टि से किसी को गधा न कहें भले ही वह कार्य और व्यवहार में मूर्ख और गधा सदृश्य प्रतीत होता हो। चलते-चलते यह कह दूँ कि लोग विधायका और संसद के माननिओं को उचित सम्बोधन से ही आदर सम्मान दें अन्यथा नहीं।

**-प्रो. वीर बहादुर सिंह,**
**पूर्व अधिष्ठाता, डेरी एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय,**
**उदयपुर, राजस्थान।**

# रेलवे ने 2025-26 में रेलवे सुरक्षा बल के माध्यम से अभियान चलाया

**जोधपुर,** (कासं)। ट्रेनों में बिना कारण चेन पुलिंग करने वाले यात्रियों के खिलाफ रेलवे ने सख्त रुख अपनाते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 में रेलवे सुरक्षा बल के माध्यम से व्यापक अभियान चलाते हुए 725 लोगों को गिरफ्तार कर उनसे 2.81 लाख का जुर्माना वसूल किया है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि मंडल के वाणिज्य विभाग और रेलवे सुरक्षा बल के संयुक्त विशेष अभियान के तहत 744 मामले दर्ज किए गए। इनमें से 709 मामलों का निपटारा किया जा चुका है, जबकि 33 मामले अभी जांचाधीन हैं और 2 मामलों में एफआर दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि वाणिज्य विभाग और रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त टीमों द्वारा ट्रेनों, प्रमुख स्टेशनों और संवेदनशील रेलखंडों पर विशेष निगरानी रखी गई, जिससे संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई संभव हो सकी। कई आरोपियों को मौके पर ही पकड़ा गया, जबकि कुछ को बाद में पहचान कर गिरफ्तार किया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना वजह चेन पुलिंग करना रेलवे अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध है। इससे न केवल ट्रेन संचालन बाधित होता है, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ती है। अचानक ट्रेन रुकने से पीछे आने वाली कई ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित होती है, जिससे हजारों यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ती है।

रेलवे ने स्पष्ट किया है कि 'जीरो टॉलरेंस' नीति आगे भी जारी रहेगी और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। अभियान के दौरान टिकट चेकिंग स्टाफ ने यात्रियों को जागरूक करने में अहम भूमिका निभाई, वहीं आरपीएफ ने गश्त और विशेष ड्राइव के जरिए सख्ती बरती। इसके साथ ही रेलवे ने घोषणाओं, पोस्टर और अन्य माध्यमों से भी यात्रियों को नियमों के प्रति सचेत किया। इसके अतिरिक्त टिकट चेकिंग स्टाफ को भी ट्रेनों में अनावश्यक चेन पुलिंग करने वाले यात्रियों पर कड़ी नजर रखने के लिए निर्देशित किया गया है।

## राशिफल मंगलवार 7 अप्रैल, 2026



पंडित अनिल शर्मा

वैशाख मास, कृष्ण पक्ष, पंचमी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2083, ज्येष्ठा नक्षत्र बुधवार प्रातः 5:54 तक, व्यतिपात योग सायं 4:16 तक, तैतिल करण सायं 4:35 तक, चन्द्रमा बुधवार प्रातः 5:54 से धनु राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मीन, चन्द्रमा-वृश्चिक, मंगल-मीन, बुध-कुम्भ, गुरू-मिथुन, शुक्र-मेष, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह

आज व्यतिपात पुण्यं है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:22 से 10:56 तक, लाभ-अमृत 10:56 से 2:02 तक, शुभ 3:36 से 5:09 तक।

**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 6:15, सूर्यास्त 6:43

### मेष



अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। पारिवारिक कारणों से मानसिक तनाव रहेगा। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।

### वृष



व्यावसायिक/आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका धन प्राप्त होगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा।

### मिथुन



अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों का निपटारा हो सकता है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कर्क



परिजनों के व्यवहार के कारण दुःख हो सकता है। आज आवश्यक कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

### सिंह



घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। परिवार में आपसी मतभेद बढ़ सकते हैं, स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

### कन्या



परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। आज मित्रों/रिश्तेदारों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### तुला



व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### वृश्चिक



व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। महत्वपूर्ण मामलों में उचित परामर्श मिल सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### धनु



पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद हो सकते हैं।

### मकर



आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

### कुंभ



व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। चलते कार्यों में प्रगति होगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मीन



नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

## सार-समाचार

### खेत में पड़ी फसल में लगी आग

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर के मावली ब्लॉक की ग्राम पंचायत रख्यावल के राजस्व गांव विठौली में बीती रात एक किसान के खेत में रखी गेहूं की कटी फसल जल गई। इस आगजनि में करीब पौने तीन बीघा की फसल जलकर राख हो गई।इससे किसान को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार किसान हेमराज डांगी पुत्र गंगाराम डांगी ने फसल की कटाई कर गेहूं की पुलियां (गठरियां) खेत में एकत्रित करके रखी हुईं थीं।रात करीब 12 बजे अचानक फसल से लपटें उठने लगीं। पास ही दूसरे खेतों में थ्रेसर से गेहूं निकाल रहे किसानों ने आग देखी और तुरंत इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही खेत मालिक और अन्य ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे।ग्रामीणों ने कुओं की मोटरों की सहायता से पानी चलाकर आग पर काबू पाने की कोशिश की। काफी मशक्कत के बाद आग बुझाई गई लेकिन तब तक लगभग 30 से 35 बोरी गेहूं का नुकसान हो चुका था।गनीमत रही कि समय रहते आग देख ली गई वरना आसपास के अन्य खेतों में पडी फसलें चपेट में आ सकती थीं। घटना की सूचना पर घासा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया।पीडति किसान हेमराज ने बताया कि खेत के आसपास कोई बिजली की लाइन नहीं है जिससे शॉर्ट सर्किट की संभावना नहीं है। उन्होंने थाने में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट देकर कार्रवाई की मांग की है।

### दीवार ढहने से 21 बकरियों की मौत

**डूंगरपुर, (निसं)।** दोवड़ा थाना क्षेत्र के देवकी गांव में एक कच्चे मवेशी घर की दीवार ढह गई। इस हादसे में दबने से 21 बकरियों की मौत हो गई, जबकि 3 बकरियां और दो लोग घायल हो गए। घायलों को पास के अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। घटना देवकी गांव निवासी मोगा पारगी के कच्चे केलुपोश मवेशी घर में हुई। मवेशी घर की एक तरफ की दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। उस समय घर के बाहर खड़े दो व्यक्ति और दीवार की आड में छाया में बैठी बकरियां मलबे के नीचे दब गई। सूचना मिलने पर ग्राम पंचायत सत्तू की प्रशासक काली देवी, समाजसेवी शांतिलाल, ग्राम विकास अधिकारी नरेंद्र अहारी, पटवारी प्रवीण सिंह पंवार, पशु चिकित्सा विभाग से एलएस, सुभाष परमार और दोवड़ा पुलिस थाने से हैड कांनि. महेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटना स्थल का मुआयना किया और जानकारी जुटाई। मृत बकरियां मोगा पारगी परिवार की आजीविका का मुख्य साधन थी। बकरियों की मौत से परिवार के सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। अधिकारियों ने मौका पर्चा भी तैयार किया है।

### स्कूलों में स्वच्छता का संदेश व शपथ दिलाई जाएगी

**डूंगरपुर, (निसं)।** स्वच्छ भारत मिशन शहर प्रदेश ब्रांड एंबेसडर और नगर परिषद डूंगरपुर के पूर्व सभापति श्री के के गुप्ता ने कहा है कि डूंगरपुर नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में शहर के बच्चों का भी महत्वपूर्ण योगदान है। डूंगरपुर नगर आज भी स्वच्छता के नाम से जाना पहचाना जाता है और स्वच्छता के डूंगरपुर मॉडल का प्रदेश के कई निकाय अनुसरण कर रहे हैं। गुप्ता ने बताया कि उनके सभापति कार्यकाल के दौरान स्वच्छता महारैली का आयोजन किया गया था जिसमें नगर के 22373 स्कूली बच्चों ने भागीदारी निभाई थी। उस समय में नियुक्त जल मित्र और वृक्ष मित्र द्वारा नगर की सभी स्कूलों में जाकर बच्चों और शिक्षकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई जाती थी, इस नवाचार को पुनः प्रारंभ करते हुए डूंगरपुर नगर की सभी सरकारी और निजी स्कूलों में जाकर स्वच्छता का संदेश एवं शपथ दिलाने बाबत मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी डूंगरपुर से पत्र व्यवहार किया गया। जिसके तहत शिक्षा अधिकारी महोदय द्वारा आज नगर परिक्षेत्र की समस्त सरकारी और निजी स्कूलों के संस्था प्रधान के नाम विभागीय पत्र जारी किया गया है। विभागीय पत्र में बताया कि डूंगरपुर नगर स्वच्छता के नाम से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पटल पर पहचाना जाता है। नगर में स्वच्छता को धरातल पर उतारने हेतु नगर की स्कूलों में पढने वाले हजारों विद्यार्थियों का भी योगदान है। स्वच्छ भारत मिशन (शहर) के अंतर्गत गठित एक दल द्वारा नगर की सभी सरकारी और निजी स्कूलों में जाकर प्रार्थना सभा के पहले स्वच्छता का संदेश देते हुए विद्यार्थियों और शिक्षकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई जाएगी।

### पोस्टर का विमोचन

**उदयपुर, (कासं)।** जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जीतो) उदयपुर चेप्टर की ओर से एक विश्व, एक महामंत्र और शान्ति के लिए संगठित सर्व समाज की परिकल्पना लिए नवकार महामंत्र जाप का भव्य आयोजन आगामी 9 अप्रैल को फतह स्कूल ग्राउंड में किया जा रहा है। इसको लेकर सोमवार को नवकार महामंत्र के कार्यक्रम का पोस्टर का विमोचन किया गया। जीतो उदयपुर चैप्टर के चेयरमैन यशवंत आंचलिया एवं कार्यक्रम संयोजक व सकल जैन समाज के अध्यक्ष राजकुमार फत्तावत ने संयुक्त रूप से बताया कि मेवाड मोटर गली सूरजपोल स्थित वासुपूज्य दादावाडी जैन धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में पंजाब के राज्यपाल एवं चण्डीगढ प्रशासक गुलाबचंद कटारिया, शहर विधायक ताराचंद जैन, भाजपा नेता गुणवंत सिंह झाला, प्रेमसिंह शक्तावत, चन्द्रगुप्त सिंह चौहान, अतुल चण्डालिया, हरीश शर्मा, कृषि विश्व विद्यालय के पूर्व कुलपति उमाशंकर शर्मा, समाजसेवी राज लोढा, आकाश वागरेचा, अरूण माण्डोत, प्रकाश कोठारी, आलोक प्रगारिया, लेडिज विंग अध्यक्षा अंजली सुराणा सहित कई समाजजन मौजूद रहे।

### भुमिक ने जीता कांस्य पदक

**बांसवाड़ा, (निसं)।** आंध्रप्रदेश के गन्दुर में आयोजित राष्ट्रीय मीनी सब जुनियर तीरन्दाजी प्रतियोगिता में जिले के भुमिक निनामा ने राजस्थान तीरन्दाजी टीम से प्रतिनिधित्व करते हुए दिल्ली को हरा कर कांस्य पदक जीता हैं। निनामा ने जिला खेल स्टेडियम में नियमित अभ्यास करते हुए राज्य सरकार की पंच गौरव योजना का लाभ लेते हुए इस मुकाम तक पहुंचा हैं। भुमिक के पिता लालसिंह निनामा पुर्व अंतर्राष्ट्रीय तीरन्दाज एवं वर्तमान में राजस्थान पुलिस में एसआई के पद पर कार्यरत हैं।

# सुंदरसिंह भंडारी की जयंती पर 144 यूनिट रक्तदान

■ सुंदर सिंह भंडारी की जन्म जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**उदयपुर, (कासं)।** सुंदरसिंह भंडारी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से सुंदर सिंह भंडारी की जन्म जयंती पर सोमवार को एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मुख्य अतिथि पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया थे। इस शिविर में 144 यूनिट रक्तदान हुआ।

सुंदर सिंह भंडारी की जन्म जयंति पर सुंदरसिंह भंडारी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से जिनदत्त सुरी धर्मशाला में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष और शहर विधायक ताराचंद जैन ने बताया कि इस रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया थे। साथ ही इस मौके पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहे थे। इस मौके पर सुंदरसिंह भंडारी चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक, पूर्व अध्यक्ष और पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया ने सुंदर सिंह भंडारी की 104वीं जयंती पर आयोजित रक्तदान शिविर में उपस्थित नागरिकों एवं विभिन्न संगठनों समाज के प्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भारतीय जनसंघ से लेकर आज की विशाल वटवृक्ष रुपी भारतीय जनता पार्टी के 47 में स्थापना दिवस पर स्वर्गीय सुंदर सिंह भंडारी के जीवन समर्पण और लाखों लाखों कार्यकर्ताओं के निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने कहा कि उन्हें स्वण् भंडारी के साथ संगठन का कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ। कटारिया ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं को सेवा भाव एवं ईमानदारी से कार्य करना चाहिए। कटारिया ने ऐसे महान व्यक्ति की जयंती पर रक्तदान कर समाज के लिए पुण्य का कार्य करने वाले रक्तवीरों का आभार व्यक्त किया और कहा कि अभिमान से कोई भी काम मत करो। ईमानदारी और सेवा भाव से किया गया कार्य सभी जगह स्वीकार्य होता है, जिस संगठन से हम काम कर रहे हैं उसे संगठन की भी साख समाज में बढती है। सामान्य कार्यकर्ता बनकर जियो जिससे कार्यकर्ता भी आपका सम्मान करेंगे और संगठन भी आगे बढेगा।इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष और उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने भी स्व. सुंदरसिंह भंडारी के साथ किए गए कामों के संस्मरणों को याद किया और कहा कि किसी भी पद पर पहुंच जाएं पर जीवन हमेशा स्वण् भंडारी की तरह सादगीपूर्ण ही होना चाहिए। जैन ने पंजाब के गुलाबचंद कटारिया की सादगी का आभार जताते हुए कहा कि जब भी कटारिया जी को किसी भी छोटे काम के लिए याद किया तो उन्होंने कभी मना नहीं किया। जैन ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में आरएनटी के प्राचार्य डॉ. राहुल जैन की देखरेख में 144 यूनिट रक्तदान हुआ,जिसमें रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र भी दिया गया और यह रक्त जरूरतमंदों के काम आएगा।इस मौके पर केबिनेट मंत्री बाबूलाल खराडी, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा, देहात जिलाध्यक्ष पुष्कर तेली,ट्रस्ट के महामंत्री डॉ. उमाशंकर शर्मा, कोषाध्यक्ष कुंतीलाल जैन, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चन्द्रगुप्त सिंह चौहान, अतुल चंडालिया, रविन्द्र श्रीमाली, विद्यापीठ के वीसी प्रो. एसएस सारंगदेवोत, ललित तलेसरा, एडवोकेट रामकृपा शर्मा, चंचल अग्रवाल सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भूमि पूजन व शिलान्यास

**कपासन, (निसं)।** कपासन में प्राचीन गुलाब सागर के सौंदर्यकरण और मरम्मत कार्य का भूमि पूजन एवं शिलान्यास संपन्न हुआ। यह परियोजना अमृत योजना 2 के तहत लगभग 4 करोड़ 19 लाख रुपये की लागत से पूरी की जाएगी। इसे केंद्र सरकार, राज्य सरकार और स्थानीय नगर पालिका के संयुक्त सहयोग से विकसित किया जाएगा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अर्जुनलाल जीनगर और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मंजू देवी सोनी ने विधि-विधान के साथ भूमि पूजन किया और आधारशिला रखी। पंडित राजू व्यास ने मंत्रोच्चारण के साथ सभी धार्मिक अनुष्ठान संपन्न करवाए। इसके पश्चात शिलान्यास की आवरण पट्टिका का अनावरण भी किया गया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री अशोक चंडालिया, युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद बारेगामा, नगर मंडल अध्यक्ष राज विजयवर्गीय, जीएसएस अध्यक्ष नंदकिशोर टेलर, विकास बारेगामा, महिला मोर्चा अध्यक्ष रानी सिरोया, मुकेश पलौड़, सोहन खटीक, सुनीता सांवला आदि मौजूद रहे।

# पर्यावरण जागरूकता पर आयोजित दो दिवसीय कान्फ्रेंस आज से

■ देश-विदेश के डेढ़ सौ से अधिक प्रतिभागी करेंगे शिरकत

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान विद्यापीठ के शिक्षा संकाय लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, द्वारा सर्व विद्यालय केलवानी मंडल, काडी (गांधीनगर, गुजरात) के सहयोग से एनवायरमेंटल अवेयरनेस फ्रॉम नॉलेज टू एक्शन पर्यावरणीय जागरूकता: ज्ञान से क्रिया तक विषयक दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ मंगलवार को महाविद्यालय के सभागार में होगा।

कुलपति प्रो.एस.एस. सारंगदेवोत ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता को व्यवहारिक क्रियान्वयन तक ले जाना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता संरक्षण और सतत विकास जैसे मुद्दों पर वैश्विक स्तर पर गंभीर चिंतन की आवश्यकता है, जिसके लिए इस प्रकार के अंतरराष्ट्रीय मंच महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।प्रो. सारंगदेवोत ने बताया कि सम्मेलन में भारत के विभिन्न राज्यों केरल, तमिलनाडु, गुजरात और राजस्थान सहित मोजाम्बिक से भी प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। कुल प्रतिभागियों की संख्या लगभग 154 है, जो इस आयोजन को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप प्रदान करती है। यह सम्मेलन पर्यावरणीय चुनौतियों के समाधान हेतु ज्ञान, शोध और व्यावहारिक उपायों के समन्वय का महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। डीन प्रो. सरोज गर्ग ने बताया कि उद्घाटन सत्र में शिक्षाविद् एवं 'वॉटर मैन ऑफ इंडिया' के नाम से प्रसिद्ध डॉ. राजेंद्र सिंह मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार रखेंगे, जबकि यूनेस्को से जुड़े विशेषज्ञ डॉ. रामभुज विशेष अतिथि के रूप में संबोधित करेंगे।

सम्मेलन में मुख्य थीम के साथ दो दिनों तक आयोजित होने वाले विभिन्न तकनीकी सत्रों में एनवायरनमेंटल एजुकेशन एंड जनरल अवेयरनेस (पॉल्यूशन, डिफॉरेस्टेशन, फॉसिल फ्यूल्स, रिसोर्सेस डिप्लेशन, कार्बन फुटप्रिंट आदि) फॉर एनवायरनमेंटल कंजर्वेशन। भारतीय एंशिएंट टेक्नीक्स फॉर रीसाइक्लिंग एंड सस्टेनेबल एनवायरनमेंटल ग्रोथ। अल्टरनेटिव्स ऑफ फर्टिलाइजर्स एंड इनोवेटिव टेक्नोलॉजीज फॉर सॉल्विंग इकोलॉजिकल इश्यूज। रोल ऑफ इंस्टीट्यूशन्स एंड स्टेकहोल्डर्स टू मैनेज लोकल एरिया बायोडायवर्सिटी एंड रिलेटेड प्रॉब्लम्स। द इम्पैक्ट ऑफ करंट जियोपॉलिटिकल रिस्क ऑन द एनवायरनमेंट ग्लोबली एंड इट्स हार्मफुल इफेक्ट ऑन द वर्ल्ड यानी क्लाइमेट चेंज, ग्रीनहाउस गैसेज, ग्लेशियर्स, ओवरहीटिंग एंड हेल्थ इश्यूज। ह्यूमन इंटरफेरेंस विद द एनवायरनमेंट एंड बायोडायवर्सिटी अंडर थ्रेटरू कॉज एंड सॉल्यूशंस। फॉर पीस एंड प्रॉस्पेरिटी फॉर पीपल 17 एसडीजीज (ग्लोबल गोल्स) फॉर प्रोटेक्ट प्लैनेट एंड ऑल सस्टेनेबिलिटी। जैसे विषयों पर भी विचार विमर्श किया जाएगा।

## सार-समाचार

### जिला कलक्टर ने ली समीक्षा बैठक

**उदयपुर, (कासं)।** जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल ने सोमवार को सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। जिला परिषद सभागार में आयोजित बैठक में जिला कलक्टर ने ई-फाइलिंग, ई-डाक और संपर्क पोर्टल पर फोकस करने के निर्देश दिए। प्रारंभ में कलक्टर ने सभी अधिकारियों को परिचय लेते हुए विभागीय सेटअप और प्रमुख योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिकारियों को ई-फाइलिंग पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्य ई-फाइलिंग के माध्यम से ही किए जाएं। साथ ही उन्होंने जिला कलक्टर कार्यालय में भेजे जाने वाले दस्तावेज भी राजकाज के ई-डाक के माध्यम से ही भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने संपर्क पोर्टल को गंभीरता से लेने की हिदायत देते हुए कहा कि सभी अधिकारी संपर्क पर दर्ज शिकायतों के गुणवत्तायुक्त और समयबद्ध निस्तारण को आदत में शामिल करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रति सोमवार को होने वाली समीक्षा बैठक में संपर्क पोर्टल एवं जनसुनवाई के जुड़े प्रकरणों, मुख्यमंत्री प्रकोष्ठ, सतर्कता समिति, आयोगों के लंबित प्रकरणों, कोर्ट केसेज, बजट घोषणाओं और फ्लैगशिप योजनाओं, पंच गौरव कार्यक्रम आदि की गहनता से समीक्षा की जाएगी। इसके लिए सभी अधिकारी प्रॉपर तैयारी के साथ बैठक में उपस्थित रहें। उन्होंने राज्य स्तर से लंबित विषयों को भी समय-समय पर संज्ञान में लाने के निर्देश दिए, ताकि समय पर उनका निस्तारण कराकर आमजन को राहत दिलाई जा सके बैठक में एडीएम प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़, एडीएम सिटी जितेंद्र ओझा, नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना, प्रशिक्षु आईएएस सृष्टि डबास, युडीए सचिव हेमेंद्र नागर सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**डूंगरपुर, (निसं)।** वरदा थाना क्षेत्र में काकरी घाटी के पास एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बताया कि नौकना निवासी मोहनलाल ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के अनुसार, मोहनलाल का छोटा भाई महिपाल अपने दोस्त की बाइक लेकर सेलज जा रहा था। कांकरी घाटी से थोडा आगे आम के पेड के पास पहुंचने पर एक अज्ञात वाहन ने महिपाल की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि महिपाल बाइक सहित सडक पर गिर गया। उसे गंभीर चोटें आईंए जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचाया,जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा दूसरे दिन भी शांतिपूर्ण सम्पन्न

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित उप निरीक्षक एवं प्लाटून कमांडर सीधी भर्ती प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन उदयपुर में दूसरे दिन भी पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुआ। परीक्षा के सफल संचालन के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं, जिससे अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं परीक्षा समन्वयक दीपेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि सोमवार को परीक्षा की पहली पारी सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित हुई। इस पारी में कुल पंजीकृत 33 हजार 155 अभ्यर्थियों में से 18 हजार 472 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 14 हजार 683 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार उपस्थिति प्रतिशत 55.71 रहा। उन्होंने बताया कि दूसरी पारी दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की गई। इसमें भी कुल 33 हजार 155 अभ्यर्थियों में से 18 हजार 377 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 14 हजार 778 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पारी में उपस्थिति प्रतिशत 55.42 दर्ज किया गया। यह परीक्षा शहर के कुल 105 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई।

# एआई ट्रैफिक से 4 महीने में गुजरे 50 लाख वाहन

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर के फतहपुरा चौराहे पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित ट्रैफिक सिग्नल कंट्रोल सिस्टम की चार महीने की रिपोर्ट सामने आई है जिसमें इस अवधि के दौरान इस जंक्शन से करीब 50 लाख वाहन गुजरे हैं। यहां से प्रतिदिन 35 हजार वाहन दस घंटे में निकलते हैं। इससे वाहनधारियों का सर्कल पर खडे रहने का टाइम भी घटा और कार्बन उत्सर्जन भी कम हुआ है।

यह सिस्टम पूरी तरह से तैयार हो चुका है और पिछले चार महीने से इसको प्रयोग के रूप में देख लिया गया है। अब जल्द ही अभय कमांड सेंटर या जो भी स्थान उपलब्ध कराया जाएगा वहां इसका इंस्टालेशन कर दिया जाएगा। अभी कंपनी अपने स्तर पर इसका संचालन कर रही है। एआई आधारित ट्रैफिक प्रबंधन से जिस भी लेन में वाहन ज्यादा हो जाते है वहां एआई उस लेन की रेड लाइट को ग्रीन सिग्नल देता है।

5 नवंबर 2025 से 28 मार्च 2026 तक तक उदयपुर के फतहपुरा चौराहा के डेटा आए हैं। इसमें बताया कि यहां इस दौरान 50 लाख वाहन गुजरे हैं।इस रिपोर्ट के आधार पर प्रतिदिन 35 हजार और प्रति घंटे 3500 वाहन यहां से निकलते हैं।एआई ट्रैफिक प्रबंधन का कार्य प्रतिदिन 10 घंटे रहता है और ये डेटा उसी दौरान के हैं।एआई सिस्टम से हर दिन वाहन चालकों का औसत 2 से 6 घंटे का समय बचाया जा रहा है। जो आधे से 2 सैकेंड से बनता है,पहले इस चौराहा पर 150 सेकेंड मतलब ढाई मिनट का राउंड रहता था। अब जैसे ही जिस लाइन में ट्रैफिक ज्यादा है ऑटोमेटिक ही उसका सिंग्नल ग्रीन हो जाता है।अब हर राउंड में आधा सेकेंड और अधिकतम 2 सेकेंड बचते हैं जिसको दस घंटे की अविध से तुलना करें तो करीब 2 से 6 घंटे बच रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार इन आंकडों से यह साफ है कि रोजाना 40 से 45 लीटर फ्यूल भी बच रहा है क्योंकि ढाई मिनट के राउंड से वाहन स्टार्ट ही रहते थे।ट्रैफिक से कार्बन उत्सर्जन भी कम हुआ है। रेड लाइट पर इंजन चालू रहता था और राउंड लंबा होता था अब जल्दी से वाहन निकल जाते हैं।

ऐसे में ढाई से तीन टन कार्बन उत्सर्जन सेव किया है।सबसे ज्यादा वाहन सुखाडिया सर्कल की तरफ से आते हैं। फतहपुरा चौराहा पर सबसे ज्यादा वाहन सुखाडयिा सर्कल से आते हैं। ऐसे में एआई सिस्टम होने के बाद इस लेन में जो लंबा जाम लगता है उससे मुक्ति मिली है।आगे चेतक, अंबेरी, प्रतापनगर और दुर्गानर्सरी सहित करीब दस चौराहा पर एआई ट्रैफिक मैनेजमेंट व्यवस्था की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं।

### सांसद ने की जनसुनवाई और प्रशासन से संवाद

**राजसमंद, (निसं)।** सांसद महिमा कुमारी मेवाड ने भाजपा के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिला कार्यालय, राजसमंद में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में भीलवाडा सांसद दामोदर अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष जगदीश पालीवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष मान सिंह बारहठ एवं भाजपा के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सांसद मेवाड ने सांसद कार्यालय पहुंचकर जनसुनवाई की, जहां उन्होंने आमजन की विभिन्न समस्याओं को सुना। जनसुनवाई के दौरान जल, विद्युत, शिक्षा एवं व्यक्तिगत समस्याओं से जुडे मुद्दों पर चर्चा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने जिला कलेक्टर अरुण कुमार हसीजा एवं पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल से मुलाकात कर जिले से संबंधित विभिन्न विकासात्मक एवं प्रशासनिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।


**कार्यालय ग्राम पंचायत पालीदाणा, पंचायत समिति सायरा जिला उदयपुर (राज.)**

क्रमांक:- SPL दिनांक- 06.04.2026

-: ई निविदा सूचना- 07/2024-25 :-

इस ग्राम पंचायत में DMFT योजनान्तर्गत स्वीकृत निम्नांकित कार्यों की ई निविदाएं आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/जानकारी sppp.rajasthan.gov.in वeproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्रमांक | कार्य का नाम | UBN No |
|---|---|---|
| 1 | पुलिया निर्माण कार्य ओगा के के पास वाडो का खेत | ZUD2526UWSOB 05184 |
| 2 | उण्डेर | |

प्रशासक, ग्राम पंचायत-पालीदाणा, पं.स.- सायरा, जिला-उदयपुर (राज.)
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत-पालीदाणा, पं.स.- सायरा, जिला-उदयपुर (राज.)

**कार्यालय ग्राम पंचायत रावछ, पंचायत समिति सायरा जिला उदयपुर (राज.)**

क्रमांक:- SPL दिनांक- 06.04.2026

-: ई निविदा सूचना- 05/2024-25 :-

इस ग्राम पंचायत में DMFT योजनान्तर्गत स्वीकृत निम्नांकित कार्यों की ई निविदाएं आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/जानकारी sppp.rajasthan.gov.in वeproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्रमांक | कार्य का नाम | UBN No |
|---|---|---|
| 1<br>2 | रिटर्निंगवॉल निर्माण कार्य नदी फला पुलिया से वरली फला की ओर रावछ | ZUD2526UWSOB 05183 |

प्रशासक, ग्राम पंचायत-रावछ, पं.स.- सायरा, जिला-उदयपुर (राज.)
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत-रावछ, पं.स.- सायरा, जिला-उदयपुर (राज.)


# पिम्स में 1.8 किलो के प्रीमैच्योर बच्चे की दुर्लभ सर्जरी सफल

**उदयपुर,(कासं)।** पैसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पिम्स), उमरडा के पीडियाट्रिक सर्जरी (बच्चों की सर्जरी) विभाग ने एक बार फिर चिकित्सा क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता साबित की है। यहाँ के डॉक्टरों ने मात्र 1.8 किलोग्राम वजन वाले एक समय से पूर्व जन्मे (प्रीमैच्योर) नवजात बच्चे की खाने की नली का अत्यंत जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक पूरा कर उसे एक नया जीवन दिया है।

जगत (उदयपुर) निवासी एक परिवार के यहाँ इस शिशु का जन्म पिम्स अस्पताल में ही हुआ था। जन्म के तुरंत बाद ही पता चला कि बच्चे की खाने की नली (इसोफेगस) पूरी तरह विकसित नहीं है और वह श्वास नली से जुडी हुई है। चिकित्सा विज्ञान में इस दुर्लभ जन्मजात बीमारी को 'ट्रेकियो इसोफेजियल फिस्टूला' कहा जाता है, जो लगभग 3000 से 4000 नवजात बच्चों में से किसी एक को होती है।

पीडियाट्रिक सर्जन डॉ. अतुल मिश्रा ने बताया कि बच्चे का वजन बेहद कम (1.8 किलो) और समय से पहले पैदा होना इस सर्जरी में सबसे बडी चुनौती थी। इसके बावजूद, लगभग 3 घंटे तक चले बेहद बारीक ऑपरेशन के बाद बच्चे की खाने की नली को श्वास नली से अलग किया गया और उसे सही तरीके से आपस में जोडा गया। बच्चा अब पूरी तरह स्वस्थ है और उसे अस्पताल से छुट्टी (डिस्चार्ज) दे दी गई है। डॉ. मिश्रा ने बताया कि पिम्स अस्पताल में ऐसे ऑपरेशन नियमित रूप से होते रहते हैं, लेकिन इस केस की जटिलताओं को देखते हुए यह सफलता पूरी टीम के लिए एक बडी उपलब्धि है। इस चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन और इलाज में पीडियाट्रिक विभाग के डॉ. विवेक पाराशर, डॉ. राहुल खत्री के साथ-साथ निश्चेतन (एनेस्थीसिया) विभाग की डॉ. पिनू, डॉ. साक्षी, डॉ. कमलेश कंवर और नर्सिंग स्टाफ में रेशमा, अरुण, अशोक, राहुल, शिव व दीपक ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। पिम्स के चेयरमैन आशीष अग्रवाल ने इस बडी सफलता पर पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत इस बच्चे का पूरा इलाज बिल्कुल नि:शुल्क किया गया है।



फोटो-2 पिम्स अस्पताल में 1.8 किलो के प्रीमैच्योर बच्चे की सफल दुर्लभ सर्जरी की गई।

### 'छुट्टियां यथावत रखी जाएं'

**बांसवाड़ा, (निसं)।** राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर की जिला स्तरीय बैठक उपाध्याय पार्क में जिलाध्यक्ष वालजी अड की अध्यक्षता एवं सभाध्यक्ष सुरेन्द्र निनामा के सानिध्य में हुई। बैठक में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती को लेकर विचार विमर्श किया गया।

जिला महामंत्री मणिलाल यादव ने बताया कि वर्तमान समय में शिक्षा निदेशक जिस प्रकार से आदेश निकाल रहे हैं जिसमें छुट्टियों की अत्यधिक कटौतियां की जा रही है जिसको लेकर शिक्षा मंत्री के नाम जिला कलेक्टर डॉ इंद्रजीतसिंह यादव को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में शिक्षा विभाग ने सत्र 2026-27 का कैलेंडर जारी कर बड़े बदलाव किए गए है। जिसमें प्रिंसिपल पावर की एक छुट्टी कम की है जिसको यथावत दो छुट्टियां रखने, दीपावली की छुट्टियां 11 दिन की पूर्व की भाती रखने, सर्दी की छुट्टियां 1 जनवरी से, गर्मी की छुट्टियां के 10 दिन कम कर दिए जिसको यथावत 30 जून तक रखने जैसी मांगे शामिल है। बैठक में कोषाध्यक्ष कांतिलाल यादव, उपाध्यक्ष कल्याणसिंह निनामा आदि मौजूद रहे।

### बालिकाओं का किया सम्मान

**राजसमंद, (निसं)।** राजकीय बालिका उ.मा. विद्यालय में प्रधानाचार्य जगदीश चंद्र रेगर के नेतृत्व में नवप्रवेशी बालिकाओं का तिलक व उपरणा पहनाकर सम्मान किया गया। वरिष्ठ अध्यापक तुलसीराम सालवी ने बताया कि नव प्रवेशी बालिकाओं का सम्मान नवाचार प्रवेशोत्सव शिक्षा के प्रति रुचि बढाने और समाज में उनके प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने का अनूठा प्रयास है। इस दौरान खुशबू कुमावत के कक्षा 12वीं में प्रथम, कैलाशी पूर्बिया द्वितीय, विमला बंजारा तृतीय सहित रिंकू बंजारा, किरण सालवी, कुमावत का श्रेष्ठ अंक हासिल करने पर सम्मान किया गया।


**SBI** भारतीय स्टेट बैंक STATE BANK OF INDIA

सुरजपोल शाखा, सुरजपोल, उदयपुर, राजस्थान 313001
ई-मेल: sbi.31210@sbi.co.in

**संक्षिप्त वाहन ई-नीलामी नोटिस**

एतद्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से ऋणियों एवं जमानतदारों को नोटिस दिया जाता है कि बैंक ने पार्टियों द्वारा निष्पादित हाइपोथिकेशन/ऋण समझौते के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित बंधक मोटर वाहन को जब्त कर लिया है और वाहन को "जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा, और नीचे उल्लिखित खातों/खातों में देय राशियों की वसूली की जायेगी। उधारकर्ता/जमानतदार/वाहन/कुल बकाया/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी तिथि और समय, ईएमडी और बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया है-

| क्रं. सं. | ऋणियों/जमानतदारों के नाम एवं पते | कुल बकाया राशि | दृष्टिबंधक वाहन का विवरण | ई-नीलामी की दिनांक / ई-नीलामी का समय प्रारम्भ समय से समाप्ति समय / बोली जमा करने की अंतिम तिथि और समय | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि (ईएमडी) / बोली वृद्धि राशि | वाहन/चल संपत्ति की निरीक्षण तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती अज़ीज़ा दाऊद पत्नी श्री मितेश गौर 01-ए, दैत्य मगरी, अरिहन्त नर्सिंग कॉलेज के सामने, एक्सिस बैंक के पास, सहेली मार्ग, उदयपुर, राजस्थान 313004 | रूपये 6,63,267/- दिनांक 04.04.2026 को बकाया तथा इससे आगे का ब्याज व अन्य वसूली खर्चे इत्यादि। | श्रीमती अज़ीज़ा दाऊद पत्नी श्री मितेश गौर के नाम मारुति सियाज़ स्मार्ट हाईब्रिड डेल्टा, रजिस्ट्रेशन नं. RJ27CG2098, चेसिस नं. MA3FXEB1S00287326, इंजन नं. D13A3076533, ईंधन- डिज़ल/ हाईब्रिड, मॉडल 2017, कलर- डिजिनिटी ब्राउन का दृष्टिबंधक। | 13.05.2026 / दोपहर 02:00 बजे से सांय 06:00 बजे तक / दिनांक 12.05.2026 सांय 4:00 बजे से पहले | आरक्षित मूल्य- रूपये 3,00,000/- / धरोहर राशि- रूपये 30,000/- / बोली वृद्धि राशि- रूपये 2,000/- | 08.05.2026 सुबह 11:00 बजे से सांय 04:00 बजे तक |

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए वेबसाइट अर्थात https://baanknet.com देखें। इसके अलावा संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से मोबाईल नं. 8003890811 पर संपर्क कर सकते है।

दिनांक: 06.04.2026
स्थान: उदयपुर

हस्ता.
प्राधिकृत अधिकारी
भारतीय स्टेट बैंक

# रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार सास-बहू और बच्चे की मौत

## परिवार का मुखिया गंभीर रूप से घायल, शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे परिवारजन

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। बस की टक्कर से बाइक सवार एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे में सास-बहू और एक मासूम ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, बाइक चला रहा परिवार का मुखिया गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद बस सहित बस ड्राइवर फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार हादसा सोमवार दोपहर करीब 1.30 बजे गंगापुर सिटी-जयपुर हाइवे पर खूंटला और बाढ़ कलां के बीच हुआ। सभी लोग एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। गंगापुर सिटी सदर थाने के हैड कॉन्स्टेबल प्यारे लाल ने बताया कि गंगापुर सिटी काजी कॉलोनी निवासी साजिद (25) पुत्र फखरुद्दीन अपने परिवार के साथ डाबर गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। उसकी बाइक पर साजिद के साथ पत्नी नरगिस (22), बेटा अलमीर (1) और मां बानो (60) सवार थी। शहर से थोड़ी दूर निकलते ही गंगापुर सिटी-जयपुर हाइवे पर खूंटला और बाढ़ कलां के बीच दोपहर करीब 1.30 बजे एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी।



मृतकों की फाइल फोटो।

- **हादसे के बाद बस सहित मौके से फरार हुए बस ड्राइवर को पकड़ने के लिए पुलिस ने नाकाबंदी करवाई**

टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार सभी लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद राहगीरों की मदद से सभी मृतकों और घायलों को निजी वाहन से अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद नरगिस, उनकी सास बानो और मासूम अलमीर को मृत घोषित कर दिया। बाइक चला रहा साजिद गंभीर रूप से घायल है और उसका जिला अस्पताल में इलाज जारी है। साजिद मोबाइल रिपेयरिंग का काम करता है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। मृतकों के शवों को हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया गया है, जहां पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंपे गए। हादसे के बाद बस सहित मौके से फरार हुए बस ड्राइवर को पकड़ने के लिए पुलिस ने नाकाबंदी करवाई है।

# सीकर : बोलेरो ने बाइक को टक्कर मारी, दो चचेरे भाइयों की मौत

**सीकर,** (निसं)। सीकर में तेज रफ्तार बोलेरो ने आगे चल रही बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो चचेरे भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक बोलेरो के नीचे फंस गई और दोनों वाहनों में आग लग गई। इसके बाद सड़क पर दोनों तरफ जाम लग गया। दुर्घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाकर जाम खुलवाया। पुलिस ने दोनों शवों एसके हॉस्पिटल की मॉच्यूरी में रखवाया। दो महीने बाद युवकों की बहन की शादी है।

- **टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक बोलेरो के नीचे फंस गई और दोनों वाहनों में आग लग गई**

घटना सीकर-उदयपुरवाटी रोड पर शहर से करीब 15 किलोमीटर दूर भैरुजी स्टैंड के पास सोमवार सुबह 11 बजे की है। हादसे में पुरोहित का बास, लक्खीपुरा निवासी रामचंद्र गोस्वामी (39) और मुकेश गोस्वामी (30) की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि पुरोहित का बास, लक्खीपुरा निवासी रमेश और मुकेश गोस्वामी आरसीसी ढलाई का काम करते हैं। सुबह दोनों काम के सिलसिले में बाइक से सीकर शहर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान उदयपुरवाटी की ओर आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक बोलेरो के नीचे फंस गई और दोनों वाहनों में आग लग गई। टक्कर के बाद सड़क पर किनारे गिरे दोनों भाइयों की मौत हो गई।

## हादसे में रेलवे कर्मी की मौत

**लूणकरणसर,** (निसं)। नाथवाना रेलवे स्टेशन के पास रेलवे कर्मचारी की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान दौसा जिले के लालसोट निवासी दिनेश मीणा के रूप में हुई है, जो रेलवे में प्वाइंटमैन के पद पर कार्यरत था। हादसा शाम 7:30 बजे हुआ, जब दिनेश मीणा बाड़मेर-ऋषिकेश एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गए। शव को लूणकरणसर के उपजिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। दिनेश मीणा की शादी 26 अप्रैल को होनी थी।

# अलवर में शराब पीकर एसआई भर्ती परीक्षा देने पहुंचा अभ्यर्थी

## कर्मचारियों ने एक बार तो अभ्यर्थी को सेंटर के अंदर एंट्री भी दे दी, फिर नशे की पुष्टि होने पर बाहर निकाला

**अलवर,** (निसं)। एसआई भर्ती परीक्षा सोमवार को दूसरे दिन भी आयोजित हुई। पहली पारी के एग्जाम में अलवर के एक एग्जाम सेंटर पर अभ्यर्थी शराब के नशे में परीक्षा देने पहुंचा। कर्मचारियों ने एक बार तो उसे सेंटर के अंदर एंट्री भी दे दी। फिर नशे में होने की पुष्टि होने पर उसे बाहर निकाला गया। वहीं कई सेंटर पर कैंडिडेट्स देरी से पहुंचे, जिससे उनका पेपर छूट गया।

जानकारी के अनुसार अलवर जिले में दूसरे दिन करीब 17 हजार से ज्यादा अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होने पहुंचे। इसके लिए जिलेभर में 64 एग्जाम सेंटर बनाए गए हैं। हर सेंटर पर पुलिस जाब्ता तैनात रहा। वहीं प्रशासन की ओर से भी लगातार मॉनिटरिंग की गई।

चेंकिंग के बाद ही अभ्यर्थियों को अंदर प्रवेश दिया गया। एसआई भर्ती परीक्षा का शहर के जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मनी का बड़ केंद्र पर भी सेंटर आया है। लक्ष्मणगढ़ के रहने वाले जितेंद्र कुमार भी सेंटर पर एग्जाम देने पहुंचा था। शुरुआत में कर्मचारियों ने उसे अंदर प्रवेश दे दिया, लेकिन बाद में उसके नशे में होना सामने आया। इसके बाद उसे सेंटर से बाहर किया गया। वह करीब 20 मिनट तक सेंटर के बाहर भी बैठा रहा।

## दो सूने घरों से जेवर-नगदी पार

**जोधपुर,** (कासं)। शहर में नकबजनों ने दो सूने मकानों में सैंध लगाकर लाखों के जेवरात और नगदी चुरा ली। संबंधित थानों में चोरी की रिपोर्ट दी गई। फिलहाल चोरों का पता नहीं लगा है।

राजीव गांधी नगर पुलिस ने बताया कि शिक्षक कॉलोनी में एक बार फिर चोरों ने बंद मकान में सैंध लगाई। गली नंबर 4 निवासी प्रताप सिंह पुत्र महेंद्र सिंह की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया गया कि अज्ञात चोर उनके सूने मकान के ताले तोड़कर अंदर घुस गए और वहां से करीब 5 तोला वजनी सोने के आभूषण चोरी कर ले गए। वहीं जय भवानी नगर, सांगरिया फांटा क्षेत्र में रहने वाले दशरथ सिंह पुत्र उम्मेद सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि इस्कॉन मंदिर के सामने, मैन सालावास रोड स्थित उनके मकान में अज्ञात चोरों ने सेंध लगाकर वहां से सोने-चांदी के जेवरात, नकदी तथा अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए।


राजस्थान सरकार

**कार्यालय-सहायक निदेशक, महिला अधिकारिता विभाग धौलपुर**

सिटी जुबली हॉल के पास, नगर परिषद रोड, धौलपुर

Mail: dholpur.we@rajasthan.gov.in, Ph.: 05642-223349

क्रमाक / मअवि/ एसएसके/2025-26/3013 **विज्ञप्ति** दिनांक:- 31/03/2026

जिलें में महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र सर्किल पुलिस थाना बाडी, सरमथुरा, सैपऊ, मनियां एवं धौलपुर के संचालन हेतु महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र नियमन एवं अनुदान योजना संशोधित-2024 एवं आयुक्त महिला अधिकारिता राजस्थान जयपुर के आदेश दिनांक 13.02.2025 के नियम 6 व 7 के अन्तर्गत महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्रों के संचालन हेतु वर्णित पात्रताधारी गैर-शासकीय संस्थाओं से एतद्वारा प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है।

प्रत्येक केन्द्र के लिए पृथक-पृथक आवेदन निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 15.04.2026 समय सायः 5.00 बजे तक जिले के सहायक निदेशक, महिला अधिकारिता विभाग सिटी जुबली हॉल के पास, धौलपुर के कार्यालय में प्रस्तुत किये जा सकते है जिसका प्रारूप, पात्रता की शर्ते तथा अधिसूचना विभागीय वेबसाइट www.wcd.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किये जा सकते है। अधिक जानकारी के लिए सहायक निदेशक, महिला अधिकारिता विभाग, धौलपुर से सम्पर्क किया जा सकता है।

(भूपेश गर्ग)
सहायक निदेशक
महिला अधिकारिता विभाग
धौलपुर (राज०)

DIPR/C/6465/2026



Office of The

**Panchayat Samiti Sayla (Jalore)**

No.- 1165 **-:: Notice of Inviting Bid ::-** Date-30.03.2026

Bid for Work tenders, Rate Contract of Construction Material Supply & Office Tenders (Offline Tender) and Haddi Theka of various work as below are invited from interested bidders under various Gram Panchayats & Panchayat samiti sayla as below. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state; and notice board of this office.

| Name of Gram Panchayat | UBIN | Estimate Bid Cost |
|---|---|---|
| Panchayat Samiti Sayla Haddi Theka 2026-27 | ZJR2526GSOB01446 | 01.25 Lakh |
| GP Bairath, Material RC | ZJR2526GLRC01443 | 80.00 Lakh |
| GP Bakra, Material RC | ZJR2526GLRC01442 | 80.00 Lakh |
| GP Ummedabad, Matrial RC | ZJR2526GLRC01444 | 80.00 Lakh |
| GP Sanfada, Matrial RC | ZJR2526GLRC01441 | 100.00 Lakh |
| GP Bairath Work Tender | ZJR2526WSOB01445 | 10.00 Lakh |
| Office Tenders (Food Arrangements, Photo Copy, Computer/Printer Repair, Tent Arrangements, Stationery, Tea-coffee Arrangements, Men Power, Vehicle Etc) | ZJR2526SSRC01447 to 1454 | Each Work is Under Below 10 Lakh. |

DIPR/C/6402/2026

BDO Cum Program Officer (EGS)
Panchayat Samiti Sayla (Jalore)


# अधिकारी विभागीय कार्यों का समयबद्ध निस्तारण करें : नमित मेहता

**उदयपुर,** (कासं। आबकारी आयुक्त नमित मेहता ने कहा कि प्रदेश सरकार की अपेक्षा के अनुरूप विभागीय कार्यों का समयबद्ध सीमा में समन्वय से निस्तारण किया जाना चाहिए। राजकीय दायित्व के निर्वहन में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। विभागीय लक्ष्य व कार्य अनुशासन सहित टीम भावना से पूर्ण किए जाने चाहिए। आयुक्त नमित मेहता सोमवार को आबकारी मुख्यालय उदयपुर के सभागार में विभिन्न अनुभागों के अधिकारियों एवं कार्मिकों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

- **'राजकीय दायित्व के निर्वहन में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए'**



आबकारी आयुक्त नमित मेहता ने उदयपुर के सभागार में विभिन्न अनुभागों के अधिकारियों एवं कार्मिकों की बैठक लेकर निर्देश दिये।

आयुक्त नमित मेहता ने कहा कि प्रदेश सरकार के रेवेन्यू में आबकारी विभाग का अहम स्थान है अत: वित्तिय लक्ष्यों की पूर्ति सहित समस्त आवश्यक कार्यों को समयावधि में पूर्ण किया जाना चाहिए। बैठक में विभिन्न अनुभागों के अधिकारियों एवं कार्मिकों ने अपना परिचय देते हुए प्रदत्त दायित्व एवं कार्य के संबंध में जानकारी प्रदान की। इस मौके पर बंदोबस्त, आईटी, अभियोग, ईपीएफ, सामान्य प्रशासन, संस्थापन, लीगल, होलोग्राम, कंट्रोल रूम, आरटीआई, लेब, लेखा, एपीएआर, पॉलिसी सहित विभिन्न अनुभागों के अधिकारियों ने संबंधित कार्य के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए आवश्यकताओं से अवगत कराया। आबकारी आयुक्त मेहता ने समस्त अधिकारियों को समन्वय से कार्य करने के निर्देश देते हुए आवश्यक सुझाव भी आमंत्रित किए, जिससे राजकीय कार्यो के निस्तारण में समयबद्धता बनी रहे। इस मौके पर अतिरिक्त आबकारी आयुक्त पॉलिसी प्रदीप सिंह सांगावत, वित्तिय सलाहकार सुनिता विजय, उपायुक्त ईपीएफ प्रद्युम्न सिंह चुण्डावत सहित विभिन्न अनुभागों के अधिकारी व कार्मिक मौजूद रहे।

## पांच हजार का इनामी अपराधी नाना तेली गिरफ्तार

**भीलवाड़ा,** (निसं)। पुर थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने दो साल से फरार चल रहे 5 हजार रुपये के इनामी अपराधी और माण्डल थाने के हिस्ट्रीशीटर नाना तेली उर्फ राजू तेली को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी नाना तेली (35) निवासी नीम का खेड़ा, माण्डल बेहद शातिर किस्म का अपराधी है। पुलिस के अनुसार उस पर धोखाधड़ी, चेक अनादरण, कूटकरण, जाली दस्तावेजों से वाहन चलाने और चोरी के वाहन खरीदने-बेचने के कुल 41 प्रकरण दर्ज हैं। आरोपी भीलवाड़ा के अलावा डूंगरपुर, कोटा, बूंदी, चित्तौड़गढ़, राजसमंद और उदयपुर जिलों में भी वांछित था। कई जिलों की अदालतों से इसके खिलाफ स्थाई वारंट जारी हो चुके थे।

- **आरोपी पर धोखाधड़ी, चेक अनादरण, जाली दस्तावेजों से वाहन चलाने और चोरी के वाहन खरीदने-बेचने के 41 प्रकरण दर्ज हैं**
- **भीलवाड़ा के अलावा डूंगरपुर, कोटा, बूंदी, चित्तौड़गढ़, राजसमंद और उदयपुर जिलों में भी वांछित था आरोपी**

जानकारी के अनुसार मामले की शुरुआत 20 नवंबर 2024 को हुई, जब उदयपुर निवासी चंद्रप्रकाश कुमावत ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनका टाइल्स से भरा ट्रक भीलवाड़ा बायपास से गायब हो गया है। अनुसंधान में सामने आया कि ड्राइवर और खलासी ने मिलीभगत कर लूट की झूठी कहानी रची थी। इस प्रकरण में चोरी का माल खुर्द-बुर्द करने और खरीदने के मामले में नाना तेली की भूमिका सामने आई थी, जिसके बाद से वह फरार चल रहा था। पुलिस अधीक्षक ने आरोपी की गिरफ्तारी पर 5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पुर थानाधिकारी कन्हैया लाल के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने तकनीकी सहयोग और मानवीय आसूचना के आधार पर घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। फिलहाल पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है, जिससे अन्य वारदातों के खुलासे की उम्मीद है।


राजस्थान सरकार

**कार्यालय आबकारी आयुक्त, राजस्थान, उदयपुर**

क्रमांक-F.32 (B) (After Policy 2026-27)/EX/L/2026-06481-9018219/05

दिनांक-06.04.2026

**मदिरा दुकानों के कलस्टर (समूह) के अनुज्ञापत्र हेतु ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार की आज्ञा कमांक प.4 (1) वित्त/आब/2026 दिनांक 27 जनवरी, 2026 के द्वारा जारी आबकारी एवं मद्य-संयम नीति वर्ष 2025-29 में संशोधन के प्रावधानानुसार वर्ष 2026-27 हेतु पड़त मदिरा दुकानों के कलस्टर (समूह) की ऑनलाईन ई-नीलामी के लिये विभागीय वेबसाईट https://iems.rajasthan.gov.in पर निम्नानुसार ई-बोली आमंत्रित की जाती है :-

| क्र.सं. | नीलामी की दिनांक | नीलामी का समय |
|---|---|---|
| 1 | 09-04-2026 | प्रातः 11.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक |

1. ई-नीलामी में भाग लेने के इच्छुक बोलीदाता द्वारा विभागीय वेबसाइट https://iems.rajasthan.gov.in से अपने SSO ID के माध्यम से लॉगइन करते हुए विभागीय ई-ऑक्शन पोर्टल में निर्धारित प्रकियानुसार एक बारीय पंजीकरण करने उपरान्त ऑनलाइन नीलामी में भाग लिया जा सकेगा। इच्छुक बोलीदाता को ई-नीलामी में भाग लेने से पूर्व सर्वप्रथम राजस्थान सरकार के पोर्टल https://sso.rajasthan.gov.in पर "Citizen" केटेगरी के अन्तर्गत SSO ID बनाना होगा।
2. नीलामी एक कार्य दिवस में न्यूनतम पांच घण्टे की होगी एव उसके पश्चात् जब तक बोली लगती रहे तब तक 10 मिनट के अनन्त विस्तार (indefinite extension) तक जारी रहेगी।
3. बोलीदाता को कम से कम रू. 10,000/- अथवा रु. 10,000 के गुणांक मे बढाकर बोली लगानी होगी।
4. बोलीदाता एक बार में रिजर्व प्राइस / पिछली बोली से 10 प्रतिशत से अधिक राशि बढाकर बोली नही लगा सकेगा।
5. कलस्टर का जिलेवार एवं उनके आवेदन शुल्क, न्यूनतम रिजर्व प्राईस एवं अमानत राशि का विवरण विभागीय वेबसाईट https://iems.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध रहेगा।
6. ऑनलाईन नीलामी में SSO ID के माध्यम से भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदक द्वारा कलस्टर का चयन कर आवेदन शुल्क एवं अमानत राशि यथासंभव नीलामी की तिथि से एक दिवस पहले रात 11.59 तक https://iems.rajasthan.gov.in वेबसाईट पर बोलीदाता के ऑनलाईन भुगतान द्वारा इस वेबसाईट पर जमा हो जानी चाहिये। ऐसा करने से बोलीदाता विभिन्न प्रकार की तकनीकी समस्याओं से बच सकेंगे। ऑनलाईन भुगतान नही होने या अन्यथा तकनीकी कारणों से निर्धारित राशियां जमा नही होने के कारण बोली में भाग नही ले पाने के लिये आवेदक स्वंय जिम्मेदार होगा।
7. प्रत्येक कलस्टर के लिये ऑनलाईन निलामी में भाग लेने हेतु निर्धारित न्यूनतम रिर्जव प्राईस की 2 प्रतिशत राशि अमानत राशि के रूप में आवेदन के साथ जमा करायी जानी है। बिड राशि के अनुसार अतिरिक्त अमानत राशि (Dynamic Earnest Money) भी जमा करानी होगी।
8. सफल बोलीदाता को धरोहर राशि, अग्रिम वार्षिक गारन्टी राशि एवं वार्षिक लाईसेन्स फीस ई-नीलामी के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश एवं शर्तों, जो विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध है, के अनुसार जमा करानी होगी।
9. निर्धारित समय में वांछित राशियाँ यथा धरोहर राशि, अग्रिम वार्षिक गारन्टी राशि एवं वार्षिक लाईसेंस फीस जमा न कराने पर स्वीकृति निरस्त कर समस्त जमा राशि ज़प्तराज की जायेगी।
10. वर्ष 2026-27 के पात्र अनुज्ञाधारियों को वर्ष कमशः 2027-28 व 2028-29 के लिये निर्धारित शर्तों पर अनुज्ञापत्र नवीनीकरण का अवसर दिया जायेगा।
11. बोलीदाता को ई-नीलामी में भाग लेने से पूर्व विभागीय वेबसाईट https://iems.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध आबकारी एवं मद्यसंयम नीति वर्ष 2025-29 एवं नीति में संशोधन दिनांक 27.01.2026 तथा समस्त दिशा-निर्देश, प्रक्रिया एवं शर्तों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कर लिया जाना चाहिये।
12. मदिरा कलस्टर के बन्दोबस्त हेतु वे ही व्यक्ति ई-नीलामी में भाग ले सकेंगें, जो राजस्थान आबकारी अधिनियम, 1950 एवं इसके अन्तर्गत बनाए गए नियमों, आबकारी एवं मध्यसंयम नीति वर्ष 2025-29 व संशोधन दिनांक 27.01.2026 तथा भारतीय संविदा अधिनियम के तहत अनुबन्ध करने की योग्यता रखते हो। इस सम्बन्ध में विस्तृत दिशा निर्देश https://iems.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु संबंधित अतिरिक्त आयुक्त जोन, जिला आबकारी अधिकारी एवं जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।
13. ई-नीलामी के संबंध में अन्य सभी प्रावधान आबकारी एवं मद्यसंयम नीति वर्ष 2025-29 व नीति में संशोधन दिनांक 27.01.2026 तथा राजस्थान आबकारी अधिनियम, 1950 एवं इसके अन्तर्गत बने नियम के अनुसार रहेंगे।

आबकारी आयुक्त, उदयपुर


## तांत्रिक क्रिया करते दो गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। उद्योग नगर थाना इलाके के धाकड़खेड़ी गांव में स्थित मुक्तिधाम में रविवार रात्रि को तांत्रिक क्रिया करने का मामला सामने आया है, पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचकर दो लोगों शांतिभंग की धाराओं में गिरफ्तार किया है। उद्योग नगर थानाधिकारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि धाकड़खेड़ी गांव में स्थित मुक्तिधाम में दो लोगों के तांत्रिक क्रिया करने की सूचना मिली थी, सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो वहां दो युवक दरी बिछाकर कुछ धार्मिक गतिविधियां करते हुए नजर आये, मौके पर कुछ शराब की बोतलें भी मिली है। थानाधिकारी ने बताया कि मामले में धाकड़खेड़ी निवासी निशांत प्रजापति और जीतू सुमन को शांतिभंग में गिरफ्तार किया गया है। वहीं मामले में सामने आया कि दोनों युवक श्मशान के नजदीक भैरुजी का स्थान है, वह वहां पर पूजा करने के लिए पहुंचे थे।

# पति ने पत्नी की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या की, आरोपी गिरफ्तार

**अलवर,** (निसं)। अलवर के मालाखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव खेड़ली पिचनौत में रविवार शाम एक पति ने चारपाई पर सो रही पत्नी पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी। पति शाम करीब छह बजे बकरी चराकर घर लौटा तो पत्नी चारपाई पर सो रही थी। आते ही उसने कुल्हाड़ी उठाई और गर्दन व हाथ पैर काट दिए। मौके पर उसकी मौत हो गई। उसके बाद पुलिस ने आरोपी को अरेस्ट कर लिया।

- **पति शाम करीब छह बजे बकरी चराकर घर लौटा तो पत्नी चारपाई पर सो रही थी, आते ही पति ने कुल्हाड़ी उठाई व पत्नी की गर्दन व हाथ पैर काट दिए**
- **कालूराम ने करीब 15 साल पहले अपने पांच साल के बच्चे का भी इसी तरह मर्डर कर दिया था, लेकिन उस समय पुलिस कंप्लेन नहीं की गई थी**

पुलिस ने बताया कि कालूराम मीणा रविवार शाम करीब छह बजे बकरियां चराकर घर लौटा था। उस समय उसकी 48 वर्षीय पत्नी पुनी देवी गहरी नींद में सो रही थी। घर लौटते ही कालूराम (52) ने बिना किसी कारण या कहासुनी के पास रखी कुल्हाड़ी उठाई और पुनी देवी की गर्दन और हाथों पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। गर्दन पर गहरे घाव होने के बाद पुनी देवी की मौके पर ही मौत हो गई। मालाखेड़ा थाना प्रभारी हरदयाल सिंह यादव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लिया। मृतका के भाई धनपाल मीणा निवासी दुब्बी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी पति कालूराम मीणा को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पड़ोसियों ने बताया कि कालूराम ने करीब 15 साल पहले अपने 5 साल के बच्चे का भी इसी तरह मर्डर कर दिया था, लेकिन उस वक्त पुलिस कंप्लेन नहीं की गई थी। आरोपी कालूराम के घर में पति-पत्नी और एक 25 साल का अविवाहित बेटा शेरू रहता है। वह मजदूरी करता है। घटना के वक्त वह मजदूरी पर गया हुआ था।

## युवती का पांच माह से यौन शोषण, मामला दर्ज

**जोधपुर,** (कासं)। जिला पूर्व में एक युवती को शादी का झांसा देकर पांच छह माह तक यौन शोषण किये जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने नामजद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया है। वहीं पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

पुलिस ने बताया कि 24 साल की युवती ने रिपोर्ट दी है। इसमें आरोप है कि उसकी जाति के युवक से सोशल मीडिया पर जान पहचान हुई थी। बाद में वह उससे मिलने लगा। काफी जगहों पर घुमाया और शादी का झांसा देकर एक बार दुष्कर्म किया। उसके बाद भी पिछले उसका यौन शोषण करता रहा और अब शादी से मुकर गया। पीड़िता की तरफ से पुलिस ने मामला दर्ज कर अब जांच आरंभ की है।


राजस्थान सरकार

**कार्यालय-सहायक निदेशक, महिला अधिकारिता विभाग धौलपुर**

सिटी जुबली हॉल के पास, नगर परिषद रोड, धौलपुर

Mail: dholpur.we@rajasthan.gov.in, Ph.: 05642-223349

**खुली बोली आमंत्रण सूचना**

इस कार्यालय के लिए वन स्टॉप सेन्टर योजना अन्तर्गत महिला केन्द्र प्रबंधक, महिला परामर्शदाता, आई.टी वर्कर, सहायिका एवं सुरक्षा गार्ड के पदो के लिए अस्थाई आधार पर मानव संसाधन उपलब्ध कराने के लिए विनिर्दिष्ठ संवेदक / संस्थाओं से दिनांक 14.04.2026 को साय 3:00 बजे तक ई निविदा आंमत्रित की जाती है एवं ई निविदा की अनुमानित लागत 23.40 लाख है। बोली आमंत्रण सूचना/निविदा प्रपत्र मय शर्ते व आवश्यक दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय मे/http://sppp.raj.nic.in एवं http://wcd.rajasthan.gov.in एवं eproc.rajasthan.gov.in. पर देखी जा सकती है।

UBN NO-WMP2526SLOB00285
NIB NO- WMP2526A0254

(भूपेश गर्ग)
सहायक निदेशक
महिला अधिकारिता विभाग
धौलपुर (राज०)

DIPR/C/6433/2026



राजस्थान सरकार

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, बीकानेर**

स्वास्थ्य भवन, त्यागी वाटिका, जेल वैल, बीकानेर

फोन 0151-2201142, Email-eemhbikaner@ymail.com

क्रमांक:- EE/M&H/BKN/2025-26/4032 दिनांक:- 27.03.2026

**ई- टेण्डरिंग निविदा सूचना संख्या:- 72/2025-26**

निम्नहस्ताक्षरकर्ता द्वारा राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला बीकानेर में कुल रू. 158.94 लाख के 03 उप स्वास्थ्य के न्द्र के कार्य हेतु निविदा में बताये अनुसार श्रेणी के संवेदको के समकक्ष उपर्युक्त सिविल श्रेणी मे सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग /रेल्वे / एमईएस इत्यादि मे पंजीकृत संवेदको जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त सिविल श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र मे ई-प्रोक्यूरमेंट निविदायें आमंत्रित की जाती है। अल्पकालीन निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेबसाईट www.dipronline.org http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेब साईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है।

| S.No. | UBN No. |
|---|---|
| 1 | NRH2526WSOB02924 |
| 2 | NRH2526WSOB02925 |
| 3 | NRH2526WSOB02926 |

(शिम्भू राम जाटव)
अधिशाषी अभियन्ता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग
बीकानेर

DIPR/C/6436/2026


# यात्रियों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, करीब दो दर्जन लोग घायल

**करौली,** (निसं)। कैलादेवीजी के दर्शन कर वापस लौट रहे यात्रियों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली के पलट जाने से ट्रैक्टर-ट्राली में सवार करीब दो दर्जन महिला, पुरुष और बालक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को करौली के सामान्य चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया जहां सात यात्रियों की गंभीर हालत होने पर जयपुर रैफर किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार धौलपुर जिले के सरमथुरा के निकटवर्ती महारपुरा गांव के एक ही परिवार के करीब तीन दर्जन से अधिक लो ट्रैक्टर-ट्रॉली से सोमवार को प्रात: मां कैलादेवी जी के दर्शन करने पहुंचे, जहां मां केलादेवी जी के दर्शन लाभ लेकर वापस घर लौट रहे थे। करौली सरमथुरा सड़क मार्ग के बीच खेड़ा मंडीली के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली का संतुलन बिगड़ने से पलट जाने से अधिकांश यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। उधर सूचना पर मासलपुर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और घायलों रिया विधि गौरी सरोज बुलबुल ऋतिक गुड्डी श्यामवीर रितु सलोनी कायल मुन्नी रश्मि सीता कौ को उपचार के लिए करौली सामान्य चिकित्सालय में लाया गया, जहां चिकित्सकों ने भर्ती कर उपचार किया।


राजस्थान सरकार

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता चिकित्सा एवं स्वास्थ्य**

राजकीय जनाना चिकित्सालय परिसर, मोरी चार बाग भरतपुर 321 001 (राज0)

Mail: eemhbharatpur@gmail.com, Web: ee-mh-bharatpur@gov.in, Mob. 9602097030

क्रमाक/M&H/2025-26/2278 **निविदा सूचना संख्या: 30/2025-26** दिनांक: 27.03.2026

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत विभिन्न कार्य जिला भरतपुर/डीग/करौली में रू. 260.00 लाख के निर्माण कार्य हेतु राजस्थान सरकार के समकक्ष उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में सिविल कार्यों हेतु पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेब साईट www.dipronline.Org, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेब साईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता हैं।

| | Work Name | अनुमा नित लागत (रू. लाखों में) | UBN No. | | Work Name | अनुमा नित लागत (रू. लाखों में) | UBN No. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of SHC building Kumha distt Bharatpur | 52. 00 | UBN is: MHS2526WSOB07884 | 2 | Construction of SHC building Alooda distt Karauli | 52. 00 | UBN is: MHS2526WSOB07885 |
| 3 | Construction of SHC building Andhiyakheda distt Karauli | 52. 00 | UBN is: MHS2526WSOB07886 | 4 | Construction of SHC building Arora distt Karauli | 52. 00 | UBN is: MHS2526WSOB07887 |
| 5 | Construction of SHC building Bardala distt Karauli | 52. 00 | UBN is: MHS2526WSOB07888 | | | | |

(एल०के० अग्रवाल)
अधिशाषी अभियन्ता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, भरतपुर

DIPR/C/6386/2026

# बीएसटीसी भर्ती फर्जीवाड़ा : डमी कैंडिडेट बैठाने वाले 12 वांटेड आरोपी गिरफ्तार

## पांच साल से फरार इन बदमाशों को एस.ओ.जी. ने दबोचा



विशाल बोडात, जगदीश गमार, जीवतराम, लोकेश, मन्नालाल, राहुल बोडात, संजय डामोर, विक्रम कुमार, मुकेश, लक्ष्मी कुमारी, प्रेम कुमारी, रवीन्द्र सिंह

**जयपुर (का.सं.)।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने बीएसटीसी (प्री. डीएलएड) भर्ती परीक्षा में फर्जीवाड़े के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 साल से फरार 12 वांटेड आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी डमी कैंडिडेट बैठाकर परीक्षा दिलवाने के नेटवर्क से जुड़े थे।

एडीजी (एसओजी) विशाल बंसल ने बताया कि वर्ष 2019-20 में बीकानेर से आयोजित बीएसटीसी (प्री. डीएलएड) परीक्षा में धांधली सामने आई थी। फरवरी 2021 में पाली जिले के रोहट थाना पुलिस ने अशोक सारण पुत्र केसाराम विश्नोई को संदिग्ध रूप से पकड़ा था। तलाशी के दौरान उसके पास मुख्य अभ्यर्थियों की जगह रुपए लेकर डमी कैंडिडेट से परीक्षा दिलवाने से जुड़े दस्तावेज बरामद हुए थे।

एसओजी द्वारा अशोक सारण से पूछताछ के बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच में सामने आया कि अभ्यर्थियों ने पैसे देकर अपनी जगह डमी कैंडिडेट बैठाए थे। शिक्षा विभाग से प्राप्त दस्तावेजों और एफएसएल जांच में हस्ताक्षर व लिखावट मेल नहीं खाने पर फर्जीवाड़ा प्रमाणित हुआ।

डीआईजी परिस देशमुख के निर्देश पर एसआई भर्ती परीक्षा-2025 के दौरान नकल रोकथाम और वांटेड आरोपियों की तलाश के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इसी दौरान परीक्षा देने पहुंचे आरोपियों को चिन्हित कर एसओजी टीमों ने कार्रवाई की।

एसओजी ने उदयपुर से 11 और भरतपुर से एक आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में जगदीश गमार (27), जीवतराम मोडिया (23), लक्ष्मी कुमारी (30), मन्नालाल (26), मुकेश गमार (25), लोकेश कुमार (24), प्रेम कुमारी (25), राहुल बोडात (26), संजय कुमार डामोर (27), विक्रम कुमार (25), विशाल कुमार बोडात (29) सभी निवासी उदयपुर क्षेत्र तथा रवींद्र सिंह मुसावत (28) निवासी वैर (भरतपुर) शामिल हैं।

एसओजी के अनुसार, आरोपी एसआई भर्ती परीक्षा-2025 देने के लिए पहुंचे थे, जहां से उन्हें गिरफ्तार किया गया। फिलहाल सभी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और फर्जीवाड़े से जुड़े नेटवर्क की गहराई से जांच जारी है।

# भजनलाल सरकार के नेतृत्व में जनजातीय क्षेत्रों का हो रहा सर्वांगीण विकास

## वनाधिकार पट्टों की राजस्व रिकॉर्ड जारी करने के लिए चलाया जाएगा अभियान

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार जनजाति समाज के उत्थान के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। जनजातीय क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास, आर्थिक स्वावलंबन और सामाजिक सुरक्षा की दिशा में राजस्थान सरकार ने बजट वर्ष 2026-27 में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की है।

राज्य सरकार द्वारा जनजाति समाज को व्यक्तिगत एवं सामुदायिक वनाधिकार पत्र जारी करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इन वनाधिकार पट्टों की राजस्व रिकॉर्ड में प्रविष्टि सुनिश्चित की जाएगी। सरकार की इस पहल से जनजाति क्षेत्र के किसानों को उनकी भूमि पर पीएम किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का सीधा लाभ मिल सकेगा और वे बैंकों से सुगमतापूर्वक ऋण प्राप्त कर सकेंगे।

प्रदेश के आदिवासी बाहुल्य जिलों डूंगरपुर और बांसवाड़ा के राजस्थान ग्रामदानी अधिनियम से शासित गांवों के किसानों के लिए सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। वर्तमान में इन किसानों के नाम राजस्व रिकॉर्ड में अंकित नहीं होने के कारण वे सरकारी लाभों से वंचित रहते है। बदली हुई आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए सरकार ग्रामदानी अधिनियम में संशोधन कर इन गांवों के किसानों को खातेदारी अधिकार प्रदान करेगी, जिससे उन्हें बैंक ऋण और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।

> ■ महिला, युवा रोजगार एवं बालिका शिक्षा पर राज्य सरकार का विशेष फोकस

जनजाति क्षेत्रों में कृषि को लाभप्रद बनाने और किसानों की आय में वृद्धि के लिए भी सरकार अपनी प्रतिबद्धता दिखा रही है। कांगनी, कोदो, सांवा, कुटकी, चीना और रागी जैसे मिलेट्स की मांग को देखते हुए 100 हेक्टेयर क्षेत्र में प्रदर्शनी आयोजित किए जाएंगे, जिससे एक हजार कृषक लाभान्वित होंगे। साथ ही फसल उत्पादन में वृद्धि के लिए 85 करोड़ रूपये के व्यय से 8 लाख 50 हजार जनजाति कृषकों को गुणवत्तापूर्ण बीज संकर मक्का बीज मिनीकिट उपलब्ध करवाये जायेंगे।

सहरिया, खैरवा (बारां) और कथौड़ी (उदयपुर) जनजाति परिवारों के लिए सहायता प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया गया है। अब खाद्य सामग्री के स्थान पर पात्र परिवारों की महिला मुखिया को 1200 रुपये प्रतिमाह सीधे बैंक खाते में दिए जाएंगे। इस योजना पर 55 करोड़ रुपये व्यय कर लगभग 38 हजार परिवार लाभान्वित होंगे। वहीं बालिका शिक्षा को भी बढ़ावा दिया जा रहा है, सिरोही जिले में जनजाति बालिकाओं के लिए नया छात्रावास खोला जाएगा।

जनजाति युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा विशेष कदम उठाए गए हैं। स्वनिधि योजना अन्तर्गत उन्हें चिन्हित कर ऋण उपलब्ध करवाने हेतु विशेष अभियान चलाया जायेगा। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत आगामी वर्ष में 5 हजार युवाओं को अपना उद्यम स्थापित करने हेतु ब्याजमुक्त ऋण दिया जाएगा। साथ ही जनजातीय युवकों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने आंवला, शहद, इमली और महुआ जैसे वन उपजों के मूल्य संवर्धन के लिए बांसवाड़ा और उदयपुर में लघु वन उपज प्रसंस्करण केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

जनजाति समाज की आस्था स्थलों के विकास के लिए सरकार संकल्पबद्धता दिखा रही है। सलूम्बर के सोनार माता मंदिर, बांसवाड़ा (आनंदपुरी) के सलाकेश्वर महादेव मंदिर और उदयपुर (झाड़ोल) के रामकुण्डा महादेव मंदिर में सार्वजनिक सुविधाओं और विकास कार्य करवाए जाएंगे। साथ ही, डूंगरपुर के आसपुर क्षेत्र सहित विभिन्न आदिवासी बस्तियों में सड़कों, पुलियाओं और बरसाती नालों के निर्माण से बुनियादी ढांचे को मजबूती दी जाएगी।

# कृषि उपज मंडी समितियों में होंगे 40 करोड़ रु. के विकास कार्य

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दी स्वीकृति

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार राज्य की कृषि उपज मण्डी समितियों के उन्नयन एवं सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री ने प्रदेश की कृषि उपज मण्डी समितियों में 40 करोड़ 63 लाख रुपये से अधिक के विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की है।

शर्मा की इस स्वीकृति से कृषि उपज मण्डी समिति जैसलमेर, रायसिंहनगर (श्रीगंगानगर), नोखा (बीकानेर), कोटपूतली, मदनगंज-किशनगढ़ (अजमेर), भादरा (हनुमानगढ़), सूरतगढ़ (श्रीगंगानगर), चौमूं-जयपुर (अनाज), कोटा (अनाज), लालसोट (दौसा), खेरली, सवाईमाधोपुर, रामगंजमण्डी (कोटा), डूंगरपुर, पहाड़ी (डीग), सोजत (पाली), गोविन्दगढ़ (अलवर), टिब्बी (हनुमानगढ़), गोलूवाला (हनुमानगढ़), मण्डावरी (दौसा) एवं डीग में यार्ड के निर्माण, विद्युत संबंधी एवं सम्पर्क सड़कों के निर्माण कार्य करवाये जायेंगे। इससे कृषि उपज मण्डियों का आधारभूत ढांचा सुदृढ़ होगा और अन्नदाता एवं व्यापारियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

> ■ 781 किसान विश्राम स्थलों के लिए 46 करोड़ 86 लाख रु. की मंजूरी

इसी प्रकार शर्मा ने आमजन एवं किसानों की सुविधाओं के दृष्टिगत मण्डियों में किसान विश्राम स्थलों के निर्माण की अभिनव पहल भी की है। इस पहल के अनुरूप प्रथम चरण में प्रदेश की विभिन्न 116 मण्डियों के अंतर्गत 46 करोड़ 86 लाख रुपये की लागत से 781 किसान विश्राम स्थलों का निर्माण कराया जाएगा। जिससे वर्षा, गर्मी एवं सर्दी के मौसम में किसानों को सहूलियत होगी।

# जज पढाएंगे स्कूली विद्यार्थियों को विधिक चेतना का पाठ

**जयपुर (कासं)।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से प्रदेश की पचास हजार से अधिक स्कूलों के कक्षा आठ से 12 तक के विद्यार्थियों को कानूनी रूप से जागरूक करने का बीड़ा उठाया गया है।

इसके तहत हर मंगलवार को प्रदेश के करीब 1400 न्यायिक अधिकारी स्कूलों में जाकर इन विद्यार्थियों को विभिन्न कानूनी प्रावधानों और अधिकारों के बारे में विस्तार से पढाएंगे। मंगलवार सात अप्रैल से शुरू होने वाले इस युवा सशक्तिकरण कार्यक्रम में इस माह साइबर सुरक्षा का पाठ पढाया जाएगा।

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव हरिओम अत्रि ने बताया कि इस अभियान के तहत करीब दस विषयों पर बुकलेट तैयार की गई है। जिसमें बताए गए कानूनी अधिकारों और जागरूकता कार्यक्रमों को प्रदेश की पचास हजार से अधिक स्कूलों के लाखों विद्यार्थियों को बताया जाएगा। वहीं सप्ताह के अन्य दिनों में प्राधिकरण से जुडे वकील, पीएलवी सहित अन्य लोग विद्यार्थियों को जानकारी देंगे। इसके साथ ही ऑनलाइन सुविधा रखने वाले स्कूलों के विद्यार्थियों को भी ऑनलाइन पाठ पढ़ाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण की ओर से साइबर सुरक्षा यूनिट भी गठित की गई है। जिसमें प्राधिकरण के अधिकारी, साइबर सुरक्षा से जुडे प्रतिनिधि और विशेषज्ञ वकीलों को शामिल किया गया है।कोर्ट वाली दीदी को करें शिकायत- सदस्य सचिव अत्रि ने बताया की न्यायिक अधिकारी स्कूलों में अपने साथ एक बॉक्स लेकर जाएंगे।

# एसआई भर्ती-2021: डमी कैंडिडेट बैठाकर पास हुआ अभ्यर्थी गिरफ्तार



आरोपी सियाराम मीना

**जयपुर।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने एसआई भर्ती परीक्षा-2021 में डमी कैंडिडेट बैठाकर परीक्षा पास करने वाले फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था।

एडीजी (एसओजी) विशाल बंसल ने बताया कि वर्ष 2024 में दर्ज एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक प्रकरण की जांच के दौरान यह मामला सामने आया। जांच में खुलासा हुआ कि टोंक जिले के अलीगढ़ निवासी सियाराम मीना (32) पुत्र बाबूलाल मीना ने खुद परीक्षा देने के बजाय डमी कैंडिडेट बैठाया था।

जांच के अनुसार डमी कैंडिडेट के रूप में हनुमान प्रसाद मीना पुत्र ग्यारसी लाल मीना, निवासी अलीगढ़ (टोंक) ने परीक्षा दी थी। इसके लिए दोनों के बीच 15 लाख रुपए में सौदा तय हुआ था।एसआई भर्ती-2021 की लिखित परीक्षा 13 सितंबर 2021 को दो पारियों में आयोजित की गई थी, जिसमें डमी कैंडिडेट ने दोनों पेपर दिए। इसके परिणामस्वरूप सियाराम मीना को हिंदी विषय में 200 में से 140.21 अंक और सामान्य ज्ञान में 200 में से 109 अंक प्राप्त हुए, जिससे वह परीक्षा में उत्तीर्ण हो गया।

एसओजी के अनुसार टोंक पुलिस ने लंबे समय से फरार आरोपी सियाराम मीना को गिरफ्तार कर एसओजी को सौंपा। इसके बाद एसओजी ने सोमवार दोपहर उसे औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है और गिरोह के अन्य सदस्यों व नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

एसओजी ने बताया कि इस प्रकरण में अब तक 63 ट्रेनी एसआई, 6 चयनित एसआई सहित कुल 140 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। जांच एजेंसी मामले की गहराई से पड़ताल कर रही है, जिससे भर्ती परीक्षा में हुई अनियमितताओं का पूरा नेटवर्क उजागर किया जा सके।

# ट्रेनी आईपीएस माधव उपाध्याय को सरकार ने किया ए.पी.ओ.

**जयपुर/भीलवाड़ा (कासं)।** राज्य सरकार ने ट्रेनी आई.पी.एस. माधव उपाध्याय को एपीओ (आदेशों की प्रतीक्षा में) किया है। वे फिलहाल भीलवाड़ा के सहायक पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात थे। इस संबंध में सोमवार को कार्मिक विभाग के संयुक्त शासन सचिव डॉ. धीरज कुमार सिंह ने आदेश जारी किए।

सूत्रों की मानें तो भीलवाड़ा में रविवार को पुलिस ने वसूली गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया था। इनमें जहाजपुर विधायक गोपी मीणा का प्रतिनिधि अजय पांचाल मुख्य आरोपी है। गैंग गार्नेट खनन कारोबारियों से हर महीने वसूली कर रही थी। अजय पांचाल की गिरफ्तारी के बाद सामने आए तथ्यों पर डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने विजिलेंस जांच के आदेश दिए। अजमेर जीआरपी एसपी नरेंद्र सिंह को जांच की जिम्मेदारी सौंपी है।

मामले में वॉट्सएप चैट और कुछ संदिग्ध इनपुट भी जांच के दायरे में है। आरोपी अजय पांचाल से पूछताछ में कई खुलासे होने की बात सामने आई है। सूत्रों का कहना है कि अजय के मोबाइल से माधव उपाध्याय के साथ हिसाब और चैट से जुड़ी बातें सामने आईं, जिसके बाद जांच शुरू की गई। इसी आधार पर आई.पी.एस. के खिलाफ जांच बैठाई गई। बताया जा रहा है कि अजय जानकारी देता था और माधव उन इनपुट के आधार पर कार्रवाई करते थे। अजय ने उन्हें कई बड़े मामलों के बारे में जानकारी दी थी।

> ■ भीलवाड़ा में सहायक पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात थे माधव उपाध्याय

इधर, आईपीएस माधव उपाध्याय का कहना है कि, अजय पांचाल से मेरी मुलाकात एसपी ऑफिस में एक केस के सिलसिले में हुई थी। इसमें अजय ने कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की थी। कई इनपुट इन्फॉर्मेशन के बाद अलग-अलग अधिकारियों के नेतृत्व में कार्रवाई की थी। इस मामले में कुछ और लोगों की भूमिका भी शक के दायरे में है, जिसकी जांच की जा रही है।

# 'कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत'

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पार्टी की गौरवशाली परंपरा, विचारधारा और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को और मजबूत करने का आव्हान किया। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनसंघ से लेकर आज तक अनेक महान व्यक्तित्वों और समर्पित कार्यकर्ताओं के त्याग और परिश्रम ने पार्टी को इस ऊंचाई तक पहुंचाया है। उन्होंने ऐसे सभी योगदानकर्ताओं को नमन किया।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि आज भले ही संचार के आधुनिक साधन उपलब्ध हैं, लेकिन पहले सीमित संसाधनों में भी कार्यकर्ताओं ने पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का जो कार्य किया, वह अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि वे पूर्वजों के आदर्शों को अपनाकर संगठन को और सशक्त बना रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर भाजपा जयपुर के जिला अध्यक्ष अमित गोयल, जिला महामंत्री नवरत्न नारायणीय, रेखा राठौड़, राजेश तांबी सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उत्तर पश्चिम रेलवे अपनी परिचालन क्षमता दोगुना करने के मिशन पर

**जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे अपने ट्रेनों के रखरखाव अवसंरचना को मजबूत करके अपनी रेल परिचालन क्षमता को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाने का मिशन क्रियान्वित कर रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे अपनी रेल रखरखाव क्षमताओं के व्यापक विस्तार की योजना पर कार्य कर रहा है। रेल परिचालन क्षमता बढ़ाने के लिए रखरखाव क्षमता में वृद्धि महत्वपूर्ण है। वर्तमान में, ट्रेनों के रखरखाव के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे के अधिकार क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर 22 रेल पिट लाइनें हैं। उल्लेखनीय है कि पिट लाइन ट्रेनों के प्राइमरी मेंटिनेंस के लिए अति आवश्य है। किसी ट्रेन के संचालन के लिए उसका समय पर मेंटिनेंस जरूरी है।एक मिशन-आधारित दृष्टिकोण अपनाते हुए, उत्तर पश्चिम रेल ने अपने विभिन्न स्थानों पर रेल रखरखाव के लिए 20 नई रेल पिट लाइनों के निर्माण का कार्य शुरू किया है। इन नई रेल पिट लाइनों पर काम तेजी से चल रहा है और इन कार्यों के प्रगति की उच्च स्तर पर निगरानी रखी जा रही है। इन नई रेल पिट लाइनों का निर्माण निम्न प्रकार से किया जा रहा है, उनमें मदार (1 लाइन), उमरा (2 लाइन), लालगढ़ (4 लाइन), श्रीगंगानगर (2 लाइन), हिसार (2 लाइन), सूरतगढ़ (2 लाइन), खातीपुरा (4 लाइन), बाड़मेर (1 लाइन), जैसलमेर (2 लाइन) शामिल है।इस व्यापक विस्तार से मौजूदा रखरखाव क्षमता लगभग दोगुनी होने की उम्मीद है, जिससे उत्तर पश्चिम रेलवे की रेल संचालन क्षमता एक तरीके से दोगुनी हो जाएगी।

इससे नई रेल सेवाओं की शुरुआत के पर्याप्त अवसर पैदा होंगे। देश के विभिन्न हिस्सों में नई ट्रेनों की शुरुआत सभी यात्रियों के लिए लाभकारी होगी, जिससे क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसके अतिरिक्त, उत्तर पश्चिम रेलवे अपनी दीर्घकालिक अवसंरचना विकास रणनीति के तहत 10 और रेल लाइनों के निर्माण की योजना बना रहा है। इन अतिरिक्त सुविधाओं के लिए वर्तमान में यह रणनीति योजना और स्वीकृति के विभिन्न चरणों में हैं।

# सलूम्बर के दो गांवों में 5 बच्चों की रहस्यमयी मौत की जांच होगी

## चिकित्सा विभाग ने उदयपुर के विशेषज्ञों की टीम भेजी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** सलूम्बर जिले के दो गांवों में रहस्यमयी बीमारी से 5 बच्चों की मौत के मामले में राज्य सरकार ने आरएनटी मेडिकल कॉलेज, उदयपुर के चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम गठित कर गहन जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, जिला प्रशासन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को वस्तुस्थिति पर नजर रखने एवं प्रभावित क्षेत्रों में बुखार के लक्षण वाले बच्चों की सघन स्क्रीनिंग करवाने के निर्देश दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि सलूम्बर में बच्चों की मौत का मामला सामने आने पर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने तत्काल अधिकारियों को वस्तुस्थिति पता करने, मौत के कारणों का पता लगाने तथा इस बीमारी की रोकथाम के लिए सभी जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए थे। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल प्रभाव से आरएनटी मेडिकल कॉलेज, उदयपुर के चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम गठित कर बीमारी से प्रभावित गांवों में भेजी है, जो बच्चों की मौत का कारण पता लगाने के साथ ही बीमारी से बचाव के संबंध में भी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कर रही है। साथ ही, स्वास्थ्य निदेशालय, जयपुर से भी एक टीम भेजी गई है। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने भी सोमवार रात वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मामले की पूरी जानकारी ली और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जिला प्रशासन तथा अन्य अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों की सतत निगरानी रखे जाने के निर्देश दिए।

> ■ प्रभावित क्षेत्रों में बच्चों के स्वास्थ्य की सघन स्क्रीनिंग होगी

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि सलूम्बर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि प्रभावित गांवों सहित सलूम्बर एवं आस-पास के क्षेत्रों में स्वास्थ्यकर्मियों की टीम नियोजित कर बुखार के लक्षण वाले बच्चों की गहन स्क्रीनिंग सुनिश्चित करें। किसी भी बच्चे में लक्षण मिलें तो तत्काल प्रभाव से उसे उपचार उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। यदि किसी बच्चे की स्थिति गंभीर हो तो उसे तत्काल जिला चिकित्सालय या मेडिकल कॉलेज से संबद्ध अस्पतालों में रेफर किया जाए। साथ ही, मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के लिए एंटीलार्वा, सोर्स रिडक्शन, फोगिंग सहित अन्य गतिविधियां करवाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

# गुरूग्राम भाजपा कार्यालय में अटल बिहारी वाजपेयी की 9 फीट ऊंची मूर्ति स्थापित



**गुरुग्राम पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी मूर्ति का अनावरण हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेशाध्यक्ष पंडित मोहनलाल बडौली और प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनियाँ ने किया।**

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम स्थित भाजपा जिला कार्यालय गुरुकमल में पार्टी के 47वें स्थापना दिवस पर पूर्व प्रधानमंत्री, पार्टी के संस्थापक एवं प्रथम अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी की 9 फुट ऊंची मूर्ति स्थापित की गई है। इस मूर्ति का अनावरण हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बडौली और प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनियाँ ने किया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत ने वैश्विक स्तर पर नई पहचान स्थापित की है, जिसकी मजबूत नींव पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के दूरदर्शी नेतृत्व में रखी गई थी। वरिष्ठ नेताओं के त्याग, संघर्ष और दूरदृष्टि का ही परिणाम है कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए जनसंघ जैसे संगठन को भी व्यापक लक्ष्य के लिए विलय किया गया।

हरियाणा भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनियां ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनसंघ की स्थापना से लेकर आज तक की यह यात्रा विचारधारा, त्याग और राष्ट्र सेवा के संकल्प से प्रेरित रही है।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांतों और अटल बिहारी वाजपेयी के सुशासन मॉडल ने मजबूत नींव रखी। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में ऐतिहासिक निर्णयों और जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से व्यापक परिवर्तन देखने को मिला है।

डॉ. सतीश पूनिया ने कहा कि गांव, गरीब और किसान के जीवन में सुधार, आधारभूत ढांचे का विस्तार और राष्ट्रीय गौरव की पुनर्स्थापना इस यात्रा की पहचान बनी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बडौली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना जिस विचार और जनसेवा के संकल्प के साथ हुई थी, आज वही पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक संगठन के रूप में स्थापित है।

# केरलम में इंदिरा गारंटी से आएगा बदलावः जूली

**जयपुर/कोट्टायम।** राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सोमवार से केरलम के दो दिवसीय चुनावी दौरे पर हैं। जूली ने कोट्टायम पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय ओमेन चांडी के पुत्र कांग्रेस प्रत्याशी चांडी ओमेन के समर्थन में विधानसभा क्षेत्र-पुदुपल्ली में एक जनसभा को संबोधित किया।

जूली ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि केरलम की जनता वर्तमान सरकार के कुशासन से त्रस्त है और इस बार राज्य में कांग्रेस नीत यूडीएफ के पक्ष में भारी जनसमर्थन और बदलाव की लहर स्पष्ट दिखाई दे रही है। जूली ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भाजपा की नफरत की राजनीति के खिलाफ जो जंग छेडी है, आज पूरा देश इस मुहिम में उनके साथ खडा है।

जूली ने कहा कि "केरलम में इंदिरा गारंटी ही असली बदलाव लाएगी और यूडीएफ की जीत सुनिश्चित करेगी। भाजपा-आरएसएस की विभाजनकारी राजनीति के खिलाफ राहुल गांधी जो जंग लड़ रहे हैं, देश के भविष्य के लिए हमें उसमें उनका मजबूती से साथ देना है।"

# 24 शहरों में आंधी-बारिश व ओलावृष्टि की चेतावनी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में बदलाव दर्ज किया गया है। सोमवार को चूरू और श्रीगंगानगर सहित कुछ शहरों में हल्की से मध्यम बारिश हुई, जबकि अधिकांश क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहने से तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई।

मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को पश्चिमी विक्षोभ का सर्वाधिक असर देखने को मिलेगा। इसके प्रभाव से प्रदेश के 24 शहरों में तेज हवाओं के साथ बारिश और ओलावृष्टि की संभावना है। सोमवार को चूरू और श्रीगंगानगर में दोपहर बाद मौसम ने करवट ली और काले घने बादलों के साथ मध्यम गति की हवाएं चलीं तथा हल्की बारिश दर्ज की गई। वहीं 36.4 डिग्री सेल्सियस के साथ चित्तौड़गढ़ का दिन सबसे गर्म और 23.4 डिग्री के साथ फलौदी की रात सबसे गर्म रही। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, जयपुर संभाग तथा शेखावाटी क्षेत्र में नया मजबूत पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है। इसके प्रभाव से मंगलवार को इन क्षेत्रों के साथ भरतपुर, कोटा और उदयपुर संभाग के कुछ भागों में मेघगर्जन, 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी, ओलावृष्टि और मध्यम से तेज बारिश की संभावना है। उन्होंने बताया कि बीकानेर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र में 20 से 50 मिमी तक वर्षा दर्ज होने की संभावना है। वहीं 8 अप्रैल को बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के उत्तरी भागों में कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है, जबकि अन्य क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहेगा।9 अप्रैल से अगले 3-4 दिनों तक अधिकांश क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहने और तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने किसानों के लिए अलर्ट जारी करते हुए सलाह दी है कि खुले में रखी फसलों और अनाज को सुरक्षित स्थान पर भंडारित करें या ढककर रखें।

# मंदिर के बाहर से एक्टिवा चोरी

**जयपुर।** गांधी नगर इलाके में स्थित मोती डूंगरी गणेशजी मंदिर में आए एक युवक की एक्टिवा चोरी हो गई। वाहन चोरी की जानकारी मिलने के बाद पीड़ित मामले की जानकारी पुलिस कंट्रोल रुम को दी। कंट्रोल रुम की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो तीन युवक एक्टिवा पर सिलेंडर ले जाते हुए दिखाई दिए।

पुलिस ने सीसीसीटीवी फुटेज के आधार पर तीनों वाहन चोरों की तलाश शुरु कर दी है।मामले की जांच कर रहे मुख्य आरक्षी अभय सिंह ने बताया कि महेश नगर स्थित सिद्धि विनायक कॉलोनी निवासी प्रवेश खुटेटा ने मामला दर्ज कराया है कि वो अपनी भाभी प्रियंका गुप्ता से उनकी एक्टिवा मांग कर गणेश मंदिर आया था। सोनी हॉस्पिटल के सामने वाली लाइन में पीड़ित ने एक्टिवा खड़ी की और मंदिर चला गया। महज 15 मिनट बाद वापस लौटा तो एक्टिवा गायब मिली।बताया जा रहा है कि तीनों बदमाशों ने एक्टिवा चोरी करने के बाद सिलेंडर चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

# बांसवाड़ा में व्यापारियों से फिरौती मांगने के मामले का खुलासा, शिक्षक गिरफ्तार

## ऑनलाइन गेमिंग में लाखों रूपये गंवाने के बाद गणित का शिक्षक कर्जदार हो गया था

**बांसवाड़ा, (निसं)।** ऑनलाइन गेमिंग में लाखों रूपये गंवाने के बाद गणित शिक्षक कर्जदार भी हो गये और अपनी परेशानियों से निपटने के लिये उन्होंने ऐसा जाल बिछाया कि खुद को गैंगस्टर साबित करने से भी पीछे नहीं हटे, लेकिन पुलिस ने शिक्षक के जाल को ध्वस्त कर उन्हें पकड़ लिया।

जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने पत्रकारों को बताया कि गत 30 मार्च को शहर के दो व्यापारियों को एक अज्ञात व्यक्ति ने पत्र के माध्यम से खुद को गैंगस्टर बताते हुए एक से 90 लाख तो दूसरे से 50 लाख रूपये की फिरौती की रकम मांगी। साथ ही पैसे न मिलने पर व्यापारियों, उनके परिजनों व संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की धमकी देते हुए बदले में दो करोड़ की वसूली की धमकी भी दी। साथ ही धमकी दी कि अगर पुलिस को जानकारी दी तो हम तुम्हारे परिवार को जानते हैं उनका अंजाम बुरा होगा। जिस पर दोनों व्यापारियों व उनके परिजनों में भय व्याप्त हो गया और उन्होंने अगले दिन राजतालाब थाने में दो अलग-अलग प्रकरण दर्ज कराये। जैसे ही पुलिस अधीक्षक को इन प्रकरणों की जानकारी दी गयी तो उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रकरण का पर्दाफाश करने के निर्देश दिये और टीम गठित की गयी।



जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने प्रेसवार्ता कर मामले की जानकारी दी।

- शिक्षक ने गत 30 मार्च को शहर के दो व्यापारियों को पत्र के माध्यम से खुद को गैंगस्टर बताते हुए एक से 90 लाख तो दूसरे से 50 लाख की फिरौती मांगी थी

उच्चाधिकारियों के निर्देशन के बाद टीम ने घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध की तलाश शुरू की। जिसके तहत शहर में आने-जाने वाले मार्गों पर लगे लगभग 300 सीसीटीवी कैमरों का गहनता से निरीक्षण किया गया तथा संदिग्ध की उपस्थिति जिन-जिन स्थानों पर हुई वहां से वीडियो फुटेज एकत्रित किये गये और उसके आधार पर शहर में आगमन एवं वापसी का रूटमेप तैयार किया गया। वहीं दाहोद मार्ग से अभियुक्त के आने-जाने से उक्त मार्ग पर 7 गांवों में लगे कैमरों का बारीकी से निरीक्षण किया गया और संदिग्ध की पहचान की गयी। पुलिस ने पूरी लिफाफों के आधार पर मार्ग में पड़ने वाली स्टेशनरी की दुकानों पर भी जांच की जिससे पुख्ता साक्ष्य मिले। जिसके आधार पर संदिग्ध व्यक्ति विकेश कुमार कमोल पुत्र कालिया कमोल निवासी टिम्बा महुड़ी थाना कुशलगढ़ को उसके गांव से डिटेन कर पूछताछ की गयी। आरोपी विकेश कुमार द्वितीय श्रेणी के गणित विषय का अध्यापक निकला, जो राउमावि चुड़ादा में कार्यरत हैं

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि ऑनलाइन गेमिंग में लाखों रूपये हार जाने और अत्यधिक कर्ज में आ जाने से लेनदार निरन्तर रूपया वापस लौटाने के लिये दबाव बना रहे थे। आरोपी ने स्वयं को गैंगस्टर बताकर व्यापारियों को धमकाकर पैसों की अवैध वसूली की योजना बनाई। इस योजना के अनुसार विकेश कुमार ने बांसवाड़ा शहर के फार्म हाऊस पर चौकीदार से गाय लेने के बहाने सेठ के बारे में जानकारी ली तो चौकीदार ने बताया कि सेठ प्रोपर्टी डीलर व सोने-चांदी के व्यापारी है। इसी तरह वह शहर के एक अन्य ज्वेलर्स की दुकान पर पहुंचा और चांदी के पायजेब खरीदते हुए सेठ से बात की तो उन्होंने सोने-चांदी की दुकान एवं बड़े व्यवसाय होने की जानकारी दी। शिक्षक ने प्रार्थीगणों के व्यापार के संबंध में पूर्ण जानकारी लेते हुए दोनों व्यापारियों को पत्र लिखा। एक को तो उसने बंद दुकान के शटर के नीचे लिफाफा डालकर तो दूसरे को चौकीदार के माध्यम से पत्र भेजकर अवैध मांग करते हुए रूपया न मिलने पर परिजनों एवं संपत्ति के नुकसान की धमकी दी और राशि भोयन घाटी में नीम के पेड़ के नीचे पहुंचाने को कहा। ऐसे में अगर व्यापारी डरकर रूपया वहां रखते तो आसानी से लेकर अभियुक्त भाग सकता था। पुलिस ने पूछताछ के बाद जुर्म प्रमाणित होने से आरोपी को बापर्दा गिरफ्तार किया है वहीं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर ली है।

# अपहरण एवं फिरौती के आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई

**जोधपुर, (कासं)।** अपर जिला न्यायालय संख्या चार जोधपुर महानगर के न्यायाधीश तरुण कुमार कुमावत ने प्रॉपर्टी कारोबारी सियाराम के बच्चे के अपहरण के 10 साल पुराने मामले में सभी पांच आरोपियों को आजीवन कारावास और 20 -20 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है।

- 10 साल पुराने मामले में पांच आरोपियों को 20-20 हजार के जुर्माने की भी सजा सुनाई

राजस्थान सरकार की ओर से पैरवी के लिए नियुक्त अपर लोक अभियोजक दशरथ सिंह राजपुरोहित ने बताया कि प्रॉपर्टी कारोबारी सियाराम ने 12 मार्च 2016 को अपने बच्चे के अपहरण का मुकदमा पुलिस थाना बनाड़ में दर्ज करवाया था। 12 मार्च 2016 को सुबह बच्चा घर के बाहर गली में खेल रहा था। तब एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार में सवार होकर आए अपराधियों ने बच्चे को जबरदस्ती उठाकर कार में डाला और भाग गए। उसी दिन लगभग 10.30 बजे सियाराम के मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल कर डेढ़ करोड़ की फिरौती मांगी गई तथा पुलिस को सूचना नहीं देने के लिए धमकाया गया। 15 मार्च 2016 को बच्चा बावड़ी स्थित एक होटल के पास सुरक्षित मिल गया जिसकी सूचना स्वयं बच्चे द्वारा अपनी मां को दी गई। मामले में बनाड़ पुलिस थाना के तत्कालीन उपनिरीक्षक एवं अनुसंधान अधिकारी कमलदान चारण ने आरोपियों को पारिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर गिरफ्तार किया तथा अनुसंधान पश्चात आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में चार्जसीट प्रस्तुत की। दशरथ सिंह राजपुरोहित, अपर लोक अभियोजक ने न्यायालय से अपराधियों का अपराध गंभीर प्रकृति का होने की वजह से अपराधियों को कठोर दंड से दंडित करने की मांग की, जबकि आरोपियों ने निर्दोष होने की बात कही। अपर जिला न्यायालय संख्या चार जोधपुर महानगर के न्यायाधीश तरुण कुमार कुमावत ने शनिवार को 32 ग्वाह, 84 दस्तावेजी साक्ष्य के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध आरोपों को संदेश से परे सिद्ध मानते हुए सभी 5 अभियुक्त जितेंद्र सिंह, नटवर सिंह, रिड़मल सिंह, लोकेश सारण व राजू सिंह उर्फ राजेंद्र सिंह को दोषी ठहराते हुए आजीवन कठोर कारावास एवं बीस-बीस हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई।

# एमडी और डोडा-पोस्त बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**नोखा, (निसं)** पुलिस ने मादक पदार्थ एमडी और डोडा-पोस्त के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी अरविंद भारद्वाज ने बताया कि आरोपी ओमप्रकाश बिश्नोई के पास से 56 ग्राम एमडी, 10 किलो 125 ग्राम डोडा-पोस्त छिलका और 3 किलो 580 ग्राम डोडा पोस्त चूरा बरामद किया गया। पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

- पुलिस आरोपी से गहनता से पूछताछ कर रही है

गिरफ्तार तस्कर की पहचान ओमप्रकाश बिश्नोई (45) पुत्र बालूराम, निवासी काकड़ा, पुलिस थाना जसरासर, हाल किरायेदार उगमपुरा बास नोखा के रूप में हुई है। ओमप्रकाश के खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट के तहत तीन मामले दर्ज हैं।

वृताधिकारी नोखा जरनेल सिंह आरपीएस के निकट पर्यवेक्षण में थानाधिकारी अरविंद कुमार भारद्वाज पुलिस निरीक्षक के निर्देश पर यह कार्रवाई हुई। थाना नोखा से उप निरीक्षक कुशलाराम के नेतृत्व में टीम ने आरोपी ओमप्रकाश बिश्नोई को गिरफ्तार किया। टीम में कॉन्स्टेबल बाबूलाल, रामेश्वर लाल, जेठूसिंह और महिला कॉन्स्टेबल निर्मला शामिल थे। पुलिस आरोपी से गहनता से पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह मादक पदार्थ कहां से लेकर आया था।

# नोखा के भादला में तीन अवैध मेडिकल स्टोर सीज़

**नोखा, (निसं)।** क्षेत्र के भादला गांव में एक अवैध मेडिकल संचालक के गलत उपचार किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि इस उपचार के कारण एक तीन माह की गर्भवती महिला का गर्भपात हो गया। चिकित्सा विभाग ने कार्रवाई करते हुए संबंधित मेडिकल स्टोर को सीज कर दिया है और मामले की जांच जारी है।

- महिला की तबियत बिगड़ने के बाद बीसीएमओ ने कार्रवाई की, जांच जारी
- भादला में एक अवैध मेडिकल संचालक द्वारा गलत उपचार किए जाने का मामला सामने आया था, जिसके बाद कार्रवाई की

बीसीएमओ डॉ. रामरतन बिश्नोई ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत के आधार पर भादला गांव में आशापूरा मेडिकल, ओम मेडिकल और श्रीराम मेडिकल को सीज किया गया है। साथ ही संबंधित संचालकों को नोटिस जारी कर दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। शिकायतकर्ता युवक ने बताया कि 2 अप्रैल को उसकी पत्नी के पेट में हल्का दर्द हुआ था। वह उसे सरकारी अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद तीन माह का गर्भ बताया और स्त्री रोग विशेषज्ञ से परामर्श लेने को कहा। इसके बाद गांव के आशापुरा मेडिकल एवं जनरल स्टोर के संचालक ने युवक को भरोसा दिलाया कि महिला को कोई गंभीर समस्या नहीं है। संचालक ने गांव में ही उसका इलाज करने की बात कही, जिसके बाद युवक उनकी बातों में आकर पत्नी का उपचार वहीं शुरू करवा दिया। आरोप है कि मेडिकल संचालक ने महिला को दो इंजेक्शन लगाए और ग्जूकोज की ड्रिप चढ़ाई। इसके तुरंत बाद महिला की तबीयत अचानक बिगड़ गई और उसे तेज रक्तस्राव शुरू हो गया। घबराकर संचालक ने महिला को नोखा ले जाने की सलाह दी।

युवक का आरोप है कि इस गलत इलाज के कारण उसकी पत्नी का तीन माह का गर्भ गिर गया और उसकी तबीयत गंभीर रूप से बिगड़ गई। इस घटना के बाद भादला गांव के दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र भेजा है। उन्होंने गांव में अवैध रूप से क्लिनिक चलाने वाले लगभग 10 अन्य झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि ये लोग मेडिकल स्टोर की आड़ में नशे की गोलियां, ग्लूकोज, ड्रिप, प्रतिबंधित दवाइयां और इंजेक्शन लगाकर ग्रामीणों से मोटी रकम वसूलते हैं।

# भीलवाड़ा, बूंदी और राजसमंद के थानों का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले की बिगोद थाना पुलिस ने भीलवाड़ा, बूंदी और राजसमंद के विभिन्न थानों में लंबे समय से वांछित चल रहे एक शातिर स्थायी वारंटी को दबोच लिया है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी, चोरी, मारपीट और हत्या के प्रयास जैसे गंभीर प्रकृति के कई मुकदमे दर्ज हैं।

- भीलवाड़ा जिले की बिगोद थाना पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के आदेशानुसार जिले में वांछित अपराधियों और वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु एक सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पारसमल जैन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, मुख्यालय के निर्देशन और बाबू लाल विश्नोई वृत्ताधिकारी माण्डलगढ़ के निकट सुपरविजन में बिगोद थानाधिकारी जयसुल्तान के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम जब सायंकालीन गश्त में जुटी थी, तभी मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि कई जिलों का वांछित अपराधी मोहम्मद इकबाल (45) पिता अब्दुल गफूर लुहार, निवासी नई आबादी, बिगोद, इलाके में देखा गया है। पुलिस ने तत्काल जाल बिछाया और घेराबंदी कर उसे डिटेन कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की गई है और संबंधित जिलों के थानों को सूचित कर दिया गया है। पकड़ा गया आरोपी मोहम्मद इकबाल एक आदतन अपराधी है, जिसकी तलाश भीलवाड़ा के अलावा टोंक, राजसमंद, चित्तौड़गढ़ और बूंदी पुलिस को भी थी। भीलवाड़ा पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अपराधियों के विरुद्ध यह जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रहेगी। आरोपी मोहम्मद इकबाल से पूछताछ की जा रही है, जिससे अन्य कई वारदातों और उसके नेटवर्क के बारे में बड़े खुलासे होने की संभावना है।

# हाइवे पर टायर फटने से सीमेंट से भरा ट्रेलर दुर्घटनाग्रस्त

**पावटा, (निसं)।** कस्बे में जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को एक बड़ा हादसा घटित होते-होते टल गया। जानकारी के अनुसार जयपुर से दिल्ली की ओर जा रहा सीमेंट से भरा ट्रेलर बल्कर अचानक टायर फटने के कारण अनियंत्रित हो गया।

- हादसे में ट्रेलर चालक घायल हुआ

घटना निरंकारी भवन के सामने हुई, जहां ट्रेलर चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। अनियंत्रित ट्रेलर सड़क के बीच लगे पोल को तोड़ता हुआ डिवाइडर पर चढ़ गया और दुर्घटनाग्रास्त हो गया। इस दौरान ट्रेलर चालक घायल हो गया जिसे उपजिला अस्पताल पावटा ले जाया गया। हादसे के समय मार्ग पर यातायात जारी था, लेकिन गनीमत रही कि इस दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई और यातायात कुछ समय के लिए प्रभावित रहा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालते हुए दुर्घटनाग्रस्त वाहन को क्रेन की सहायता से राजमार्ग से हटाकर यातायात को सुचारू कराया। स्थानीय लोगों ने बताया कि मुख्य बस स्टैंड होने के कारण हमेशा यहां रोडवेज बसों का जमावड़ा रहता है और बड़ी संख्या में सवारियों की भीड़ भी रहती है। गनीमत यह रही कि किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

# अजमेर में मवेशी का गला काटने का प्रयास, युवक हिरासत में

**अजमेर, (कासं)।** शहर के रामगंज थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह मवेशी के साथ क्रूरता की घटना सामने आने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। ब्यावर रोड स्थित जैन नमकीन के सामने एक युवक द्वारा सड़क पर पड़े मवेशी का गला काटने का प्रयास किए जाने की सूचना मिलते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर एकत्र हो गए।

- आक्रोशित भीड़ ने युवक को पकड़ लिया और पिटाई कर दी

सूचना फैलते ही कुछ हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए। इस दौरान आक्रोशित भीड़ ने युवक को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। सूचना मिलते रामगंज थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और युवक को भीड़ से छुड़ाकर हिरासत में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी सिटी हिमांशु जांगिड़ और सीओ मनीष बड़गुर्जर भी रामगंज थाने पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। पुलिस ने मवेशी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए मोर्चरी भिजवाया है।

एडिशनल एसपी सिटी हिमांशु जांगिड़ के अनुसार, जवाहर की नाड़ी निवासी अनिकेत महावर की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपी युवक की पहचान करने के प्रयास कर रही है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि घटना की पूरी सच्चाई सामने आ सके। साथ ही घटना में प्रयुक्त हथियार की बरामदगी के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# गोदाम से रवाना हुआ माल रास्ते में गायब, केस दर्ज

**अजमेर, (कासं)।** शहर के अलवर गेट थाना क्षेत्र में माल परिवहन से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें गोदाम से भेजा गया मिलस्केल-आयरन डस्ट का माल रास्ते में ही गायब हो गया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नाका मदार निवासी ललित खटाणा ने शिकायत में बताया कि उनका नारेली क्षेत्र में हाइवे के पास स्थित गोदाम है, जहां से वे मिलस्केल और आयरन डस्ट के माल का परिवहन करवाते हैं। गत 26 फरवरी को उन्होंने एक ट्रेलर में माल भरवाकर भीलवाड़ा स्थित जिंदल कंपनी के लिए रवाना किया था। शिकायत में बताया गया कि ट्रेलर चालक लालाराम गुर्जर उर्फ चैनाराम गुर्जर को तय शर्तों के अनुसार 16 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर किए गए थे। इसके बावजूद चालक माल निर्धारित स्थान तक नहीं पहुंचा और रास्ते में ही गायब हो गया।

पीड़ित के अनुसार, आरोपी चालक लगातार बहाने बनाता रहा और बाद में अज्ञात व्यक्तियों के माध्यम से अतिरिक्त पैसों की मांग करने लगा। ललित खटाणा ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने अतिरिक्त राशि देने से मना किया, तो आरोपी ने माल बेचने और उन्हें जान से मारने तक की धमकी दी। इतना ही नहीं, आरोपी द्वारा यह भी कहा गया कि उसे गोदाम से उठाकर गायब कर दिया जाएगा और रास्ते में उसकी गाड़ियों को भी रुकवा दिया जाएगा। पीड़ित ने 13 मार्च को अलवर गेट थाने में शिकायत दी थी, लेकिन उस समय मामला दर्ज नहीं किया गया। इसके बाद उन्होंने न्यायालय में परिवाद पेश किया।

# जोधपुर में अलग-अलग हादसों में तीन की मौत, दो घायल

**जोधपुर, (कासं)।** शहर और आसपास हुए सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि हादसे में दो जने घायल हुए हैं। संबंधित थाना पुलिस ने कार्रवाई के बाद शव परिजन को सुपुर्द किए हैं।

करवड़ पुलिस ने बताया कि सिंधियों की ढाणी, माणकलाव निवासी रामजान खां पुत्र मेहबूब खां की तरफ से रिपोर्ट दी गई है। इसमें बताया कि 4 अप्रैल की रात उसका भाई अजीज खां, परिचित इदरिश एवं जमालुद्दीन खां ट्रैक्टर-ट्रॉली में चारा भरकर माणकलाव की तरफ आ रहे थे। रात दस बजे माणकलाव के पास में ही उनकी ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से आए एक ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में तीनों ट्रैक्टर-ट्रॉली से गिर गए। इसमें उसके भाई अजीज खां की मौत हो गई। इदरिश एवं जमालुद्दीन का उपचार चल रहा है। करवड़ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच आरंभ की है।

दूसरी तरफ झंवर पुलिस ने बताया कि चिचड़ली, झंवर निवासी पप्पाराम पुत्र चौथाराम की तरफ से रिपोर्ट दी गई कि उसका भाई राजू भील 4 अप्रैल को बाइक लेकर लोरडी देजगरा से निकल रहा था। तब एक निजी बस चालक ने चपेट में ले लिया। हादसे में उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी बाद में मौत हो गई। झंवर पुलिस ने बस नंबर के आधार पर अब चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश आरंभ की है। वहीं विवेक विहार पुलिस ने बताया कि केरू पेट्रोल पंप के पास रहने वाले सुनील पुत्र सुरताराम ओड ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसका भाई 18 मार्च को भाकरासनी कट के पास में सड़क हादसे में घायल हो गया था। जिसका अस्पताल में उपचार चल रहा था, अब उसकी मौत हो गई। उसके भाई की गाड़ी को किसी अज्ञात वाहन चालक ने चपेट में लिया था। विवेक विहार पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

# ईरान युद्ध को लेकर परिचर्चा आयोजित

**वजीरपुर।** राजकीय कन्या महाविद्यालय में "ईरान युद्ध का बच्चों एवं महिलाओं पर प्रभाव" विषय पर आज परिचर्चा आयोजित की गई।

नोडल अधिकारी एवं राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर डॉ. रमेश बैरवा ने बताया कि इजराइल और अमेरिका ने अंतरराष्ट्रीय कानून और राष्ट्रीय संप्रभुता की खुली अनदेखी कर 28 फरवरी को ईरान पर एक तरफा हमला किया था। आज इसे एक महीने से ज्यादा का समय हो गया है। ईरान युद्ध ने अब बहुत विकराल रूप ले लिया है। इस युद्ध का सबसे बुरा जानलेवा असर बच्चों और महिलाओं पर हो रहा है। हजारों लोगों की जान जा चुकी है। ईरान में एक प्राइमरी स्कूल पर हमले में 168 लड़कियां मारी गई। दोनों तरफ से रिहायशी इलाकों पर विध्वंसक हथियार गिराए जा रहे हैं। विश्व शांति खतरे में है। ईरान युद्ध का भारत समेत दुनिया की अर्थव्यवस्था पर भी बुरा असर हो रहा है। महंगाई और बेकारी बढ़ रही है। परिचर्चा में युद्ध के दुष्प्रभाव दुष्प्रभावों के प्रति चिंता प्रकट करते हुए छात्राओं ने युद्ध पर तुरंत रोक लगाकर शांति कायम करने के विचार का पुरजोर समर्थन किया है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहायक लेखाधिकारी शैलेश जैन, सोहनसिंह योगी, सुनील कुमार का सहयोग रहा।

# कोटा में 15 लाख का अवैध डोडा चूरा सहित आरोपी गिरफ्तार

**कोटा, (निसं)।** अवैध मादक पदार्थ की तस्करी व तस्करों की धरकपड़ के लिये ग्रामीण पुलिस की ओर से चलाये जा रहे ऑपरेशन रूट क्लियरेंस अभियान के तहत नाकाबंदी के दौरान मंडाना व ग्रामीण की विशेष टीम ने संयुक्त रूप से कार्यवाही को अंजाम देते हुए अवैध मादक पदार्थ 30.760 किलोग्राम डोडा-चूरा व 1.900 किलोग्राम अफीम सहित आरोपी को गिरफ्तार किया, पकड़े गये अवैध मादक पदार्थ की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में 15 लाख रूपये कीमत बताई गई है।

- पुलिस ने 30 किलो डोडा चूरा व 1 किलो अफीम जब्त की




ग्रामीण पुलिस की विशेष टीम व मंडाना पुलिस टीम ने कार व अवैध मादक पदार्थ जब्त किया।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि ग्रामीण की जिला विशेष टीम व मंडाना पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से इलाके में नाकाबंदी कर वाहनों की चैकिंग की। नाकाबंदी के दौरान झालावाड़ की ओर से एक यूपी नम्बर की कार आती हुई नजर आई, जिसे मौके पर मौजूद पुलिस टीम ने रूकने का इशारा किया तो कार चालक ने कार को भगाकर ले जाने का प्रयास किया। मौके पर मौजूद पुलिस टीम ने पीछा कर कार को रूकवाया तो कार के रूकते ही कार में सवार दो जनों ने भागने का प्रयास किया, पुलिस जाब्ता ने पीछा कर एक व्यक्ति को पकड़ लिया लेकिन दूसरा मौके से फरार हो गया। पुलिस टीम ने कार की तलाशी ली तो कार में दो कट्टों में भरा 30 किलो 760 ग्राम डोडा-चूरा व 1 किलो 900 ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस टीम ने मौके पर एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए जिला जोधपुर के ढाढणिया निवासी अनिल को गिरफ्तार किया, पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी है एवं फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

# उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा प्रदेशभर में शांतिपूर्ण सम्पन्न

**अजमेर, (निसं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित उपनिरीक्षक एवं प्लाटून कमांडर भर्ती परीक्षा 2025 का सोमवार को प्रदेशभर में शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से समापन हो गया।

परीक्षा के सफल आयोजन पर संतोष व्यक्त करते हुए आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने कहा कि यह उपलब्धि सभी संबंधित विभागों के समन्वय और कर्तव्यनिष्ठा का परिणाम है। उन्होंने जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग तथा परीक्षा से जुड़े सभी कार्मिकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही इतनी बड़ी परीक्षा को पारदर्शी और सुचारू रूप से संपन्न कराया जा सका। परीक्षा के द्वितीय चरण में सोमवार को आयोजित दोनों सत्रों में अभ्यर्थियों की उपस्थिति लगभग समान रही। प्रथम सत्र में सामान्य हिंदी विषय की परीक्षा में 61.56 प्रतिशत अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि द्वितीय सत्र में सामान्य ज्ञान एवं सामान्य विज्ञान विषय की परीक्षा में 61.12 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। इस प्रकार परीक्षा का आयोजन शांतिपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# लोन के नाम पर धोखाधड़ी

**अजमेर, (कासं)।** अलवरगेट थाना क्षेत्र के नगरा निवासी संदीप खंडलेवाल के साथ लोन के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने बिहारीगंज स्थित केपी ग्लोबल हाउसिंग फाइनेंस कंपनी से 31 लाख 92 हजार रुपए का होम लोन लिया था।

पीड़ित के अनुसार लोन फिक्स ब्याज दर पर लिया गया था, जिसके तहत उसे प्रतिमाह 36 हजार 270 रुपए की किश्त जमा करवानी होती थी। संदीप ने बताया कि उसने करीब आठ वर्षों तक नियमित रूप से किश्तों का भुगतान किया, लेकिन इसके बाद कंपनी ने अचानक ईएमआई बढ़ाकर 43 हजार 170 रुपए कर दी।

# सालासर मन्दिर में हरियाणा के युवक ने हंगामा किया

**चूरू, (कासं)।** चूरू जिले के विश्व विख्यात सालासर बालाजी मंदिर में रविवार को हरियाणा के एक युवक ने जानलेवा हमला कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार हिसार से आधा दर्जन लोग मन्दिर में दर्शन करने आए थे। एक युवती ने मोबाइल से रील बनानी शुरू कर दी। वह मना करने पर भी नहीं मानी। युवती के साथ आया एक युवक क्रोधित हो गया। उसने दौड़कर महिला सुरक्षाकर्मी के साथ अभद्रता की और मारपीट शुरू कर दी। इससे तीन युवतियों के चोट लगी। हमलावर युवक ने इतने में ही बस नहीं की, वह गया और प्रसाद से भरे टोप को जमीन पर खाली करके श्रद्धालुओं की ओर फैंक दिया। इससे वहां खड़े बच्चे बाल-बाल बच गए, टोप एक सुरक्षा गार्ड के सिर में जाकर लगा। मन्दिर कमेटी के पदाधिकारियों ने काफी समझाया, हाथ तक जोड़ते रहे, परन्तु युवक पर कोई असर नहीं हुआ। युवक ने देश के गृहमंत्री अमित शाह का नाम लेकर मन्दिर कमेटी को धमकी दी।

मंदिर प्रबंधन कमेटी हनुमान सेवा समिति के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश पुजारी ने बताया कि रविवार होने की वजह से भारी भीड़ थी, लेकिन कुछ लोगों के द्वारा मोबाइल से रील व वीडियो बनाने से मना करने पर गाली गलौच करते हुए महिला सिक्योरिटी गार्ड के साथ मारपीट शुरू कर दी गई, जिसके बाद दोनों पक्षों को बिठाकर समझाइश के प्रयास किए गए। सालासर थाना पुलिस अधिकारी राजेन्द्र सिंह ने कहा कि दोनों पक्ष थाने में आए थे, कोई मुकदमा दर्ज नहीं करवाया गया। उनमें राजीनामा हो गया। मिली जानकारी के अनुसार बाद में युवक ने माफी भी मांगी।



मैं चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से खेलते हुए 'मानसिक रूप से परेशान करने वाले' और 'पीड़ादायक' दौर से नहीं गुजरे होता तो मैं इंडियन प्रीमियर लीग में थोड़ा और समय तक खेल सकता था। - आर. अश्विन

पूर्व भारतीय गेंदबाज, मानसिक रूप से परेशान दौर से गुजरने पर बोलते हुए।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी

### संग्राम सिंह



**भारतीय** रेसलर संग्राम सिंह ब्यूनस आयर्स में खुद से 16 साल छोटे फ्रांस के फाइटर फ्लोरियन काउडियर को हराकर अर्जेंटीना में एमएमए फाइट जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। संग्राम सिंह ने ब्यूनस आयर्स के खचाखच भरे टिगरे स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम में महज एक मिनट 45 सेकंड में धराशायी किया। संग्राम सिंह ने तिबस्ली और एम्स्टर्डम में जीत के बाद एमएमए में जीत की हैट्रिक पूरी की। फ्लोरियन काउडियर के खिलाफ लड़ाई में संग्राम सिंह को कुश्ती के दांव पेंचों का काफी फायदा हुआ। संग्राम सिंह ने अपनी पहली एमएमए फाइट में पाकिस्तानी फाइटर को 90 सेकंड में हराया था।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट में टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत का दबदबा है, जहां उसने 17 में से 14 मैच जीते हैं, जबकि पाकिस्तान ने 3 मैच जीते हैं।

## संजू सैमसन के बॉडी लैंग्वेज पर भड़के प्रशंसक

नई दिल्ली, 6 अप्रेल। आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपरकिंग्स का प्रदर्शन लगातार सवालों के घेरे में है और इसी बीच संजू सैमसन भी चर्चा के केंद्र में आ गए हैं। टीम की लगातार हार और उनकी खराब फॉर्म ने प्रशंसकों की नाराजगी को बढ़ा दिया है। बता दें कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ खेले गए मुकाबले में भी सैमसन का बल्ला नहीं चला और वह एक बार फिर कम स्कोर पर आउट हो गए। मौजूद जानकारी के अनुसार, इस सीजन के शुरुआती तीन मैचों में वह केवल 6, 7 और 9 रन ही बना पाए हैं, जिससे टीम को मजबूत शुरुआत नहीं मिल पा रही है। गौरतलब है कि हाल ही में टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले सैमसन से इस सीजन काफी उम्मीदें थीं, लेकिन अब तक वह उन पर खरे नहीं उतर सके हैं। उनकी फॉर्म में गिरावट का असर सीधे तौर पर टीम के प्रदर्शन पर भी दिखाई दे रहा है, जहां चेन्नई को लगातार तीन हार का सामना करना पड़ा है। इसी बीच सोशल मीडिया पर एक प्रशंसक की पोस्ट तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें सैमसन की बॉडी लैंग्वेज और मैदान पर उनके रवैये पर सवाल उठाए गए हैं।

## कोलकाता में बारिश बनी विलेन, केकेआर और पंजाब को बांटने पड़े अंक



कोलकाता, 6 अप्रेल। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के मुकाबले पर पानी फिर गया। बारिश के कारण सोमवार को आईपीएल 2026 का 12वां मैच रद्द हो गया। दोनों टीमों को एक-एक अंक बांटना पड़ा। शुरुआती दो मैचों में हार झेलनी वाली केकेआर का पॉइंट्स टेबल में खाता खुल गया। पंजाब की टीम 5 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। बारिश के कारण जब मैच रुका तब केकेआर 3.4 ओवर में दो विकेट पर 25 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी। कप्तान अजिंक्य रहाणे आठ जबकि युवा विकेटकीपर बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी सात रन बनाकर खेल रहे थे।

केकेआर और पंजाब किंग्स के बीच आईपीएल 2026 का मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया है। केकेआर ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया था। टीम ने 3.4 ओवर में दो विकेट पर 25 रन बनाए थे। उसी वक्त हल्की बारिश के कारण मैच रुक गया। हालांकि, देखते ही देखते बारिश तेज हो गई जिससे मुकाबला दोबारा शुरू नहीं हो सका।

पांच-पांच ओवर का मैच कराने के लिए कटऑफ टाइम रात 11 बजकर 14 मिनट था। बारिश रुक भी गई, लेकिन जब कवर्स हटे तो मैदान काफी गीला था और बाउंड्री के पास पानी भी भरा था। निर्धारित समय तक ग्राउंड तैयार नहीं किया जा सकता था, लिहाजा अंपायरों ने मैदान का निरीक्षण करने के बाद दोनों कप्तानों से चर्चा की और मैच रद्द करने का फैसला किया। केकेआर और पंजाब को इस तरह एक-एक अंक मिले।

## आईसीसी के 'प्लेयर ऑफ मंथ' अवॉर्ड के लिए संजू सैमसन और बुमराह के बीच भिड़ंत, दक्षिण अफ्रीका का खिलाड़ी भी शामिल

नई दिल्ली, 6 अप्रेल। आईसीसी ने मार्च 2026 के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड की नॉमिनेशनल जारी की है। हर बार की तरह इस बार भी आईसीसी ने तीन खिलाड़ियों को नॉमिनेट किया है जिन्होंने पिछले महीने इंटरनेशनल क्रिकेट में दमदार खेल दिखाया। इनमें भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और साउथ अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज कॉनर एस्टरहुइज़न का नाम शामिल है।



मेंस कैटेगरी में संजू सैमसन और जसप्रीत बुमराह की दावेदारी नजर आ रही है। संजू सैमसन ने आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर 8 के आखिरी मैच और फिर सेमीफाइनल और फाइनल में दमदार खेल दिखाकर टीम को खिताब दिलाया और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड भी जीता। नाबाद 97 रन उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाए थे, जबकि सेमीफाइनल में 89 रनों की पारी इंग्लैंड के खिलाफ खेली थी और फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ भी 89 रन ही बनाए थे। वहीं, जसप्रीत बुमराह ने वेस्टइंडीज के खिलाफ सुपर8 के मैच में 36 रन देकर 2 विकेट अपने नाम किया था, जिसे वर्चुअल क्वार्टर फाइनल कहा गया था। वहीं सेमीफाइनल में 33 रन देकर एक विकेट निकाला था। फाइनल में 15 रन देकर 4 विकेट अपने नाम किए थे। इस तरह उनकी दावेदारी भी मजबूत है। अब देखना ये है कि संजू सैमसन और बुमराह में से किसे प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड मिलता है, जबकि साउथ अफ्रीका के कॉनर एस्टरहुइजन भी इसमें शामिल हैं।

## भारत को बड़ा झटका, सात्विक-चिराग की जोड़ी एशियन चैम्पियनशिप 2025 से हटी, लक्ष्य-सिंधु पर नजरें



नई दिल्ली, 6 अप्रेल। सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप से अपना नाम वापस ले लिया है और अब इस प्रतियोगिता में भारत का दारोमदार शानदार फॉर्म में चल रहे लक्ष्य सेन और अनुभवी पीवी सिंधु पर टिका रहेगा। सात्विक अभी कंधे की चोट से उबर रहे हैं जिसके कारण इस स्टार भारतीय जोड़ी को टूर्नामेंट से नाम वापस लेना पड़ा। सात्विक और चिराग ने 2023 में इस प्रतियोगिता का खिताब जीता था।

भारतीय कोच टैन किम हेर ने पीटीआई को बताया, "सात्विक को अभी भी कुछ दर्द है, इसलिए वे इस सप्ताह नहीं खेल पाएंगे।" सात्विक के दाहिने कंधे में दर्द के कारण यह भारतीय जोड़ी स्विस ओपन में भी क्वार्टर फाइनल के मैच से भी हट गई थी। इस महाद्वीपीय चैंपियनशिप में भारत की निगाहें अब एकल खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर टिकी रहेंगी जिसका नेतृत्व लक्ष्य और सिंधु करेंगे। यह दोनों इस प्रतियोगिता में एकल में देश के खिताब के 61 साल से चले आ रहे इंतजार को खत्म करने की कोशिश करेंगे। पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन दिनेश खन्ना एकमात्र भारतीय हैं जिन्होंने 1965 में महाद्वीपीय प्रतियोगिता में पुरुषों के एकल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में उपविजेता रहने के बाद लक्ष्य उनके नक्शेकदम पर चलने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

अल्मोड़ा का यह 24 वर्षीय खिलाड़ी हांगकांग के ली चेउक यिउ के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा। महिला एकल में सिंधु यूरोपीय चरण में भाग नहीं ले पाने केबाद वापसी कर रही हैं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के लिए इंग्लैंड जाते समय दुबई में फंस गई थीं, जिसके चलते उन्हें टूर्नामेंट से हटना पड़ा। इसके बाद उन्होंने आराम करने के लिए स्विस ओपन में हिस्सा नहीं लिया और अब उनका पहला मुकाबला मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से होगा।

## मथीशा पथिराना की वापसी से केकेआर को मिलेगी रफ्तार

नई दिल्ली, 6 अप्रेल। केकेआर के लिए आईपीएल 2026 की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने अपने पहले दोनों मुकाबलों में हार का सामना किया है। केकेआर के लिए चोटिल खिलाड़ी सबसे बड़ी चिंता का विषय रहे हैं। हर्षित राणा पूरे सीजन के लिए बाहर हैं। आकाश दीप भी नहीं खेल पाएंगे, जबकि तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना भी अब तक टीम के साथ नहीं जुड़ सके हैं।आईपीएल 2026 में केकेआर के लिए अच्छी खबर है। मथीशा पथिराना के जल्द फिट होने की संभावना है और वे टीम के साथ जुड़ सकते हैं। बता दें कि, ऑक्शन में कोलकाता ने श्रीलंका के तेज गेंदबाज को 18 करोड़ रुपये में खरीदा था।

## विराट कोहली ने तोड़ा रोहित शर्मा का रिकॉर्ड

नई दिल्ली, 6 अप्रेल। आईपीएल 2026 में आरसीबी और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेले गए हाई वोल्टेज मैच में जमकर रनों की बारिश हुई। डिफेंडिंग चैंपियन आरसीबी ने बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी में 250/3 का पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा किया। जवाब में सीएसके दो गेंद बाकी रहते 207 रनों पर ढेर हो गई। आरसीबी ने 43 रनों से धमाकेदार जीत दर्ज की।आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने 18 गेंदों में 28 रनों की छोटी पारी खेली लेकिन एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। वह आईपीएल में एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। कोहली ने मुंबई



इंडियंस के धाकड़ बल्लेबाज रोहित शर्मा का रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया है। दरअसल, कोहली सीएसके के खिलाफ 36 मैचों में 1174 रन बटोर चुके हैं। जिसमें 37.87 का औसत रहा। उनका चेन्नई के खिलाफ हाईएस्ट स्कोर नाबाद 90 है। वहीं, हिटमैन के नाम से मशहूर रोहित ने कोलकाता नाइट राइडर्स के सामने 36 मुकाबलों में 1161 रन जुटाए हैं। उनका औसत 40.03 का है। रोहित का केकेआर के खिलाफ सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर नाबाद 109 रन है। रोहित ने आईपीएल के मौजूदा सीजन में केकेआर के खिलाफ 78 रनों की पारी खेली थी और तब कोहली को पछाड़ा था। हालांकि, कोहली ने 10 दिन के भीतर ही रोहित से आईपीएल में एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा रन का रिकॉर्ड छीन लिया। कोहली तीन टीमों के खिलाफ 1100 प्लस रन बनाने वाले एकलौते खिलाड़ी हैं।

## आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स प्रतियोगिता 11 अप्रेल से

जयपुर, 6 अप्रैल। राज्य स्तरीय सीनियर व जूनियर (महिला व पुरुष) आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स प्रतियोगिता दिनांक 11 से 14 अप्रैल 2026 तक चैनपुरा इंडोर स्टेडियम जोधपुर आयोजित की जा रही हैं। इस प्रतियोगिता हेतु 05 अप्रैल 2026 को आयोजित जिला स्तरीय सीनियर व जूनियर (महिला व पुरुष) आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर जोधपुर की टीम का चयन किया गया है। जिला जिम्नास्टिक्स संघ जोधपुर की चयन समिति, सयोजक डॉ. भागीरथ सिंह, सचिव डॉ. शक्ति सिंह रावलोत व भवानी सिंह, द्वारा प्रतियोगिता में चयनित जिम्नास्ट्स की घोषणा की गई।

## राज्य स्तरीय यू-20 फुटबॉल प्रतियोगिता 2025-26 का सैनिक स्कूल मैदान पर भव्य शुभारंभ



चित्तौड़गढ़, 6 अप्रैल। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के निर्देशानुसार एवं राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के मार्गदर्शन में जिला फुटबॉल संघ चित्तौड़गढ़ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय यू 20 फुटबॉल प्रतियोगिता 2025-26 का सोमवार सुबह सैनिक स्कूल मैदान,चित्तौड़गढ़ में अत्यंत भव्य और उत्साहपूर्ण वातावरण में शुभारंभ हुआ। चार दिवसीय इस खेल महाकुंभ में 26 जिलों के 400 खिलाड़ी भाग ले रहे है उद्घाटन अवसर पर मैदान खिलाड़ियों के जोश,दर्शकों की तालियों और खेल भावना से सराबोर नजर आया।

मैदान 1 पर खेले गए मुकाबले में जयपुर ने दमदार प्रदर्शन करते हुए डूंगरपुर को 2-0 से पराजित किया। झुंझूनु एवं बीकानेर के मध्य खेले गए मुकाबले में झुंझुनु ने 2-0 से विजय प्राप्त की। उदयपुर ने दौसा को 3-0 से मात दी। मैदान क्रमांक 2 पर पाली की टीम ने संगठित खेल का परिचय देते हुए सिरोही को 3-1 से शिकस्त दी। अलवर एवं बारां में मध्य खेले गए मैच में अलवर ने बारां को 4-1 से हराया। दोनों मैचों में खिलाड़ियों ने तेज़ पासिंग,सटीक स्ट्राइक और मजबूत डिफेंस के साथ खेल की उच्च स्तरीय प्रतिस्पर्धा का परिचय दिया।

**400 से अधिक खिलाड़ी ले रहे भाग, नेशनल टीम चयन का अवसर -** आयोजन समिति के फैसल खान ने जानकारी देते हुए बताया कि इस चार दिवसीय प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों की टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें 400 से अधिक खिलाड़ी अपने हुनर का प्रदर्शन कर रहे हैं।

## भदौरिया एकेडमी व तारिक एकेडमी जीती

जयपुर, 6 अप्रैल। राजस्थान यूथ क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय यूथ कप अंडर 17 में आज खेले गए मैचों में भदौरिया एकेडमी ने अनंतम एकेडमी को 9 विकेट से हराया तथा तारिक एकेडमी ने एन बी एकेडमी को 141 रनो से हराया। भदौरिया ग्राउंड पर ने अनंतम एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हर्ष परवानी के 10 रन, कर्णव कोठारी के



16 रन ब गौरव शांतिवाल के 24 रन से 26.4 ओवर में 77 रनो आउट हो गई। भदौरिया एकेडमी के लिए निहाल टांक ने 12 पर 4, तनीष खंडेलवाल ने 7 पर 2 विकेट लिए। जवाबी पारी में भदौरिया एकेडमी की टीम ने देवांश सिंह के 56 रन व रियान के 14 रनो से 7.3 ओवर में एक विकेट पर 78 रन बनाकर मैच जीत लिया। अनंतम एकेडमी के लिए गौरव शांतिवाल ने 33 पर एक विकेट लिया। दूसरे मैच में एन बी ग्राउंड पर तारिक एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जवाबी पारी में चेतन मीणा के 84 रन, विवेक के 29 रन व मोहन सैनी के 41 रनो से 33.5 ओवर में 214 रन बनाए। एन बी एकेडमी के लिए रोहन मीणा ने 34पर 3, समर्थ सचदेवा ने 66 पर 3 व विहान जैन ने 51 पर 3 विकेट लिए। जवाबी पारी में एन बी एकेडमी की टीम शौर्य के 15 रन व ऋषभ के 15 रनो से 21.3 ओवर में 73 रनो पर सिमट गई। तारिक एकेडमी के लिए तनीशा चौहान ने 13 पर 3, विनय शर्मा ने 139पर 2 ब मोहन सैनी ने 22 पर 2 विकेट लिए।

## आरएफसी का मुकाबला गोकुलम केरल फुटबॉल क्लब से आज

जयपुर, 6 अप्रैल। राजस्थान यूनाइटेड फुटबॉल क्लब आई-लीग (आईएफएल 2026 सत्र) के चरण 1 के अपने पाँचवें और अंतिम घरेलू मुकाबले में 7 अप्रैल 2026 को अपराह्न 4:00 बजे विद्यानगर स्टेडियम, जयपुर में गोकुलम केरल फुटबॉल क्लब का सामना करेगा। यह महत्वपूर्ण मुकाबला क्लब के प्रथम चरण के घरेलू अभियान का समापन है, जिसमें राजस्थान यूनाइटेड फुटबॉल क्लब अपने उत्साही समर्थकों के सामने सशक्त प्रदर्शन के साथ अंत करने के लिए संकल्पित है। यह मुकाबला सोनीलिव, सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क तथा वेव पर प्रत्यक्ष प्रसारित किया जाएगा, जिससे देशभर के दर्शक इसे देख सकेंगे।

राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। अन्य विशिष्ट अतिथियों में कन्हैया लाल चौधरी, मंत्रिमंडल सदस्य, पीएचईडी, राजस्थान सरकार; मदन राठौड़, अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, राजस्थान; रामप्रसाद, वरिष्ठ प्रचारक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ; मंजू शर्मा, संसद सदस्य, जयपुर; डॉ. अरविंद अग्रवाल, अध्यक्ष, आर्य समूह महाविद्यालय; तथा विशेष अतिथि के रूप में जय पटेल सम्मिलित हैं।



राजस्थान यूनाइटेड फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष के. के. टाक ने कहा यह मुकाबला क्लब के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि हम लीग के प्रथम चरण में अपने घरेलू मुकाबलों का समापन कर रहे हैं। हमें इस सत्र में हुई प्रगति और राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने पर गर्व है। हम अपने सभी सम्मानित अतिथियों और समर्थकों को इस विशेष अवसर का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करते हैं। आपकी उपस्थिति खिलाड़ियों को प्रेरित करेगी और राज्य में फुटबॉल की भावना को और सुदृढ़ करेगी।

## विशाल ने दक्षिण एशिया में जीता कांस्य पदक

जयपुर, 6 अप्रैल। भूटान में आयोजित हुई साउथ एशिया में बॉडीबिल्डिंग एंड मैन फिजिक्स चैंपियनशिप में राजस्थान के विशाल सिंह रावत ने 75 किलोग्राम भार वर्ग में ब्रोंज मेडल जीता राजस्थान बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन यादव ने बताया कि अजमेर के विशाल सिंह पूर्व में भी राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत चुके हैं।

## सीएसके के खिलाफ आरसीबी के कप्तान रजत ने तोड़ा सचिन का रिकॉर्ड



नई दिल्ली, 6 अप्रैल। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने आईपीएल में एक खास उपलब्धि हासिल की है। दरअसल, बीते रविवार को आरसीबी ने चेन्नई सुपर किंग्स को 43 रन से मात दी। इस तरह आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने सीएसके के खिलाफ अपना अपराजित रिकॉर्ड बरकरार रखा।रजत की अगुवाई में आरसीबी ने लगातार अपनी तीसरी बार सीएसके को मात दी। आईपीएल 2025 में रजत पाटीदार की कप्तानी में आरसीबी ने दो बार और मौजूदा आईपीएल में एक बार सीएसके को पटखनी दी। पटखनी आईपीएल में चौथे कप्तान बने, जिन्होंने अपनी कप्तानी के शुरुआती दौर में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ लगातार तीन जीत हासिल की। बता दें कि, शेन वॉर्न ने 2008 में राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी की और चेन्नई सुपर किंग्स पर लगातार तीन जीत दर्ज की। 2009 में आरसीबी के कप्तान रहते हुए अनिल कुंबले ने भी ये कमाल दोहराया। वहीं साल 2014 में किंग्स इलेवन पंजाब के जॉर्ज बैली भी इस क्लब का हिस्सा बने। रजत पाटीदार ने इसी के साथ सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा। तेंदुलकर की कप्तानी में मुंबई इंडियंस ने 2008-09 में सीएसके को लगातार दो बार मात दी थी। चेन्नई सुपर किंग्स को पाटीदार से पहले आईपीएल लीग में केवल तीन की कप्तान लगातार तीन बार मात दे सकते हैं। इनके नाम हैं- शेन वॉर्न, अनिल कुंबले और जॉर्ज बैली।

## राजस्थान की तनिका, मैना व हैप्पी बीसीसीआई अंडर-19 वीमेन हाई परफॉरमेंस कैंप में चयनित

जयपुर, 6 अप्रैल। बीसीसीआई की राष्ट्रिय अंडर 19 वीमेन क्रिकेट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाली राजस्थान की युवा महिला खिलाडी तनिका शर्मा , मैना सियोल व हैप्पी कुमारी को बीसीसीआई की आल इंडिया वीमेन चयन कमेटी ने बीसीसीआई सेंटर ऑफ़ एक्सीलेन्स (सेंटर) व सूरत में आयोजित होने वाले अंडर 19 वीमेन हाई परफॉरमेंस प्रशिक्षण शिविर हेतु चयनित किया गया है। मैना सियोल बीसीसीआई सेंटर ऑफ़ एक्सीलेन्स, तनिका शर्मा, हैप्पी कुमारी, सूरत स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस में आगामी दिनांक 27 अप्रैल से दिनांक 23 मई तक आयोजित होने वाले अंडर 19 वीमेन हाई परफॉरमेंस कैम्प में भाग लेंगे।

## फ्लड लाइट्स लगाने वाले कर्मचारियों की जान एक रस्सी के भरोसे

### // कर्मचारियों ने सुरक्षा उपकरण तक भी नहीं पहनें //

जयपुर, 6 अप्रैल। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम मैदान पर आईपीएल लीग मैचों में से चार मैच जयपुर में खेले जाएंगे जिसकी तैयारिया पूरे जोर शोर से जारी है जिसमें दर्शकों के बैठने की कुर्सियां ठीक की जा रही है साथ ही मैदान को मेंटेन किया जा रहा है। 25 अप्रैल को आईपीएल का मुकाबला राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जाएगा। इस बार मैदान पर आईपीएल मैच के दौरान रोशनी पहले के मुकाबले ज्यादा रहेगी। क्योंकिचारों पोलों से फ्लड लाइटें बदलने का काम लगभग जारी है। इन पर नई एलईडी फ्लड लाइटें लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि मुख्य मैदान में नई फ्लड लाइट इंस्टॉलेशन का काम जल्द ही पूरा हो जाएगा। कुछ दिनों तक इनकी टेस्टिंग होगी। पुरानी फ्लड लाइट की जगह इस बार एलईडी लाइटें लगाई जा रही है जिससे बिजली का खर्च भी कम होने के साथ साथ क्वालिटी भी बेहतर होगी। तकनीकी रूप से ये लाइटें अधिक किफायती हैं, क्योंकि यदि किसी कारण मैच के दौरान लाइटों में कोई खराबी आती है तो फॉल्ट को जल्द ही ठीक किया जा सकता है। सवाई मानसिंह स्टेडियम में चार पोल लगे हैं। हर पोल पर 90 फ्लड लाइटें लगाई गई थीं, लेकिन अब 90 की जगह 72 एलईडी फ्लड लाइटें लगाई जा रही हैं। यानी अब चारों पोलों पर कुल 360 लाइटों की







जगह 288 लाइटें ही शानदार और दूधिया रोशनी बिखेरेंगी। आईपीएल से पहले सवाई मानसिंह स्टेडियम में मुख्य मैदान में फ्लड लाइट बदलने का काम अब पीडब्ल्यूडी इलेक्ट्रिक विंग कर रही है। 20 साल पहले भी सवाई मानसिंह स्टेडियम में फ्लड लाइट लगाने का काम पीडब्ल्यूडी ने ही किया था। पीडब्ल्यूडी द्वारा सवाई मानसिंह स्टेडियम मैदान पर आईपीएल मैचों के लिए फ्लड लाइटें लगाई जा रही है उसमें कर्मचारियों की जान के साथ खिलवाड़ को खुले आम देखा जा सकता है। कर्मचारियों की जान एक रस्सी के भरोसे पर लटकाकर जोखिम के साथ फ्लड लाइट लगाई जा रही है। अभी तक तो कोई अनहोनी नहीं हुई है लेकिन जिस तरह से कर्मचारियों का पोल पर चढ़ना ओर उतरना जारी है उससे तो लगता है कि स्टेडियम में कोई अनहोनी की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता, जिस तरह से कर्मचारियों की सुरक्षा मानकों की अनदेखी जा रही है। पोल पर काम करने वाले कम से कम 4- 5 मज़दूरों ने सुरक्षा उपकरण तक भी नहीं पहन रखे थे। कर्मचारियों में से किसी ने भी अपने सिर पर सेफ्टी हेलमेट नहीं लगा रखी थी, न ही कोई बेल्ट लगा रखी थी जोकि किसी दुर्घटना होने पर सुरक्षा कवच के रूप में काम आ सके। ऐसे में अगर किसी भी तरह का हादसा या दुर्घटना होती है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा? पोल पर लगी हुई लिफ्ट भी खराब पड़ी हुई है। उस ओर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। उसे ठीक करने के बाद ही पूरा काम सुचारू रूप से चालू किया जाना चाहिए था। अगर लिफ्ट ठीक है तो इसका इस्तेमाल क्यों नहीं किया जा रहा है।

# कार्यकर्ता पार्टी को अधिक सशक्त व अजेय बनाने का लक्ष्य तय करें- भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने भाजपा के प्रदेश मुख्यालय पर पार्टी के स्थापना दिवस समारोह में भाग लिया

जयपुर, 6 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को प्रदेश मुख्यालय में उत्साह और उल्लास के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ एवं पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे सहित, अनेक वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा राष्ट्रहित, विकास और सेवा की भावना के साथ कार्य करने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण और सेवा के कारण ही पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र और राज्य, दोनों स्तरों पर भाजपा की सरकार होने से कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी और बढ़ गई है। उन्होंने सभी से जनता के बीच रहकर कार्य करने तथा पार्टी को और अधिक सशक्त एवं अजेय बनाने का लक्ष्य तय करने का आ ान किया। उन्होंने जनसंघ से प्रारंभ हुए संगठन के सफर को याद करते हुए कहा कि हमारी नीति में राष्ट्र सर्वोपरि है, उसके बाद पार्टी का स्थान है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि पार्टी ने सदैव राष्ट्रिहत को सर्वोपरि रखा है और संगठन की मजबूती ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी चुनावों के लिए पूरी ऊर्जा के साथ जुटने का आग्रह किया।

इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा का 46 वर्षों का सफर संघर्ष, निष्ठा और विचारधारा के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राजनीतिक नियुक्तियाँ और महत्वपूर्ण दायित्व केवल उन्हीं कार्यकर्ताओं को मिलने चाहिए, जो पार्टी की मूल विचारधारा के प्रति वफ़ादार हैं।

कार्यक्रम के दौरान, भारत माता की जय एवं भाजपा जिंदाबाद के नारों से वातावरण गुंजायमान रहा। इस अवसर पर अनेक मंत्री, सांसद, विधायक एवं पार्टी पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस दौरान सरकार के मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, गौतम दक, जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा, भाजपा महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, भूपेन्द्र सैनी, मिथिलेश गौतम, प्रदेश मंत्री अपूर्वा सिंह, एकता अग्रवाल, विधायक बाल मुकुंदाचार्य, गोपाल शर्मा, कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, मीडिया प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ, आईटी प्रभारी अविनाश जोशी, सोशल मीडिया प्रभारी हिरेन्द्र कौशिक, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़, युवा मोर्चा अध्यक्ष शंकर गोरा, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष महेन्द्र कुमावत, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष हमीद खान मेवाती सहित, पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को भाजपा के स्थापना दिवस पर प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे व वरिष्ठ नेता मौजूद थे।*

- **भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि पार्टी ने सदैव राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा है तथा संगठन की मजबूती ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है।**
- **पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि राजनीतिक नियुक्तियां और महत्वपूर्ण दायित्व केवल उन कार्यकर्ताओं को मिलने चाहिए जो पार्टी की मूल विचारधारा के प्रति वफादार हैं।**

# भजनलाल ने कोयम्बटूर उत्तर के एनडीए प्रत्याशी को जिताने की अपील की

तमिलनाडु/जयपुर, 6 अप्रेल। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री के अनुसार, देश में किसान, युवा, महिला, मजदूर चार जातियां है। उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रधानमंत्री प्राथमिकता से कार्य कर रहे है। शर्मा सोमवार को तमिलनाडु के कोयम्बटूर में एक कार्यक्रम के दौरान प्रवासी राजस्थानियों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने 47वें भाजपा स्थापना दिवस की सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने कहा कि राजस्थान में हमारी सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। शर्मा ने कहा कि तमिलनाडु की वर्तमान सरकार भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। उन्होंने सभी से आ ान किया कि कोयंबटूर उत्तर से एनडीए के प्रत्याशी वनाथी श्रीनिवासन को ज्यादा से ज्यादा मत देकर विजयी बनाएं।

- **उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों को संबोधित किया व पेरूर पट्टेश्वर मंदिर के दर्शन किए।**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रवासी राजस्थानियों से संवाद भी किया। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने कोयम्बटूर स्थित पेरूर पट्टेश्वर शिव मंदिर में दर्शन किए। मुख्यमंत्री के कोयम्बटूर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आमजन ने फूल मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में प्रवासी राजस्थानी मौजूद रहे।

# प.एशिया के तनाव के बीच बागेवाला फील्ड ने 70 प्रतिशत उत्पादन बढ़ाया

## यहाँ से कच्चा तेल टैंकरों से मेहसाणा फिर पाइप लाइन से कोयली रिफायनरी पहुँचता है

जैसलमेर, 6 अप्रेल (नि.सं.)। जैसलमेर थार रेगिस्तान स्थित बागेवाला फील्ड से ऑयल इंडिया की रिकॉर्ड तेल उत्पादन बढ़ोतरी ने राष्ट्र को बड़ा संकेत दिया है। नई तकनीक और बढ़ती क्षमता देश की ऊर्जा सुरक्षा को नई दिशा देती नज़र आ रही है। अब भारत की इंपोर्ट पर निर्भरता घटेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जैसलमेर के बागेवाला फील्ड से निकला कच्चा तेल टैंकरों के जरिए गुजरात के मेहसाणा स्थित ओएनजीसी की फैसिलिटीज़ तक पहुंचाया जाता है। वहां से इसे पाइपलाइन के जरिए आईओसीएल की कोयली रिफाइनरी भेजा जाता है। यह पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और तेल बाजार में अनिश्चितता के बीच भारत के लिए राहत भरी सूचना है।

अधिकारियों के मुताबिक, जोधपुर सैंडस्टोन फॉर्मेशन से कंपनी ने 1,202 बैरल प्रति दिन का रिकॉर्ड उत्पादन हासिल किया है। यह पिछले साल के 705 बैरल प्रति दिन के मुकाबले करीब 70 प्रतिशत ज्यादा है। वित्त वर्ष 2025-26 में ऑयल इंडिया के राजस्थान फील्ड से 43,773 मीट्रिक टन कच्चे तेल का उत्पादन हुआ। पिछले साल यह आंकड़ा 32,787 मीट्रिक टन था। इसका मतलब है कि सालाना स्तर पर भी कंपनी ने मजबूत ग्रोथ दिखाई है।

ऑयल इंडिया की इस सफलता के पीछे एडवांस्ड तकनीकों का बड़ा हाथ है। इसमें साइक्लिक स्टीम स्टिमुलेशन शामिल है, जो एक थर्मल एन्हैंस्ड ऑयल रिकवरी तकनीक है। यह तकनीक खास तौर पर ऐसे तेल को निकालने में मदद करती है, जो बहुत ज्यादा चिपचिपा होता है और सामान्य तरीकों से आसानी से बाहर नहीं आता।

- **बागेवाला फील्ड राजस्थान बेसिन के बीकानेर-नागौर इलाके में स्थित है। यह देश की कुछ गिनी-चुनी हैवी ऑयल फील्डस में से एक है। इस साल 19 कुओं में सीएसएस ऑपरेशन पूरे किए गये।**

बागेवाला फील्ड राजस्थान बेसिन के बीकानेर-नागौर इलाके में स्थित है और यह भारत के कुछ गिने-चुने हैवी ऑयल फील्ड्स में से एक है। इस साल कंपनी ने 19 कुओं में सीएसएस ऑपरेशन पूरे किए, जो पिछले साल से करीब 72 प्रतिशत ज्यादा हैं। साथ ही, 13 नए कुएं भी खोदे गए, जबकि पिछले साल यह संख्या 9 थी।

ऑयल इंडिया साल 2017 से इस फील्ड से तेल निकाल रही है। यह फील्ड 1991 में खोजा गया था और करीब 200.26 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। यहां कुल 52 कुएं हैं, जिनमें से 33 अभी काम कर रहे हैं।

2018 में पहली बार सीएसएस तकनीक को ट्रायल के तौर पर इस्तेमाल किया गया था। अब यही तकनीक बड़े स्तर पर उत्पादन का आधार बन गई है। इससे भारत में थर्मल एन्हैंस्ड ऑयल रिकवरी के नए मानक बने हैं।

# नए वोटर्स के ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

मतदाताओं को मतदान, और अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करना चाहिए।"

एक अन्य छात्र तन्मय सिल कहते हैं, "यहाँ के युवा "गोल्डन असम" चाहते हैं।"

वहीं, होजाई में पहली बार मतदान करने वाले हाजी ज़मान ने कहा, "एक नए मतदाता के रूप में, मैं चाहता हूँ कि जो भी सीट पर आए, वह विकास और शिक्षा के लिए काम करे। पिछले नेताओं से जो भी गलतियाँ हुईं, उन्हें दोहराया न जाए।'

पहली बार वोट डालने वाले एक अन्य छात्र नीलोत्पल दास ने कहा, "जो भी सत्ता में आए, उसे कौशल विकास और रोजगार के अवसरों पर भी ध्यान देना चाहिए, ताकि असम के युवा को कहीं और न जाना पड़े।"

असम के इस चुनाव में विभिन्न पार्टियों के कई ऐसे उम्मीदवार भी हैं, जो 20 और 30 के दशक की उम्र में हैं। इनमें पहली बार चुनाव लड रहे कुंकी चौधरी भी शामिल हैं, जो असम जातीय परिषद से सेंट्रल गुवाहाटी सीट पर भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय कुमार गुप्ता के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं।

# तमिलनाडु के नौ पुलिस कर्मियों को मौत की सजा

- **मदुरै के कोर्ट ने हिरासत में बाप बेटे की मौत के मामले में पुलिस इंस्पैक्टर सहित 9 को फांसी की सजा दी**

चेन्नई, 06 अप्रैल। तमिलनाडु में पिता बेटे की हिरासत में हुई मौत मामले में मदुराई की एक अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने इस मामले में दोषी पाए गए नौ पुलिसकर्मियों को फांसी की सजा सुनाई है। इन दोषियों में पुलिस इंस्पेक्टर श्रीधर भी शामिल हैं, जिन पर 15 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। अदालत ने कहा कि जिन 10 पुलिसकर्मियों पर आरोप तय हुए थे, उनमें से जीवित बचे सभी नौ को हाल ही में दोषी ठहराया गया था। फैसले में अदालत ने कहा कि पिता और बेटे को बदले की भावना से नंगा कर बेरहमी से पीटा गया, और मामले को पढ़ ते हुए ही दिल दहल उठता है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिकयह मामला तमिलनाडु के थूथुकुडी जिले के सथानकुलम का है, जहां 2020 में पिता पी. जेयराज और उनके बेटे बेनिक्स की पुलिस हिरासत में हुई यातना के बाद मौत हो गई थी। 19 जून 2020 को पुलिस ने जेयराज को उनके बेटे की मोबाइल दुकान से यह कहते हुए थाने ले जाया गया कि दुकान कोविड 19 कर्फ्यू के बाद खुली थी। जब बेनिक्स थाने पहुंचा और अपने पिता की रिहाई की बात कही, तो पुलिस ने जेयराज को उसके सामने गालियां दीं, जिससे विवाद हुआ। इसके बाद पुलिस ने पिता पुत्र दोनों को थाने में पूरी रात बेरहमी से पीटा और यातना दी। अगले दिन उन्हें बिना मेडिकल ट्रीटमेंट के न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# 'राहुल गांधी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

परिवार का कोई सदस्य विदेश में व्यवसाय करता है? क्या आपने अपनी और अपने परिवार की संपत्ति का खुलासा चुनावी हलफनामे में किया है?" गोगोई ने निष्कर्ष रुप में कहा, "अगर सरमा के पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है, तो उन्हें जांच का स्वागत करना चाहिए।"

सरमा ने पाकिस्तान का कोण जोड़ा, और कहा कि खेड़ा और गोगोई द्वारा लगाए गए आरोप पाकिस्तान के सोशल मीडिया समूहों से लिए गए हैं। उन्होंने कहा, "असम चुनावों में पाकिस्तान की बढ़ती रुचि देखने को मिली है, जिसने कांग्रेस को जिताने के लिए कम से कम 11 टॉक शो प्रसारित किए। यह अभूतपूर्व है। सरमा ने कानूनी परिणामों की चेतावनी देते हुए कहा कि उनकी पत्नी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। सरमा ने कहा, "नकली दस्तावेज़ों के साथ मुद्दे उठाना आईपीसी की धारा 420 और 468 के अंतर्गत आता है। चुनाव परिणामों को प्रभावित करने के लिए ऐसे आरोप लगाने पर सख्त सजा होती है, जिसमें आजीवन कारावास भी शामिल है।"

असम में 126 निर्वाचन क्षेत्रों में 9 अप्रैल को एक चरण में विधानसभा चुनाव होंगे। मतों की गिनती 4 मई को होगी।

# छत्तीसगढ़ के पूर्व मु.मंत्री अजीत जोगी के पुत्र अमित जोगी को उम्र कैद

## छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने जोगी को यह सजा बहुचर्चित रामावतार जग्गी हत्याकांड के मामले में सुनाई है

बिलासपुर, 06 अप्रैल। छत्तीसगढ़ के चर्चित रामावतार जग्गी हत्याकांड में आखिरकार लंबी कानूनी लड़ाई के बाद उच्च न्यायालय ने आज सोमवार को अहम फैसला सुनाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी को उम्रकैद की सजा दी। साथ ही 1,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। "अदालत ने अपने फैसले में स्पष्ट किया कि समान अपराध में शामिल आरोपितों के साथ अलग-अलग व्यवहार न्यायसंगत नहीं है।"

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस अरविन्द वर्मा की स्पेशल डिवीजन बेंच ने बहुचर्चित रामावतार जग्गी हत्याकांड में अहम फैसला सुनाते हुए अमित जोगी को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 और 120-बी के तहत दोषी करार दिया।

- **यह मामला 4 जून 2003 का है, जब रायपुर में एनसीपी नेता रामावतार जग्गी की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी।**

अदालत ने उन्हें उम्रकैद और 1000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा नहीं करने पर 6 महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। यह मामला गत 4 जून 2003 का है, जब रायपुर में एनसीपी नेता रामावतार जग्गी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड में कुल 31 लोगों को आरोपित बनाया गया था, जिनमें से बल्टू पाठक और सुरेंद्र सिंह बाद में सरकारी गवाह बन गए थे। निचली अदालत ने 28 आरोपितों को दोषी ठहराया था, जबकि 31 मई 2007 को रायपुर की विशेष अदालत ने संदेह का लाभ देते हुए अमित जोगी को बरी कर दिया था। अमित जोगी को बरी किए जाने के खिलाफ रामावतार जग्गी के बेटे सतीश जग्गी ने उच्चतम न्यायालय में अपील दायर की थी। इस दौरान अमित जोगी को राहत मिलते हुए स्टे मिला था, लेकिन बाद में उच्चतम न्यायालय ने मामले को दोबारा सुनवाई के लिए उच्च न्यायालय भेज दिया। रामावतार जग्गी, कारोबारी पृष्ठभूमि से जुड़े हुए थे और पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल के करीबी माने जाते थे। जब विद्याचरण शुक्ल ने कांग्रेस छोड़कर एनसीपी का दामन थामा, तो जग्गी भी उनके साथ शामिल हुए और उन्हें छत्तीसगढ़ में पार्टी का कोषाध्यक्ष बनाया गया था।

# असम की राजनीति ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

2015 में भाजपा में शामिल होने के बाद, सरमा न केवल असम में, बल्कि पूरे उत्तर-पूर्व में पार्टी का चेहरा बन गए। वे पार्टी के प्रमुख रणनीतिकार, गठबंधन निर्माता, विपक्षी दलों के विघटनकर्ता और केन्द्र के भरोसेमंद नेता बन गए। लेकिन भाजपा में भी, 2016 में पार्टी की पहली जीत का श्रेय मिलने और सभी प्रशंसाओं के बावजूद, वे आवश्यक तो रहे, लेकिन नंबर 2 ही रहे।

यह श्रंखला 2021 में टूट गई, जब भाजपा ने सर्वानंद सोनोवाल के हटने के बाद, सरमा को नेतृत्व सौंपा। आखिर सरमा को वह मिल गया, जिसका पात्र वे स्वयं को मानते थे। जिसके लिए उन्होंने अथक परिश्रम किया था।

यह पहला चुनाव है, जिसमें हिमंता पार्टी का चेहरा है सबसे आगे हैं और केन्द्र बिन्दु हैं, न कि पीछे रहकर योजना बनाने और नियंत्रण करने वाले। यह उनका चुनाव है। और उन्होंने इसे इस तरह बनाने के लिए पूरी सजगता के साथ मेहनत की है। उनके पांच साल का कार्यकाल पूरी तरह उनके स्वयं के चेहरे और नेतृत्व का रहा। उन्होंने अपने अनुभव और राजनैतिक जीवन के मोड़ों से यह सीखा और सुनिश्चित किया कि उनके शासन में कोई नंबर 2 न हो। यह एकल नेतृत्व का शासन है, "वन -मैन शो" है। प्रेस कॉन्फ्रेंस से लेकर उद्घाटन समारोहों तक, अपने प्रतिद्वंद्वियों पर चौंकाने वाले आरोप लगाने तक, केवल मुख्यमंत्री ही दिखाई देते हैं। यहां तक कि बोर्ड परीक्षा की तारीखें भी वे खुद घोषित करते हैं। ग़ौरव गोगोई के कथित पाकिस्तानी संबंधों पर एसआईटी की रिपोर्ट पर प्रेस को संबोधित करने का कार्य स्वयं सरमा ने किया था, किसी शीर्ष पुलिस अधिकारी ने नहीं।

# लगातार ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अभियान में करीब 12 किलो हेरोइन जब्त की थी। इसकी अनुमानित कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 60 करोड़ रुपए आंकी गई थी। पुलिस ने चार तस्करों को भी गिरफ्तार किया था। लगातार दो दिनों में मिली इन बड़ी खेपों से सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। बीएसएफ और पुलिस के अधिकारी पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और सीमा पर ड्रोन रोधी सतर्कता बढ़ा दी गई है। जांच में पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि तस्करों का पूरा नेटवर्क कौन चला रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दोनों घटनाओं में ड्रोन के इस्तेमाल की पुष्टि होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इलाके के किसानों को भी सतर्क रहने की अपील की गई है कि कोई संदिग्ध पैकेट या ऑब्जेक्ट मिले तो तुरंत पुलिस या बीएसएफ को सूचित करें।

# शरद पवार सहित 19 ने राज्यसभा की शपथ ली

नई दिल्ली, 06 अप्रैल। राज्य सभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को सदन के 19 नवनिर्वाचित सदस्यों को संसद भवन में शपथ दिलाई। राष्ट्रवादी कांग्रेस के नेता शरद पवार, केन्द्रीय मंत्री रामदास अठावले, भाजपा के रामराव वडकुटे, माया इवनाते, और ज्योति वाघमारे सहित, अन्य नवनिर्वाचित सांसदों ने शपथ ली।

आज शपथ लेने वालों में महाराष्ट्र से रामदास बंदू अठावले, माया चिंतामन इवनाते, शरदचंद्र पवार, रामराव सखाराम वडकुटे, डॉ. ज्योति नागनाथ वाघमारे भी हैं। तमिलनाडु से क्रिस्टोफर मणिक्कम, डॉ. अंबुमणि रामदास, कॉन्स्टेंडाइन रविंद्रन, एल.

- **इनमें महाराष्ट्र के 5, तमिलनाडु के 6, प.बंगाल के 5 तथा ओडिशा के 3 नवनिर्वाचित सांसद हैं।**

के. सुधीश, डॉ. एम. थंबीदुरई तथा तिरुची शिवा ने शपथ ग्रहण की। पश्चिम बंगाल से बाबुल सुप्रियो बराल, डॉ. मेनका गुरुस्वामी, राजीव कुमार, रुक्मिणी मल्लिक, बिस्वजीत सिन्हा ने शपथ ली। ओडिशा से राज्य सभा के सदस्यों के तौर पर संतृप्त मिश्रा, दिलीप कुमार रे, मनमोहन सामल ने शपथ ली ।

# मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग खारिज

नई दिल्ली, 06 अप्रैल। राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव को खारिज कर दिया। ज्ञानेश कुमार को पूरे देश में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में उनके आचरण को लेकर विपक्ष की तीखी आलोचना का सामना करना पड़ रहा था।

# 'क्या चुनाव से पहले ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

निशाना बनाने की बात करता है, तो हम भारतीय नागरिक इसे सहन नहीं करेंगे। आप चुप बैठे हैं। क्या आपको शर्म नहीं आती? आपको इस्तीफा दे देना चाहिए।" भाजपा के प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने एक्स पर अपनी एक पोस्ट में कड़ा जवाब दिया और कहा "पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बर्बर पहलगाम आतंकवादी हमले को एक स्क्रिप्ट, ब्लूप्रिंट कहा ! तृणमूल वोट बैंक के तुष्टिकरण के लिए यह तक कह दिया कि पहलगाम की घटना, जिसमें निर्दोष हिंदुओं को पाकिस्तानी आतंकवादियों ने मारा, एक स्क्रिप्ट है। हिन्दू-विरोधी तृणमूल पोस्ट में कहा।

पिछले साल 22 अप्रैल को, जम्मू और कश्मीर के पहलगाम के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बैसारण घाटी में आतंकवादियों ने 25 पर्यटकों और एक कश्मीरी पोनी राइड ऑपरेटर को मार डाला था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने पुरुषों के पास पहुंचकर, उनके नाम और धर्म पूछे थे और उनके परिवारों के सामने उन्हें बेरहमी से गोली मार दी।

# पायलट्स का "रैस्क्यु ऑपरेशन" ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )?

अमेरिका का मूल सिद्धांत यह है कि जब आप अमेरिकी सेना के लिए किसी मिशन पर होते हैं, तो आपको पीछे नहीं छोड़ा जाएगा। पूरी सेना की ताकत उन लोगों को बचाने में लगाई जाती है, जो दुश्मन के क्षेत्र में फंस गए हों।

इस मामले में अमेरिकी पायलटों को संकेत उपकरण से लैस किया गया था, जो लगातार उनकी गुप्त स्थिति अमेरिकी सेना को भेजता था। जब ये संकेत मिलते, तो उनकी सटीक स्थिति सेना के बचाव और पुनर्प्राप्ति मिशनों के लिए स्पष्ट हो जाती। युद्धकालीन बचाव टीमें अत्यधिक प्रशिक्षित इकाइयाँ होती हैं, जो ऐसे मिशनों में व्यक्तिगत जोखिम उठाती हैं।

इस मामले में, गिराए गए विमान का पायलट जल्दी ही बचा लिया गया, जबकि बचाव मिशन को ईरानी बलों से भारी गोलाबारी और हमलों का सामना करना पड़ा। लेकिन विमान में सवार दूसरे अधिकारी, जो अमेरिकी सेना के वरिष्ठ कर्नल और उन्नत संकेत और नेविगेशन विशेषज्ञ थे, का पता लगाना कठिन था। वे 48 घंटे से अधिक समय तक लुप्त थे, ईरानी सेना व स्थानीय लोग भी उन्हें खोज रहे थे।

उस अधिकारी ने 7,000 फीट की पर्वत चोटी पर चढ़ाई की थी, जहां वे अपनी जान बचाने के लिए पहुँचे थे। उनके पास केवल एक पिस्टल, कुछ संकेत उपकरण और एक ट्रैकिंग बीकन था, जो अमेरिकी सेना को उनकी सटीक स्थिति बताता था। स्थानीय लोग और आईआरजीसी के लोग भी उनका पीछा कर रहे थे। एक और समस्या यह थी कि दूसरे अधिकारी ने रेडियो संपर्क पर बाइंग आउट करते समय एक रहस्यमय संदेश भेजा था। उनका तीन शब्दों का संदेश था: "गॉड इज़ गुड (ईश्वर अच्छे हैं)। इससे सैन्य मुख्यालय को लगा कि यह संदेश इस्लामी संदेशों के समान हो सकता है और ईरानी बल इसे अमेरिकी बचावकर्ताओं को फंसाने के लिए भेज रहे हैं।

हालाँकि, कुछ लोगों ने, जो अधिकारी को जानते थे, पुष्टि की कि वे एक बेहद धार्मिक व्यक्ति थे और ऐसा संदेश उसके होने की पुष्टि करता था। इस आधार पर सेना ने तुरंत बचाव मिशन शुरू करने का निर्णय लिया और अपनी युद्धकालीन बचाव टीमों को भेजा। जैसे-जैसे घंटे बीतते गए, अमेरिकी टीमों ने दिन के उजाले में भी जोखिम उठाते हुए बचाव मिशनों को अंजाम दिया।

जब भी अमेरिकी सेना मिशन संचालित करती है, उसकी युद्धकालीन और बचाव टीमें हमेशा तैयार रहती हैं। ये तभी सक्रिय होती हैं, जब किसी सदस्य के दुश्मन क्षेत्र में पहुंचने या उनके पीछे होने की जानकारी मिलती है।

बचाव टीम ने कम से कम दो हेलीकॉप्टर और कुछ विमानों को किसी दूरस्थ ईरानी हवाई अड्डे पर तैयार रखा, ताकि सैनिकों को वापस लाया जा सके। इनमें से दो को ईरानी सेना ने नुकसान पहुँचाया, जिन्हें बाद में जमीन पर नष्ट कर दिया गया ताकि दुश्मन को यह न पता चले कि कौन सा उपकरण और सुविधा मौजूद थी।

# रक्षा ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

रक्षा निर्यात मुख्य रूप से कुछ प्रमुख खरीदारों में केन्द्रित थे। म्यांमार सबसे बड़ा खरीददार बनकर उभरा, जिसने भारत के कुल रक्षा निर्यात का 28 प्रतिशत हिस्सा लिया।

इसके बाद फ़िलीपींस (19 प्रतिशत) और आर्मेनिया (15 प्रतिशत) थे, ये तीनों ही मिलकर भारत के कुल निर्यात का 60 प्रतिशत से अधिक हिस्सा लेते हैं।

आस-पास और क्षेत्रीय देशों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्रीलंका ने कुल निर्यात का 13 प्रतिशत हिस्सा खरीदा। जबकि भारतीय महासागर क्षेत्र के द्वीपीय देशों जैसे मॉरिशस (8.3 प्रतिशत) और सेशेल्स (6 प्रतिशत) महत्वपूर्ण खरीदार थे। वियतनाम ने 5.5 प्रतिशत का योगदान दिया, जो दक्षिण-पूर्व एशिया में भारत के बढ़ते रक्षा संबंधों को दर्शाता है। अन्य देश जैसे अफ़ग़ानिस्तान, बांग्लादेश, मोरक्को और मालदीव ने मिलकर लगभग 5 प्रतिशत निर्यात लिया।

# राजस्थान में तेज ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

आंधी, ओलावृष्टि और मध्यम से तेज बारिश की संभावना है। उन्होंने बताया कि बीकानेर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र में 20 से 50 मिमी तक वर्षा दर्ज होने की संभावना है। वहीं 8 अप्रैल को बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के उत्तरी भागों में कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। 9 अप्रैल से अगले 3-4 दिनों तक अधिकांश क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहने और तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने किसानों के लिए अलर्ट जारी करते हुए सलाह दी है कि खुले में रखी फसलों और अनाज को सुरक्षित स्थान पर रखें या ढ ककर रखें, ताकि बारिश से होने वाले नुकसान से बचा जा सके।

# 'पुडुचेरी का पूर्ण ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

स्थानीय निकाय चुनाव आयोजित नहीं होने दिए जाते। जीवंत उद्योग और वस्त्र क्षेत्र गंभीर गिरावट में हैं और सैकड़ों कारखाने बंद हो चुके हैं। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा पुडुचेरी को अडानी को देना चाहती है। रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण करईकल पोर्ट पहले ही उन्हें बेच दिया गया है और उन्होंने अडानी इलैक्ट्रिसिटी पुडुचेरी लिमिटेड का गठन किया है, जो दर्शाता है कि आपकी बिजली भी उन्हें दी जाएगी। राहुल ने कहा, आज पुडुचेरी नकली दवाओं के मामले में आगे है। यहाँ भारी पैमाने पर नकली दवाओं का निर्माण होता है और राज्य कोई कार्रवाई नहीं करता। नकली दवाएं पूरे देश में फैलती हैं। यह केवल भ्रष्टाचार नहीं है, बल्कि इसमें हत्या भी शामिल है। राहुल ने कहा, वे लोगों से चोरी करते हैं, लेकिन पुडुचेरी में देवताओं से भी चोरी करते हैं। उन्होंने मंदिर की जमीन हड़प ली और देवताओं से चोरी की।

# मालदा की घटना पर सुप्रीम कोर्ट ने भारी नाराजगी दिखाई

नई दिल्ली, 06 अप्रैल। पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में न्यायिक अधिकारियों के घेराव की घटना को लेकर सुप्रीमकोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव को कड़ी फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल पुलिस को मालदा के मामले से जुड़े दस्तावेजएनआईए को सौंपने का निर्देश दिया और कहा कि स्थानीय पुलिस पर भरोसा नहीं किया जा सकता।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने विशेष अधिकार अनुच्छेद 142 का इस्तेमाल करते हुए मालदा कीघटना से जुड़े सभी मामलों की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंप दी है। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि इस मामले में पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए 26 लोगों से अब एनआईए पूछताछ करेगी। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को कड़ी फटकार लगाई। अदालत ने नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्होंने कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश का फोन नहीं उठाया, जो कि बेहद गंभीर लापरवाही है। कोर्ट ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि वे इस मामले में मुख्य न्यायाधीश से माफी मांगें। इतना ही नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने राज्य की नौकरशाही पर भी तीखी टिप्पणी की।चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमल्या बागची व जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि पश्चिम बंगाल प्रशासन की विश्वसनीयता कमजोर हो रही है और राजनीति सचिवालय और सरकारी दफ्तरों में घुस रही है।

- **कोलकाता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस का कॉल नहीं उठाने पर मुख्य सचिव दुष्यंत नारियाला को फटकार लगाई**

राष्ट्रदूत हिन्दु संयुक्त परिवार की ओर से सोमेश शर्मा द्वारा ज्वाईन्ट मीडिया, आजाद मार्ग, मैन रोड, आयड, उदयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 57928/93 जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513 कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्सः0744-2386033 बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः 2200660, फैक्स 0151-2527371 अजमेर कार्यालयः राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन 226422,226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908